CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 15 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –137 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु






'पीएम मोदी वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं-अपमान': जयराम रमेश — पृष्ठ 3

■ आखिर ये किनके नेता हैं?
■ जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक — पृष्ठ 4

■ रूस के सैन्य अभियान के बाद से यूक्रेन ने खोए पांच लाख सैनिक
■ सूडान में हवाई हमला, 40 लोगों की मौत — पृष्ठ 9

चोट के कारण पृथ्वी शॉ लम्बे समय के लिए क्रिकेट से हुए दूर — पृष्ठ 10


# छत्तीसगढ़ मेरे लिए पावर हाउस की तरह, जंगल-जमीन की रक्षा के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे : मोदी



**रायगढ़**, 14 सितंबर (देशबन्धु)। एक दिवसीय प्रवास पर रायगढ़ पहुंचं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6350 करोड़ की रेल परियोजना को देश को समर्पित की। साथ ही छत्तीसगढ़ के 9 जिलों में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी शिलान्यास किया। इस दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ मेरे लिए पावर हाउस की तरह, प्रदेश के विकास के लिए हमने निरंतर काम किया है। यहां की जंगल-जमीन की रक्षा भी करेंगे और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करेंगे। आज छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए आज अनेक योजनाओं का शुभारंभ हुआ है।

■ **6350 करोड़ की रेल परियोजनाओं को किया देश को समर्पित**

आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेरे लिए पावर हाउस की तरह है। प्रदेश के विकास के लिए हमने निरंतर काम किया है। आने वाले समय में देश में ऐसे प्रोजेक्ट की संख्या बढ़ेगी और इसका लाभ छत्तीसगढ़ जैसे राज्य को जरूर मिलेगा। कोयला खदान को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है, साथ ही ➤➤ *शेष पृष्ठ 2 पर* ➤

## कांग्रेस पर साधा निशाना...कहा- सरकार हवा-हवाई, बातों और दावों में जुटी...सिर्फ अपने नेताओं की तिजोरी भरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक समय था जब छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली हिंसा से हुआ करती थी। भाजपा सरकार के प्रयासों के बाद आज छत्तीसगढ़ की पहचान यहां के विकास कार्यों की वजह से हो रही है। मेरे परिवारजनों, दिल्ली की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। लेकिन यहां जो कांग्रेस की सरकार है वह विकास के काम में नहीं बल्कि सिर्फ हवा-हवाई, बातों और दावों में जुटी रहती हैं।

छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के होने का बहुत बड़ा नुकसान, जब से बीजेपी की अभी सरकार गई। तबसे यहां के लोगों को सबसे बड़ा नुकसान। मेरे छत्तीसगढ़ के भाइयों-बहनों को उठाना पड़ा है। मेरे नौजवानों को उठाना पड़ा है। केंद्र की भाजपा सरकार बीते 9 वर्षों में देश भर के गरीब परिवारों को करीब करीब 4 करोड़ घर दे चुकी है। हम चाहते थे कि छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को भी पीएम आवास योजना का अधिक से अधिक लाभ मिले लेकिन कांग्रेस की सरकार यहां छत्तीसगढ़ के गरीबों के पक्के घर नहीं बनने दे रही है। महिला कल्याण हो, पीएम सम्मान निधि योजना हो, हर घर जल योजना हो, गरीब कल्याण से लेकर युवा कौशल तक और रोजगार की हर योजना में कांग्रेस ने यहां की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बहुत पीछे पहुंचा दिया है। कांग्रेस जिस तरह घोटाले की राजनीति करती है। उसमें सिर्फ उसके नेताओं तिजोरी भरती है। गरीब कल्याण में भले पीछे हो लेकिन भ्रष्टाचार में छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। आप कल्पना कीजिए मैं तो सोच भी नहीं सकता हूं। देशवासी भी सोच नहीं सकते गरीब से गरीब इंसान भी नहीं सोच सकता। आप कल्पना कीजिए अगर कोई गाय के गोबर में भी भ्रष्टाचार करें तो उसकी मानसिकता क्या होगी। छत्तीसगढ़ ➤➤ *शेष पृष्ठ 2 पर* ➤



*खराब मौसम के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायगढ़ जिले के ओ पी जिंदल एयरपोर्ट पहुँचे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने गुलदस्ता भेंटकर प्रधानमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।*

# विशेष सत्र में संसद की 75 वर्षों की यात्रा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (एजेंसियां)। अगले सप्ताह 18 तारीख से शुरू हो रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा में प्राप्त उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी।

■ **लोकसभा सचिवालय ने जारी किया बुलेटिन**
■ **संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा**

लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को यहां जारी एक बुलेटिन में कहा कि संसद के विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी तथा चार विधेयक- एडवोकेट संशोधन विधेयक 2023 और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023, डाकघर विधेयक 2023 तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त, अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्त विधेयक 2023 पारित किया जाना है। पहले दो विधेयक राज्यसभा से पारित एवं लोकसभा में लंबित हैं। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालयों ने हाल में घोषणा की है कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें कहा गया कि सत्र आमतौर पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे और फिर अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

**प्रश्नकाल व गैर-सरकारी कामकाज नहीं होगा**

सचिवालय के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और गैर-सरकारी कामकाज नहीं होगा। सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्विटर पर लिखा, 'इस महीने 18 सितंबर से शुरू होने वाले ससंद सत्र से पहले 17 सितंबर को शाम साढ़े चार बजे सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई गई है।

## सत्र में चौकाने वाले फैसले ले सकती है मोदी सरकार

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

संसद के विशेष सत्र का एजेंडा जारी हो गया है। बावजूद आशंका जताई जा रही है कि सरकार का कुछ छिपा एजेंडा भी है, जो सत्र के दौरान चौकाने वाला हो सकता है। फिलहाल भाजपा ने अपने सभी सांसदों को विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

■ **भाजपा ने अपने सभी सांसदों को जारी किया व्हिप**
■ **सदन में रखे जा सकते हैं कुछ चौकाने वाले विधेयक**

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ही संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ है। लेकिन महीने भर बाद ही सरकार ने 18 सितम्बर से संसद का विशेष सत्र आहूत कर लिया है। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि इस दौरान सरकार की ओर कुछ चौकाने वाले विधेयक सदन में रखे जा सकते हैं, जिन्हें सरकार पारित कराने की कोशिश करेगी। सरकार ने मानसून सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के कानून में बदलाव करने वाला एक अहम विधेयक लोकसभा में पेश कर लोगों को चौका दिया था।

**एजेंडे में चार विधेयक शामिल**- हालांकि विशेष सत्र के एजेंडे में कुल चार विधेयकों को ही शामिल किया गया है। लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने आशंका जताई है कि सरकार का कुछ छिपा एजेंडा है, जिसे वह अभी जाहिर नहीं कर रही है। अन्यथा विशेष सत्र के एजेंडे में जिन चार विधेयकों को पारित कराने की बात की गई है, उन्हें नवम्बर के शीतकालीन सत्र में भी पारित कराया जा सकता था। फिलहाल भाजपा ने विशेष सत्र के दौरान अपने सभी सांसदों को एक लाइन का व्हिप जारी कर सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

## सार संक्षेप

### भारतीय वायुसेना का एयर शो आज से जयपुर में

**बीकानेर।** भारतीय वायुसेना द्वारा 15 से 17 सितम्बर तक जयपुर में एक भव्य और शानदार एयर शो का आयोजन किया जाएगा। एयर शो में विश्वप्रसिद्ध इंडियन एयर फोर्स सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के जलमहल के ऊपर फॉर्मेशन एयरोबेटिक्स का प्रदर्शन करेगी। शाम साढ़े चार बजे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एशिया की एकमात्र टीम हॉक एमके-132 विमान के नौ विमान फॉर्मेशन को उड़ाते हुए सटीक उड़ान और प्रदर्शन का शानदार और दुर्जेय प्रदर्शन करेगी।

### मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद सेशन कोर्ट ने गुरुवार को मानहानि के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत के फैसले को विस्तार से बताने वाला एक व्यापक आदेश सार्वजनिक किए जाने की उम्मीद है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जे.एम. ब्रह्मभट्ट की अदालत ने सुनाया, जिन्होंने केजरीवाल और संजय सिंह की रिवीजन पिटिशन को खारिज कर दिया।

### भूटिया की पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा

**गंगटोक।** फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। श्री भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैं एसडीएफ में शामिल होने जा रहा हूं, लेकिन 19 सितंबर को नहीं, कोई और तारीख हो सकती है।

### अभिनेता रियो कपाड़िया का 66 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई।** शाहरुख खान अभिनीत 'चक दे इंडिया' में कमेंटेटर के रूप में काम करने वाले बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का गुरुवार को 66 साल की उम्र में निधन हो गया। कपाड़िया ने गुरुवार दोपहर 12.3 बजे अंतिम सांस ली। चक दे इंडिया के अलावा कपाड़िया ने हैप्पी न्यू ईयर, दिल चाहता है और मर्दानी में भी काम किया है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन दुर्घटनाग्रस्त, 8 घायल

■ **विमान 2 हिस्सों में टूटा, आग लगी**
■ **विशाखापट्टनम से उड़ान भरी थी**

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार 14 सितंबर को एक चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे पर फिसलकर हादसा हो गया। हादसे के साथ ही प्लेन दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। प्लेन में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे। ये सभी घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। विमान ने विशाखापट्टनम से उड़ान भरी थी।



शुरुआती जानकारी के मुताबिक, प्लेन मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के नाम से रजिस्टर्ड है। प्लेन में जेएम बैक्सी कंपनी के मालिक कोटक और उनके परिवार के लोग सवार थे। जेएम बैक्सी कंपनी लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में काम करती है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के अनुसार वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट मुंबई के रनवे 27 पर फिसल गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। मुंबई में भारी बारिश हो रही है, इसके चलते विजिबिलिटी 700 मीटर रह गई थी। इसी वजह से यह घटना हुई।

**इंडिया गठबंधन का फैसला**

## 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करेगा गठबंधन

**नई दिल्ली**, 14 सितम्बर (एजेंसियां)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 10 चैनल्स के 14 टीवी एंकर्स का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए न्यूज एंकर्स की सूची भी जारी की है। इन एंकर्स के नाम अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमीश देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत, नविका कुमार, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी और सुशांत सिन्हा हैं। सभी अलग-अलग टीवी चैनल में शो होस्ट करते हैं।

**कांग्रेस ने कहा, नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे**

**'नफरत मुक्त भारत' है लक्ष्य**

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर कहा है हर रोज शाम 5 बजे कुछ टीवी चैनल्स पर नफरत का एक बाजार सजाया जाता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि 'हम नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे' हमारा उद्देश्य है 'नफरत मुक्त भारत' जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया

**गठबंधन ने बनाई गई है 5 कमेटियां**-मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक हुई थी।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत 28 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में कोऑर्डिनेशन और कैंपेन समेत 5 कमेटियां बनाई गईं थी।

### सत्र का एजेंडा आने के बाद कांग्रेस ने भी कसी कमर
### सांसदों को सदन में हाजिर रहने के लिए जारी किया व्हिप

संसद का विशेष सत्र 18 सितम्बर से शुरू हो रहा है। लोकसभा सचिवालय द्वारा इसका एजेंडा जारी कर दिए जाने के बाद अब कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। पार्टी ने अपने सभी सांसदों को विशेष सत्र के दौरान संसद में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कर दिया है। इसके अलावा विशेष सत्र में पार्टी की रणनीति क्या होगी और इस दौरान कौन-कौन से मुद्दे उठाए जाएंगे,इस पर भी फैसला लेने के लिए पार्टी विचार कर रही है।

## दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा आज जशपुर से शुरू होगी

**रायपुर,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा के दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा जशपुर से शुरु होगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 15 सितंबर को जशपुर में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।



■ **भाजपा अध्यक्ष नड्डा कल दिखाएंगे हरी झंडी**

राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार जेपी नड्डा 15 सितंबर को पुणे से विशेष विमान में बैठकर रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से से जशपुर पुलिस लाइन हेलीपैड में 11:40 बजे उतरेंगे। इसके बाद कार से पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह जाएंगे। 12:25 बजे से 12:45 बजे तक जेपी नड्डा भगवान बालाजी मंदिर में पूजा पाठ में शामिल होंगे। 1:10 बजे रणजीता स्टेडियम पहुंचेंगे, जहां 3:10 बजे तक वे आमसभा विजय परिवर्तन कार्यक्रम में रहेंगे। इसके बाद वापस हेलिकॉप्टर से रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचकर प्लेन से पुणे रवाना होंगे। विजय परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। दूसरे चरण की यात्रा 14 जिलों की 39 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जिसमें कई आमसभाएं होंगी। इस यात्रा में राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे।

## बड़े हमलों की तैयारी में हैं आतंकी, 30 से 35 आतंकियों के हंदवाड़ा में होने की खबर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। सच में क्या कश्मीर में आने वाले दिन अशांत होने जा रहे हैं? इसके प्रति वे खुफियाधिकारी चौंका रहे हैं जो यह रहस्योदघाटन कर रहे हैं कि एलओसी से सटे कश्मीर के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों के दौरान बीसियों आतंकी घुस चुके हैं जो बड़े हमलों की ताक में हैं। ऐसी सूचनाओं के बाद कश्मीर के एलओसी से सटे दर्जनों इलाकों में सघन तलाशी अभियान छेड़े गए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, 30 से 35 आतंकियों के हंदवाड़ा में ही होने की सूचना मिली है जिनकी तलाश में सेना की आरआर बटालियन और स्थानीय पुलिस ने तलाश आरंभ की है। ये सभी लोलाब के जंगलों में शरण लिए हुए हैं जिनके प्रति यह कहा जा रहा है कि यह दल हाल ही में उस पार से आया है। ऐसे ही कई अन्य दलों के बारामुल्ला, उड़ी, टीटवाल आदि के एलओसी पार से इस ओर के जंगलों में घुस आने की खबरें हैं। खुफियाधिकारी कहते हैं कि उनकी सूचनाएं पुख्ता हैं और उन इलाकों में भी इन आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान छेड़े गए हैं। बताया जाता है कि जिन आतंकियों के दलों की तलाश की जा रही है वे हाल ही के दिनों में कवर फायर के लिए की जाने वाली गोलाबारी का लाभ उठा एलओसी क्रास करने में कामयाब रहे थे। फिलहाल सुरक्षा बंदोबस्त के कारण वे अधिक कुछ नहीं कर पा रहे थे पर अब सीमा पार से उन पर बढ़ते दबाव के चलते सुरक्षाधिकारियों को आशंका है कि वे बड़े और खतरनाक हमलों को अंजाम दे ➤➤ *शेष पृष्ठ 2 पर* ➤

## बिहार में बागमती नदी में नाव पलटी

### 12 से अधिक लापता, नाव पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे बच्चे

**मुजफ्फरपुर**, 14 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद सहायक थाना क्षेत्र में गुरुवार को बागमती नदी में एक नाव पलट गई। इस घटना में एक दर्जन से अधिक बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि बच्चे नाव पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे। इस नाव में करीब 30 से 35 लोग सवार थे, जिनमे महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। बागमती नदी के मधुरपट्टी घाट से नाव कुछ दूर आगे बढ़ी थी कि नाव पानी में समा गई।



बताया जा रहा है कि करीब 20 लोग तैरकर बाहर निकल गए, जबकि 10 से 15 लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंच गई है और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई है। स्थानीय गोताखोर लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। लापता होने वालों में अधिकांश स्कूली बच्चे बताए जा रहे हैं। इस बीच, घटना के बाद गांव में चीख पुकार मच गई। मधुरपट्टी घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए हैं।

**उपलब्धि** — **चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने 'ऐतिहासिक कदम' करार दिया , राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर उपलब्ध होंगे आंकड़े**

## एक क्लिक कर सुप्रीम कोर्ट के आंकड़े होंगे उपलब्ध

**नई दिल्ली, 14 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से संबंधित आंकड़े भी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पर वास्तविक स्थिति में उपलब्ध होने की घोषणा करते हुए इसे एक 'ऐतिहासिक कदम' करार दिया और कहा कि अब न्यायपालिका के तीनों स्तरों के विभिन्न प्रकार के मुकदमों की स्थिति से संबंधित ताजा जानकारी इंटरनेट पर एक बटन दबाते ही कोई कभी भी हासिल कर सकेगा।**

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि एनजेडीजी पर उच्चतम न्यायालय से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के साथ शीर्ष अदालत की कंप्यूटर तकनीक से जुड़ी टीम ने मिलकर काम किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के विभिन्न प्रकार के मुकदमों के आंकड़े एनजेडीजी पर उपलब्ध होने की व्यवस्था विकसित होने के साथ ही ई-कोर्ट परियोजना का प्रमुख प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। एनजेडीजी पर निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों से संबंधित से आंकड़े पहले से ही उपलब्ध हैं। उच्चतम न्यायालय के इस पोर्टल से जुड़ने के बाद आम लोगों के लिए न्याय से संबंधित जानकारी हासिल करना अब आसान हो जाएगा।

**शोध कार्य के लिए संभावनाएं बढ़ी**

एनजेडीजी पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से पारदर्शिता, जवाबदेही, जिम्मेदारी, दक्षता, समन्वय आदि में व्यापक सुधार हुआ है। इसके अलावा संसाधनों और जनशक्ति की बेहतर इस्तेमाल और उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य के लिए विशाल संभावनाएं बढ़ी हैं। एनजेडीजी पोर्टल सूचना, आंकड़े, लंबित मामले और मामलों का निपटान, केस-प्रकार, भारत के शीर्ष अदालत का वर्ष-वार विवरण कोई भी आसानी से हासिल कर सकता है। एनजेडीजी पोर्टल भारत सरकार की पहल पर 2015 में शुरू किया गया था। यह

### मध्याह्न भोजन से मांस, चिकेन हटाने को सही ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लक्षद्वीप प्रशासन के स्कूलों में मध्याह्न भोजन के मेनू से मांस और चिकन को हटाने और डेयरी फार्मों को बंद करने के फैसले को सही ठहराया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम. त्रिवेदी की पीठ मध्याह्न भोजन के मेनू में बदलाव के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई से केरल उच्च न्यायालय के सितंबर 2021 में इनकार के फैसले के खिलाफ एक विशेष अनुमति याचिका पर विचार कर रही थी।

# डीएलटीसी की बैठक में पर्यटन स्थलों में किए जा रहे अधोसंरचना कार्यो की समीक्षा

**पर्यटको की सुविधा के लिए निर्माणाधीन मूलभूत कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश**



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप नव गठित जीपीएम जिले को पर्यटन जिला के रूप में पहचान दिलाने पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रथम चरण में दस पर्यटन स्थलों- राजमेरगढ़, जालेश्वर धाम, दुर्गाधारा, ठाड़पथरा, माई का मंडप, लक्षण धारा, झोझा जल प्रपात, धनपुर, गगनई नेचर कैंप एवं समुदलाई कुंड़ में अधोसंरचना कार्य किए जा रहे है।

कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय पर्यटन समिति (डीएलटीसी) की बैठक में अधोसंरचना निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए। प्रथम चरण में चयनित सभी पर्यटन स्थलों पर मूल भूत सुविधाओं पेयजल, शौचालय, पहुंचमार्ग, पार्किंग, फेसिंग, रैलिंग, बेरियर, सोलर लाइट, कैंटीन आदि के लिए अलग-अलग निर्माण एजेंसियों को कार्य सौंपा गया है। इसके साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों के ठहराने, भोजन, ऑटो, टैक्सी, ई-रिक्शा, होमस्टे आदि की सुविधा के लिए आर्या प्रेरणा समिति जगदलपुर, विलेजवेज ट्रेवल्स अल्मोड़ा उत्तराखंड एवं होमस्टे ऑफ इंडिया उत्तम नगर नई दिल्ली का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में आर्या प्रेरणा समिति जगदलपुर द्वारा प्रस्तुतीकरण के जरिए जिले में पर्यटन विकास के तहत अब तक किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने स्थानीय पर्यटन समितियों का सहयोग लिया जा रहा है। इसके साथ ही साईक्लोथॉन, आरोग्यम, बाईक रैली, कार रैली, देखो हमर जीपीएम, कैंपिग का अयोजन किया गया। बैठक में जिले के पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थानों पर सचित्र पर्यटन स्थलों की जानकारी, पर्यटन स्थल की दूरी एवं संक्षिप्त विवरण के साथ लोकेशन प्रदर्शित करने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया।

**पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित करने प्रदर्शन बोर्ड एवं होर्डिंग्स लगाने के साथ ही सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर**

बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार, परियोजन निदेशक डीआरडीए केपी तेंदुलकर, एसडीएम प्रिया गोयल एवं अमित बेक, सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ सहित राजस्व, परिवहन, सिंचाई, लोक निर्माण, आरईएस, पीएमजीएसवाई, आजीविका मिशन के अधिकारियों और आर्या प्रेरणा समिति जगदलपुर, विलेजवेज ट्रेवल्स अल्मोड़ा उत्तराखंड एवं होमस्टे ऑफ इंडिया उत्तम नगर नई दिल्ली के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कन्या शाला सकोला में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन के साथ हुआ हिंदी पखवाड़ा का समापन

**छात्राओं ने हिंदी दिवस पर गीत कविता एवं हिंदी पर केंद्रित भाषण का किया प्रस्तुतीकरण**



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। 14 सितंबर हिंदी दिवस पर जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला की छात्राओं द्वारा 14 सितंबर को हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन का करके हिंदी पखवाड़ा का समापन किया गया। हिंदी दिवस पर छात्राओं ने हिंदी पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा गीत, कविता, गजल दोहे एवं लेखो का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा हिंदी के पक्ष में ज्वलंत विचार रखे गए । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव ने छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्राओं की प्रतिभा सामने आती है तथा हम हिंदी के प्रचार प्रसार को ऐसे कार्यक्रम से ही बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने छात्रों से ऐसे ही कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय की 40 से ज्यादा छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा इन छात्रों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सुधा प्रजापति, आंचल पेंद्रो एवं अंचल प्रधान ने किया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं में 94% अंक लेकर जिले में तीसरा स्थान बनाने वाली संध्या के व्रत का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में व्याख्याता राखी राय, अंजना खलखो, प्रीति केशरी, खुशबू बघेल पुष्पा रात्रे,रुपेश गुप्ता, गोवर्धन यादव लोकेंद्र जयसवाल अमरनाथ साहू जागेश्वर ओट्टी एवं वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रकांत उइके की भागीदारी रही।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## छत्तीसगढ़ मेरे लिए पावर हाउस ...

खदानों से निकले पानी से खेतों की सिंचाई की व्यवस्था की जा रही है। हम जंगल-जमीन की रक्षा भी करेंगे और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करेंगे।

प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि हर 10 में से 1 व्यक्ति सिकलसेल से ग्रसित है। इनके लिए केंद्र के जरिए जो काम कर रहा है, मैं उसका शुक्रिया अदा करता हूं। राज्य ने उन सभी उत्तरदायित्वों का पालन किया, जो राज्य के क्षेत्र के हैं। संघीय ढांचे को इसी तरह आगे लेकर जाएंगे। मैंने भेदभाव महसूस नहीं किया। बतौर एक साथी, बतौर हक केंद्र की ओर से कभी हाथ तंग नहीं रहे। आने वाले समय में इस संघीय ढांचे की व्यवस्था को आगे बढ़ाते रहेंगे। सभी क्षेत्रों में साझा भागीदारी से विकास करेंगे। मैं प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करता हूं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 6350 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन 50 किमी लंबी है। इसका निर्माण लगभग 516 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। साथ ही चांपा और जामगा रेलखंड के बीच 98 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण करीब 796 करोड़ रु की लागत से किया गया है। तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एसटीपीएस) से जोडने वाली एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) प्रणाली भी शामिल है। 2070 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित एमजीआर प्रणाली, कोयला खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयला परिवहन में सुधार के लिए बनाई गई है।

प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के नौ जिलों में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक' का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत कुल 210 करोड़ रुपये की लागत से दुर्ग, कोंडागांव, राजनांदगांव, गरियाबंद, जशपुर, सूरजपुर, सरगुजा, बस्तर और रायगढ़ जिलों में 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। साथ ही सिकलसेल रोग की जांच की गई आबादी को एक लाख सिकलसेल परामर्श कार्डों का भी वितरण किया। सिकलसेल परामर्श कार्ड का वितरण राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएसएईएम) के तहत किया जा रहा है।

## कांग्रेस पर साधा निशाना..

की बहनों से वादा तो किया था शराब बंदी का लेकिन कांग्रेस ने शराब की बिक्री में ही घोटाला कर दिया।

छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से इतना समृद्ध राज्य रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार ने डिस्टिक मिनिरल फंड योजना बनाई जिसका मकसद था, जिन जिलों से खनिज संपदा निकलती है तो उसका एक हिस्सा इस क्षेत्र में विकास के लिए खर्च किया जाए। हम चाहते थे यहां के आदिवासी भाई बहनों को इसका सबसे ज्यादा लाभ मिले लेकिन यहां की भ्रष्ट सरकार ने इसको भी नहीं छोड़ा। छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को कांग्रेस पार्टी एटीएम की तरह उपयोग कर रही है। झूठा प्रचार और आकंठ भ्रष्टाचार, यही छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की पहचान है।

## बड़े हमलों की तैयारी में हैं आतंकी...

सकते हैं। याद रहे वर्ष 2020 के मई महीने में हंदवाड़ा में एक भीषण मुठभेड़ में भारतीय सेना को एक कर्नल और एक मेजर रैंक के अधिकारी समेत पांच जवानों की शहादत देनी पड़ी थी तो हंदवाड़ा में ही एक हमले में सीआरपीएफ के 3 जवान शहीद हो गए थे। इन हमलों और मुठभेड़ों के प्रति अधिकारी दावा करते थे कि इनमें ताजा घुसपैठ करने वाले आतंकी ही शामिल थे। और अब जबकि सेना ने अपने एक कर्नल् व मेजर रैंक के अधिकारी को जिस मुठभेड़ में अनंतनाग में खोया है, उस मुठभेड़ के प्रति अधिकारी दावा करते थे कि उसमें भी ताजा घुसपैठ करने वाले विदेशी भाड़े के सैनिक शामिल हैं।

जवानों का मनोबल बनाए रखने की कोशिश अफसरों पर भारी-जंग-ए-मैदान के बारे में अभी तक यही कहा जाता था कि लड़ती तो फौजें हैं और नाम सरदारों का होता है। अर्थात जवान ही मैदान में लड़ाई करते हैं और अफसरों का तो सिर्फ नाम होता है। पर कश्मीर में ठीक इसके उल्ट है। जवानों का मनोबल कायम रखने को कमांडिंग आफिसर रैंक के अफसर भी जवानों के कंधे से कंधा मिला कर आतंकियों के विरूद्ध मोर्चा ले रहे हैं और यही कोशिश उन्हें भारी भी साबित हो रही है। कल शहादत पाने वाले 19 राष्ट्रीय रायफल्स के कर्नल मनप्रीत सिंह और मेजर आशुतोष इसका ताजा उदाहरण हैं। इससे पहले वर्ष 2020 में कर्नल आशुतोष शर्मा व मेजर अनुज सूद ने अपनी शहादत दी थी।

# सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष मनीष सिंह धुर्वे आप में हुए शामिल

**विधानसभा चुनाव के पूर्व सर्व आदिवासी समाज में मची भगदड़**




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष मनीष सिंह धुर्वे अपने समर्थकों सहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दावेदारों ने अपनी ज़ोर आजमाइश शुरू कर दी है । इसी के साथ आदिवासी बाहुल्य गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सर्व आदिवासी समाज में विधानसभा चुनाव के पहले भागदर्शी मची हुई है ।इसी कड़ी में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला गौरेला - पेंड्रा -मरवाही के जिला अध्यक्ष मनीष सिंह धुर्वे ने अपने युवा साथियों और समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। जिले में हुई बदलाव यात्रा में शामिल होने पहुंची आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला और जिला अध्यक्ष भावेश वरकड़े के सामने आम आदमी पार्टी के सदस्यता ली, मनीष सिंह धुर्वे ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रीति नीति से प्रभावित होकर उन्होने पार्टी कि सदस्यता ग्रहण की और कहा की वह पार्टी के प्रति ईमानदार और सामाजिक कार्यों में हमेशा सहभगिता निभाएंगे और छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाने के लिए वह सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करते रहेंगे।

## महुआ शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया

**तखतपुर,** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध रूप से रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम 34, 1, क, ख के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बेलसरी प्रवेश द्वार के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से बिक्री के लिए कच्ची महुआ शराब रखा हुआ है सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर राम लाल रजक के पास से 15 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की।

## कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**अर्द्धवार्षिक निविदा सूचना 2023-24 (द्वितीय छ:माही)**

क्रमांक 918/ निर्वाह / 2023 मुंगेली दिनांक 13/09/2023

जिला जेल मुंगेली में परिरूद्ध बंदियों के (सब्जियां) प्रदाय के लिए अर्द्धवार्षिक निविदा सीलबंद लिफाफे में दिनांक 06.10.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर रूपये - 2000.00/- (दो हजार रूपये मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 04.10.2023 तक फर्म के लेटर पेड में जी.एस.टी., गुमास्ता लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, फुट सेफ्टी लायसेंस का जीवित पंजीयन का सत्यापित प्रति प्रस्तुत कर कार्यालयीन दिवस में प्रात: 09:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। इसे जेल विभाग की वेबसाईट www.jail.cg.gov.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

निविदा बिक्री की अन्तिम तिथि एवं समय
दिनांक 04.10.2023 अपरान्ह- 01:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय
दिनांक 06.10.2023 प्रात: 11:00 बजे तक
निविदा हेतु निर्धारित अमानत राशि निविदा मूल्य का 03 प्रतिशत
निविदा खोलने की अन्तिम तिथि एवं समय
दिनांक 06.10.2023 अपरान्ह - 01:00 बजे

**सहायक जेल अधीक्षक**
**वास्ते, जेल अधीक्षक**
**जिला जेल मुंगेली (छ.ग.)**

जी- 05258/2

## सीएम हाऊस तीज मिलन में शामिल हुईं संसदीय सचिव

**तखतपुर, 14 सितम्बर** (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीज मिलन समारोह में विधायक श्रीमती रश्मि सिंह शामिल हुई। आयोजन पर श्रीमती सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति और परंपरा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए संस्कृति को आने वाली पीढ़ी तक हस्तांतरित करने के लिए तथा छत्तीसगढ़ के लोकपर्व का महत्व जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री निवास में तीज मिलन का आयोजन किया जा रहा है और यह हम सब के लिए अच्छी बात है कि प्रदेश के मुखिया ऐसे आयोजन को स्वंय अपने निवास में आयोजित कर पूरे देश में इस परंपरा का जन जन तक पहुंचा रहे है। आमतौर पर पहले बेटीयों को ऐसे आयोजन में शामिल होने का अवसर नही मिलता था पर अब तीज के अवसर पर पूरा मुख्यमंत्री निवास बेटीयों का मयका बन जाता है और पूरे हर्ष उल्लास के साथ इस तीज मिलन में सभी शामिल होती है। छत्तीसगढ़ की सनातन संस्कृतिक और परंपरा को कांग्रेस की सरकार सदैव से संभाले हुए है ।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम GAYSUN BIBI पति ABDUL HALIM अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम GAUSHIYA पति ABDUL HALIM निवासी वार्ड नं.-10 सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग. 495001 रख ली हूं। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम GAUSHIYA पति ABDUL HALIM से जाना एवं पहचाना जाए।

**GAUSHIYA**
**W/o ABDUL HALIM**
**वार्ड नं.-10 सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग. 495001**

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ.गढ़)

**ऑनलाइन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 1702/ व.ले.लि./ ग्रा.यां.सेवा / 2022-23 बलरामपुर, दिनांक 08/09/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित कार्यों के संपादन हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दर पर संक्षिप्त ई निविदा आमंत्रित किया जाता है अन्य शर्तें विस्तृत निविदा अनुसार रहेगी :-

| क्र. | कार्य का नाम | जिला | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | नवीन तहसील कार्यालय भवन निर्माण चलगली | बलरामपुर-रामानुजगंज | 64.04 |
| | | योग :- | 64.04 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइड से अथवा ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट http://cgeprocurement.gov.in.से डाउनलोड की जा सकती है।

**टीप**:- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 27/09/2023 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) में पहुंचना अनिवार्य है।

**(सचिदानन्द कान्त)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर रामानुजगंज(छ.गढ़)**

जी- 05301/2

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### थेमैटिक पेंशन अदालत

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों के लंबित पी.पी.ओ. से सम्बंधित प्रकरणों का निपटान किया जाना है, पेंशनरों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दिनांक **29.09.2023** को प्रातः **11:00** बजे **Thematic Pension Adalat** का आयोजन किया जाएगा.

सेवानिवृत्त वे सभी कर्मचारी जिन्हे इस सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत करने हैं, वे अपने आवेदन पत्र वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर, न्यू डी.आर.एम. ऑफिस, खमतराई, रायपुर (छ.ग.) 492008 के कार्यालय में दिनांक **18.09.2023** तक प्रस्तुत करें।

| | |
|---|---|
| 1. | दिनांक 30.06.2023 तक सेवानिवृत्ति प्रकरण जिनका पी.पी.ओ. अभी तक जारी नहीं हुआ है। |
| 2. | दिनांक 31.03.2023 स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रकरण जिनका पी.पी.ओ. अभी तक जारी नहीं हुआ है। |
| 3. | दिनांक 31.03.2023 तक सेवाकाल में मृत्यु हुए रेल कर्मचारी का पारिवारिक पेंशन अभी तक स्वीकृत नहीं हुआ है। |
| 4. | दिनांक 31.03.2023 तक के ऐसे प्रकरण जिनका निधन कार्य के दौरान हुआ है, उनके केवल प्रोविजन / ऑर्डिनरी पेंशन स्वीकृत हुआ है और CCS (EOP) नियम के अंतर्गत पारिवारिक पेंशन का दावा किया है। |
| 5. | जिन पी.पी.ओ. में पारिवारिक पेंशनर का नाम दिया गया हो, उन्हें पेंशनर की मृत्यु प्रमाण पत्र पेंशन भुगतान बैंक में जमा करने के पश्चात एक माह के भीतर भी पारिवारिक पेंशन प्राप्त नहीं हुआ है। |

**आवेदन का प्रारुप**

| | |
|---|---|
| पी.पी.ओ. क्रमांक : | |
| सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम : | |
| पदनाम (सेवानिवृत्ति / स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति / पारिवारिक पेंशनर के समय) : | |
| मंडल / युनिट का नाम / अंतिम कार्यस्थल : | |
| विभाग : | |
| मंडल / कार्यालय : | |
| अंतिम वेतन : | |
| सेवानिवृत्ति / स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति / मृत्यु का दिनांक : | |
| मोबाइल / टेलीफोन नंबर : | |
| पत्राचार के लिए पता : | |
| सेवानिवृत्त / पारिवारिक पेंशनर के शिकायत का विस्तृत विवरण : | |

आवेदक के हस्ताक्षर

PR/R/SR.DPO/FL/131

South East Central Railway @secrail

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

**पता :- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने,**

**Phone No. 07752-250593, Email ID - eebil-phe-cg@gov.in**

**:: ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रित सूचना ::**

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बिलासपुर के अन्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''अ'' (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**कार्य का नाम** :- बिलासपुर जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन में स्वीकृत रेट्रोफिटिंग / सिंगल/ सोलर जल प्रदाय योजना अन्तर्गत जल वितरण प्रणाली, उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, घरेलु टेपनल कनेक्शन तथा अन्य सम्पूर्ण कार्य (संलग्न शेड्यूल अनुसार)

| क्रं. | निविदा क्रमांक / दिनांक / सिस्टम क्रमांक | ग्राम/ विकासखण्ड का नाम | निविदा की लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 41/08.09.2023/ 147007 | अदराली / मस्तूरी | 51.53 | 39000 |
| 2 | 42/08.09.2023/ 147008 | बमनीकला / मस्तूरी | 56.47 | 43000 |
| 3 | 43/08.09.2023/ 147009 | बनियाडीह/ मस्तूरी | 89.27 | 67000 |
| 4 | 44/08.09.2023/ 147010 | कारीछापर / मस्तूरी | 65.42 | 49500 |
| 5 | 45/08.09.2023/ 147011 | ठरकपुर/ मस्तूरी | 89.94 | 68000 |
| 6 | 46/08.09.2023/ 147012 | उस्लापुर, खजुरी / मस्तूरी | 15.80 | 12000 |
| 7 | 47/08.09.2023/ 147099 | केन्दा (रामपुर)/ कोटा | 8.71 | 6600 |

ऑनलाईन निविदा की अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 19.09.2023 सुबह 11:00 बजे से तथा दिनांक 29.09.2023 समय 17:30 बजे तक बीड डाले जा सकते हैं एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता / सदस्य सचिव**
**जिला जल एवं स्वच्छता मिशन**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 05286/1

## न्यायालय तहसीलदार नजूल जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202309051100002/ अ-20 (1)/ 2022-23
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं. 16
तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोरबा, प.ह.नं.-16, तहसील व जिला कोरबा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 188/1/क/1 में से रकबा लगभग 3.00 एकड़ भूमि को संस्था-दिगम्बर जैन समाज (जैन मिलन समिति) कोरबा के नाम पर भूमि आबंटित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27/09/2023 तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार नजूल**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

202309050400029
रा.प्र.क्र. - / अ-21/ 2022-23
ग्राम - रामपुर प.ह.नं. 17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/ आवेदक भुवनेश्वर दुग्गल पिता राम प्रकाश दुग्गल निवासी पी.पी.कम्पनी जमनीपाली सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर दर्री तहसील दर्री जिला कोरबा द्वारा ग्राम रामपुर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 47/1022 रकबा 0.020 हे. ख.नं. 48/2 रकबा 0.040 हे. कुल रकबा 0.15 ए./ 0.060 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता अंकुश अग्रवाल पिता सुभाषचंद्र अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी मिशन रोड कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ.(रा.) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 29/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर- चांपा (छ.ग.)

विवाह प्र.क्र.195/ ब-121/2022-2023
ग्राम खिसोरा तहसील बलौदा

आवेदक अश्वनी साहू उम्र 25 वर्ष पिता श्री अमरनाथ साहू जाति तेली निवासी खिसोरा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर- चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. दीपा कुमारी पैकरा उम्र 21 वर्ष पिता श्री लोकनाथ पैकरा जाति कंवर निवासी खिसोरा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

### ईश्तहार

आम जनता ग्राम खिसोरा तहसील बलौदा जिला जांजगीर- चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी साहू उम्र 25 वर्ष पिता श्री अमरनाथ साहू जाति तेली निवासी खिसोरा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. दीपा कुमारी पैकरा उम्र 21 वर्ष पिता श्री लोकनाथ पैकरा जाति कंवर निवासी खिसोरा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर- चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.09.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.08.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**विवाह अधिकारी**
**जिला- जांजगीर- चांपा (छ.ग.)**



# इंजीनियर्स डे विशेष

जय जवान, जय किसान
जय अभियंता देश महान

# तकनीकी विकास में इंजीनियर्स का है बड़ा योगदान

## अविष्कारों एवं कार्यकुशलता देख दुनिया ने माना लोहा

एक देश के तकनीकी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक इंजीनियर की बड़ी भूमिका होती है। देश को आधुनिक रूप से तैयार रखने और टेक्नोलॉजी के साथ कदम-ताल मिलाने का श्रेय तो इन्हें ही जाता है। इसके साथ ही तकनीक के विकास और नए आविष्कार कलर जीवन को सुविधाजनक और सरल बनाने में भी इंजीनियर्स का बड़ा रोल रहता है। उनके इसी योगदान को सराहने और सम्मान देने के लिए इंजीनियर्स डे यानि अभियन्ता दिवस हर साल भारत में 15 सितम्बर को मनाया जाता हैं।

## मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को समर्पित है यह दिन

15 सितम्बर का दिन मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म दिवस है। उनके नाम से तो हर कोई परिचित होगा क्योंकि उन्होंने भारत को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम दिलवाने के लिए अथक कार्य किया। वे एक महान इंजिनियर थे, जिन्हें भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उन्हीं की स्मृति और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके जन्मदिवस को इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया ने 15 सितम्बर 1860 में मैसूर रियासत में जन्म लिया था, जो आज कर्नाटका राज्य के रूप में जाना जाता है। उनकी मां का नाम वेंकचाम्मा था, जिनकी रूचि धर्म -ध्यान में थी। उनके पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत के बड़े विद्वान थे और पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। अपनी शुरूआती शिक्षा के पश्चात वे




उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बैंग्लोर गए और बीए की परीक्षा पास कर डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की।





## अपने करियर में विश्वेश्वरैया ने रचा इतिहास

इंजीनियरिंग के पश्चात उन्हें महाराष्ट्र सरकार के साथ कार्य करने का अवसर मिला। उनकी नियुक्ति नासिक में असिस्टेंट इंजिनियर के रूप में हुई। अपने सम्पूर्ण करियर काल में इंजीनियर के क्षेत्र में उन्होंने बड़े कार्य संपन्न किए। सिन्धु नदी से सुक्कुर गाँव तक पानी की सप्लाई करवाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने एक प्रकार की नई सिंचाई प्रणाली जिसे 'ब्लाक सिस्टम' कहते हैं, को भी को शुरू किया था। उन्होंने ही बाँध में इस्पात यानी की लोहे के दरवाजे लगवाए और बाँध के पानी के प्रवाह को सरलता से रोकने में सफलता प्राप्त की। मैसूर के कृष्णराज सागर बांध के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस




उन्होंने पुणे में स्थित खड़कवासला जलाशय पर बाँध का निर्माण कार्य करवाया। और इसी इस बांध की सफलता को देख कर ग्वालियर में तिगरा बांध और मैसूर में कृष्णा राजा सागरा बांध का निर्माण भी किया गया। कावेरी नदी पर निर्मित कृष्णा राजा सागरा एक समय एशिया का सबसे बड़ा जलाशय कहा जाता था। हैदराबाद शहर के निर्माण का श्रेय भी विश्वेश्वरैया जी के नाम दर्ज है। उनके द्वारा तैयार की गई बाढ़ सुरक्षा प्रणाली समस्त भारत में जाती है। उन्होंने ही मैसूर सरकार के साथ काम करने के दौरान मैसूर को इंजीनियरिंग के नायब तोहफे भेंट किए। साबुन फैक्ट्री से लेकर परजीवी प्रयोगशाला और मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री के अलावा बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी व स्टेट बैंक ऑफ़ मैसूर के साथ-साथ सेंचुरी क्लब, मैसूर चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स और यूनिवर्सिटी एवं इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना भी संपन्न करवाई। उनके योगदान और कार्यों की एक लम्बी फेहरिस्त है और यह कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा कि उनके द्वारा इंजीनियरिंग क्षेत्र में किया गया








## भारत के इंजीनियर्स का दुनिया भर में सम्मान

वर्तमान समय और भविष्य में दुनियाँ के हर क्षेत्र में इंजीनियर की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। चाहे कोई भी फील्ड की बात करें, हर क्षेत्र में तकनीक के मामले में उनका बड़ा रोल। और विकास की दृष्टि से यह बहुत मायने रखता है। शानदार इमारतों से लेकर बडी -बड़ी सड़कें, स्मार्ट फोन से लेकर घर और ऑफिस के लिए जरुरी उपकरण तक सभी इसी क्षेत्र की देन है। इसलिए उनकी इस अनिवार्य आवश्यकता और अहम भूमिका का सम्मान बहुत जरुरी है इसीलिए इंजीनियर्स डे विशेष मायने हैं। भारत ने आज दुनिया भर में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना परचम फैलाया है। दुनिया को सबसे अधिक इंजीनियर्स भारत अग्रणी देशों में शामिल है। हमारे के इंजीनियर्स ने दुनिया को अनेक सफल इन्नोवेशंस प्रदान की हैं। और इसमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों एवं कॉलेजों का बड़ा योगदान है। क्योंकि यहाँ मिली वर्ल्ड क्लास एजुकेशन और पॉजिटिव कैंपस एन्वॉयरमेंट छात्रों के विकास में बड़ा योगदान रखते हैं।






















देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतंत्र में घटती आस्था चिंताजनक

लोकतंत्र को अब तक की सबसे अच्छी शासन प्रणाली माना गया है। ज्यादातर देश इसे पाने या बनाये रखने की रात-दिन कोशिशें कर रहे हैं लेकिन विश्वप्रसिद्ध ओपन सोसायटी फाऊंडेशन (ओएसएफ) की हालिया वह सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक है जिसमें दुनिया के 42 प्रतिशत युवा अपने देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। यह बदलती पसंद सारी दुनिया के लिये एक खतरनाक वैचारिक ट्रेंड हो सकता है। इस लिहाज से सर्वे रिपोर्ट यह संदेश भी देती है कि जिन लोगों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने की जिम्मेदारी हैं, उन्हें ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने की आवश्यकता है- फिर वे चाहें सरकारें हों, संवैधानिक संस्थाएं हों, विपक्षी दल अथवा नागरिक हों। लोकतंत्र अगर लोगों की पहली वरीयता नहीं रह जाता तो निसंकोच यह माना जा सकता है कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर जा खड़ी हुई है।

यह फाऊंडेशन प्रसिद्ध अमेरिकी सांसद जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित किया गया है जिसके लिये उन्होंने अपना 320 करोड़ अमेरिकी डॉलर देकर इसका काम दुनिया भर में फैलाया है। यह संस्था गैर बराबरी समाप्त करने की दिशा में काम करती है। सोरोस पिछले दिनों भारत में उस समय चर्चा में आये थे जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र कारोबारी गौतम अदानी की कारगुजारियों पर सवाल उठाते हुए एक तरह से संकेत दिये थे कि भारत में निवेश सुरक्षित नहीं है। बहरहाल, जिस ओएसएफ सर्वे की यहां बात है वह 30 देशों में किया गया जिसके अनुसार 18 से 35 वर्ष के युवा अपने देशों में लोकतंत्र नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। साथ ही, 35 साल से अधिक उम्र के लोग सोचते हैं कि गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों से निपटने में लोकतांत्रिक सरकारें सक्षम नहीं हैं। सबसे गम्भीर तथ्य जो उभरकर आया है वह यह कि केवल 30 फीसदी लोगों का ही अपनी सरकारों में भरोसा है। सरकारों में अविश्वास उन्हें लोकतांत्रिक पद्धति में भी अनास्था की ओर ढकेल रहा होगा।

ओएसएफ के अध्यक्ष मार्क मैलक ब्राउन की यह चिंता वाजिब है जिसमें वे कहते हैं कि 'हालात चिंताजनक हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों की आस्था लोकतंत्र में घटती जा रही है। युवाओं को लगता है कि लोकतंत्र उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम नहीं है।' यह सोचना होगा कि इन देशों के नागरिकों, खासकर युवाओं के दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन किसलिये आया है। बमुश्किल कुछ ही दशकों पहले से लोकतंत्र सारी दुनिया की सबसे पसंदीदा शासन प्रणाली बनी है। जहां इस व्यवस्था को पहले-पहल लागू किया गया, उन्होंने मानवीय विकास की सुनहरी इबारतें लिखीं। इन्हें परिपक्व लोकतांत्रिक देशों के रूप में देखा जाता है। इनमें अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, तमाम यूरोपीय देश हैं। कुछ एशियाई, लातिन अमेरिकी, यहां तक कि अफ्रीकन देश भी हैं जिनमें यह प्रणाली बहुत मजबूत तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसे बनाये रखा है तथा उसे बनाये रखना वहां के नागरिक अपने हित में समझते हैं। उनकी लोकतंत्र में आस्था बनी हुई है। इनमें बहुत से ऐसे मुल्क भी हैं जहां निर्वाचित सरकार को सैन्य तानाशाह पलटकर सत्ता पर काबिज हो लेते हैं। उन देशों में लोकतांत्रिक सरकारें कभी आती हैं तो कभी सैनिक शासन द्वारा बर्खास्त कर दी जाती हैं। भारत के कई पड़ोसी मुल्कों में ऐसा हुआ है। बांग्लादेश में ऐसा हुआ, पाकिस्तान ने भी इसका अनुभव किया और अभी म्यांमार में चुनी हुई सरकार को कूड़ेदान में डालकर सैनिक जुंटा सत्ता पर काबिज है। ऐसे भी देश हैं जहां एक दलीय शासन प्रणाली है- रूस, चीन, उत्तरी कोरिया आदि। सम्भवत: इस तरह के देशों के नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की कीमत अधिक जानते होंगे।

जैसा कि भारत के संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर ने प्रारूप सौंपते हुए संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि उन्होंने तो संविधान बना दिया है लेकिन यह लागू करने वालों पर निर्भर करेगा कि वे इसे किस तरह से लागू करते हैं। लगभग यही बात लोकतांत्रिक प्रणाली पर भी लागू होती है। ज्यादातर समाज वैज्ञानिक व राजनीतिशास्त्र के जानकार स्वीकार करते हैं कि अब तक विश्व ने इससे बेहतर कोई शासन प्रणाली ईज़ाद नहीं की है। यह सच भी है। व्यक्तिगत और सामूहिक विकास की जो गुंजाइशें इस राजनीतिक व्यवस्था में उपलब्ध हैं, वे अन्य अन्य किसी भी प्रणाली में नहीं हैं। 'लोगों की लोगों के द्वारा लोगों के लिये' कही जाने वाली यह बेहतरीन पद्धति दुनिया की तरक्की, सामाजिक सौहार्द्र, नागरिक आजादी, बन्धुत्व और विश्व शांति व एकजुटता के लिये सर्वाधिक अनुकूल है। शेष अन्य शासन पद्धतियां अपवाद स्वरूप कहीं-कहीं और वह भी थोड़े काल के लिये अच्छी साबित हुई होंगी परन्तु व्यापक व समग्र रूप से देखें तो अन्य तरह की प्रणालियों ने लोगों का शोषण और उत्पीड़न ही किया है। शासन चलाने के ये तरीके कुछ ही लोगों के लिये फायदेमंद होते हैं। सामूहिक विकास इनसे बिलकुल सम्भव नहीं है। यही कारण है कि पूरी दुनिया ने अन्य पद्धतियों को छोड़कर इसका अंगीकार किया है।

यह सर्वे भारत के सन्दर्भों में भी प्रासंगिक है जहां एक खास मकसद से लोकतंत्र के खिलाफ स्वर उठवाए जाने लगे हैं। लोगों में एक नयी अभिरुचि परिलक्षित हो रही है जिसमें लोकतंत्र को खारिज कर तानाशाही की बात की जाती है। बताया जाता है कि लोकतंत्र कुछ लोगों के तुष्टिकरण के लिये देश में लागू किया गया है। साथ ही लोकतंत्र को एक सामूहिक परिसम्पत्ति न मानकर उस पर बहुसंख्यक वर्ग व सम्प्रदाय का एकाधिकार जायज कहा जाने लगा है। यह बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है जिसके खिलाफ काम किये जाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र को जीवित रखना सार्वजनिक हित में है।

# आखिर ये किनके नेता हैं?

ये भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं। धोरों यानी रेतीले टीलों की धरती से आते हैं और एक बड़ा ही शीतल और निर्मल विभाग उनके पास है। वे जल संसाधन मंत्री हैं और राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री होने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसा हो भी सकता है लेकिन क्या जनता अपने नेता की सभा में 'ज़ुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द सुनने के लिए आती है? बाड़मेर के धोरीमन्ना में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। इसके पहले वे राजस्थान सरकार के एक मंत्री को 'अरब सागर में फेंकने' की बात कर चुके हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 'रावण' भी कह चुके हैं। ऐसी भाषा जब परिवर्तन यात्राओं में इस्तेमाल होगी तो आप किस हक़ से जनता से उम्मीद करते हैं कि वह शांत रहे? फिर, हरियाणा के नूंह और महाराष्ट्र के सतारा में हुई हिंसा को आप कैसे रोक सकते हैं? आख़िर बात-बात पर ये नेता इस क़दर उत्तेजित क्यों होते हैं? बुद्ध, विवेकानंद और बापू के देश में क्या अब नेताओं में बातचीत का यही सलीका रह गया है?

अब से 130 साल पहले शिकागो में 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठा में जो कहा था, लगता है उसे इन नेताओं ने पूरी तरह से भुला दिया है। सभा में मौजूद पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का दिल जीत लेने वाले उस ऐतिहासिक व्याख्यान की प्रारंभिक पंक्तियां थीं- 'मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिकता की शिक्षा दी। हम लोग सभी धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, समस्त धर्मों को सच्चा मानकर उन्हें स्वीकार करते हैं। मुझे एक ऐसे देश का इंसान होने का अभिमान है जिसने इस पृथ्वी के समस्त धर्मों और समस्त उत्पीड़ितों-शरणार्थियों को आश्रय दिया है।' कितने कमाल की बात है कि जिस सभा में सब अपने धर्म की श्रेष्ठता साबित करना चाह रहे थे वहां स्वामी जी ने सब धर्मों के सत्य को स्वीकारने वाले हिंदू धर्म की इस खूबी को बताकर उसे हर प्रतिस्पर्धा से ऊपर स्थापित कर दिया। आज के ये नेता चाहे तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक मुनेत्र कषगम (डीएमके) के उदयनिधि स्टालिन हों या भारतीय जनता पार्टी के गजेंद्र सिंह शेखावत जो केवल अपनी तत्कालीन राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं, इनमें से किसी को भी इल्म है कि वे किस महान विरासत को धूमिल कर रहे हैं।

करूणानिधि के पोते और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन का यह बयान कि 'सनातन धर्म को जड़ से ख़त्म किया जाना चाहिए और मच्छर, डेंगू, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीज़ें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता बल्कि उन्हें ख़त्म करना ज़रूरी होता है', दरअसल सनातन संस्कृति के बारे में दक्षिण के बड़े विचारकों का मानना है कि यह समानता की पैरोकार नहीं है और इससे वंचित समाज को बराबर के हक़ नहीं मिल पाते। तमिलनाडु की राजनीति में इसका असर साफ़ देखा जा सकता है, ख़ासकर द्रविड़ राजनीति ने इसे अपने ख़िलाफ़ माना। आर्य और द्रविड़ विवाद कोई आज का नहीं है। तमिलनाडु का राजनीतिक इतिहास बताता है कि इसकी शुरुआत पिछली सदी के दूसरे दशक से हुई जब वहां के नेताओं ने तमिलनाडु के निवासियों को द्रविड़ मानते हुए उन्हें उत्तर भारत के आर्यों से अलग कहा था। पेरियार और रामास्वामी के नेतृत्व में बदलाव की जबरदस्त लहर चली और आगे जो राजनीतिक आंदोलन कायम हुआ वह 'द्रविड़ मुनेत्र कषगम' कहलाया। सत्तर के दशक से हर चुनाव में प्रदेश की सत्ता दो दलों डीएमके और अन्ना डीएमके के हाथ में रही और वे उच्च वर्ग विरोधी रुख के कारण सत्तासीन होते रहे। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि आम जनता को इससे ताकत मिली, भरोसा मिला। दक्षिण के इस नेरेटिव से भाजपा में उत्तर भारत में लाभ लेने की इच्छा बलवती हुई और इसीलिये सरकार के मंत्री इस कदर हिंसक बयान दे रहे हैं। अच्छी बात यह हुई है कि अब मुख्यमंत्री स्टालिन और इंडिया गठबन्धन ने इस मुद्दे पर कोई भी बयान देने से इंकार कर दिया है और इसे यहीं समाप्त करने का फैसला लिया है।

सच है कि भारतीय जनता पार्टी को यह मुद्दा तश्तरी में रखकर मिला था। हिन्दू-मुसलमान की सियासत करने वाली भाजपा को कतई परेशानी नहीं है कि उसे उत्तर के लिए दक्षिण से भी बैर क्यों न करना पड़े और दांव पर क्यों न बहुसंख्यक वर्ग ही हो। नफ़रत, बहस, लड़ाई वर्तमान भारतीय राजनीति का यही आधार बना हुआ है। चुनाव करीब हैं, लिहाज़ा विश्व हिन्दू परिषद 30 सितंबर से 15 अक्टूबर तक शौर्य जागरण यात्राओं का संचालन करेगी और उसके धर्म योद्धा देश भर में घूमेंगे। ये स्वामी विवेकानंद की विरासत को लेकर नहीं चलेंगे बल्कि ये बताएंगे कि 'लव जेहाद' क्या है और जो कोई कथित जेहादी हो भी गया है यानी किसी और धर्म- इस्लाम या ईसाईयत को अपना चुका है, ऐसे में उसकी 'घर वापसी' कैसे होगी। बंटवारे का दावानल सुलगता रहना चाहिए और उसमें आग उगलते बयानों का पेट्रोल भी पड़ते रहना चाहिए। ये बयान जब सरकार के मंत्री देते हैं तो मतदाता को चिंतित अवश्य होना चाहिए कि उसका कीमती मत और टैक्स उसके कल्याण में खर्च होगा या परिवर्तन रैलियों में ज़हर उगलेगा? रैलियां करना अधिकार है लेकिन कानून-व्यवस्था को देखना होगा कि इसके ज़रिये अनावश्यक उकसाने और नीचा दिखाने का उपक्रम न हो, जैसा कि पिछले दिनों नूंह की सांप्रदायिक हिंसा में हुआ। अच्छी बात यह है कि इससे जुड़े एक आरोपी मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया है जिस पर दो लड़कों की हत्या का इलज़ाम भी है।

क्या सत्ता कभी इस बात पर विचार नहीं करती कि ऐसे मुद्दों से देश में केवल तनाव पैदा होता है, अफवाहें सर उठाती हैं और लोग सांप्रदायिक हिंसा का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते हैं। महाराष्ट्र के सातारा ज़िले के एक गांव में एक सोशल मीडिया पोस्ट से एक व्यक्ति की जान चली गई और दस से ज़्यादा घायल हो गए। कई शहरों की ऐसी ही दर्द भरी दास्तानें हैं। इंटरनेट बंद कर दिया जाता है, स्कूल-कॉलेज बंद हो जाते हैं। क्यों इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में ऐसा हो रहा है? एक तरफ हम चांद पर पहुंच कर आल्हादित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर हमारे ही देश का दुखद सच यह है कि धर्म के नाम पर लोगों की जानें जा रही हैं। क्या इसके लिए देश चुनता है सरकार? ऐसा वादा देश और राज्य की सरकारें जनता से क्यों नहीं करती कि एक भी जान ऐसी पाशविक प्रवृत्ति की वजह से नहीं जाएगी? विविधता से भरे देश में यही पहला वादा होना चाहिए कि किसी भी सांप्रदायिक अथवा सामुदायिक संघर्ष में लोग नहीं मारे जाएंगे। ऐसा कैसे संभव है? इसका जवाब बुद्ध और महात्मा गांधी से मिलता है- दुखी व गरीब की सेवा और हर विविधता का आदर।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना।**

सच है कि जब तक गांधीजी रहे, राष्ट्रीयता की हमारी समझ को उनसे राह मिलती रही; क्योंकि उन्होंने भी अपना धर्म 'अहिंसा' ही माना था। जैनेन्द्र कुमार अपने लेख में लिखते हैं- 'समस्यांए आती थीं लेकिन उनके भीतर ऐसा समाधान हो जाता था कि कोई कठिनाई उन्हें नहीं होती थी। अपनी आत्मा के रह कर, सबके बनते जाने में उन्हें कोई मुश्किल नहीं हुई। सबके होने में उन्हें अपनी मर्यादा छोड़ने की ज़रूरत नहीं थी। अंत तक कहा कि मैं सनातन हिन्दू वैष्णव हूं, उसी में से सब धर्म मुझे समान बनाते हैं। वे सब मेरे हैं, मैं उनका हूं। मेरा वैष्णवत्व मुझे यह सिखाता है। मतभेद उनके सामने भी आए, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ओर से भी आए। तब महात्मा गांधी ने उन्हें तोड़ा या गलाया नहीं, जस का तस उनकी ओर भेज दिया। गांधीजी अपनी तरह जी कर, हमारी आंखों को खोल देने वाली जीवन नीति रख गए लेकिन उस मानव नीति की भूमिका पर हमारा काम नहीं चल सका। राजनीति का बोलबाला रहा और राजनीतिक अधिकारों की चाह और मांग से वातावरण गर्म बना रहा।

हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना। फिर इधर-उधर जाने की ज़रुरत नहीं। वह किसी भी दल में हो सकता है।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक

■ **डॉ. अरुण मित्रा**

बहुत धूमधाम से प्रचारित जी 20 शिखर सम्मेलन निरस्त्रीकरण और परमाणु हथियारों के उन्मूलन की किसी प्रतिबद्धता के बिना समाप्त हो गया। इस शिखर सम्मेलन से कई उम्मीदें थीं क्योंकि यह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया था; और यह भारत में आयोजित किया गया था जो परमाणु हथियार मुक्त दुनिया का एक मजबूत नायक रहा है। अत: यह महसूस किया गया था कि निरस्त्रीकरण एवं शांति के मुद्दों पर कुछ ठोस निर्णय लिये जायेंगे।

घोषणा में युद्ध के मानवीय परिणामों पर चिंता व्यक्त की गई है। घोषणापत्र के पृष्ठ 2 पर बिंदु 7 में कहा गया है- 'हम अत्यधिक मानवीय पीड़ा और दुनिया भर में युद्धों और संघर्षों के प्रतिकूल प्रभाव पर गहरी चिंता के साथ ध्यान देते हैं।' इसी पृष्ठ पर बिंदु संख्या 8 में घोषणा में उल्लेख किया गया है कि 'परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है'। इसलिए यह उम्मीद करना लाजमी था कि रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए कुछ ठोस कदम उठाये जायेंगे जो आज मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं।

**जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।**

जी 20 शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के प्रमुखों या उनके प्रतिनिधियों की बैठक है। रूस यूक्रेन युद्ध ख़त्म करने के लिए ठोस निर्णय लेने का अधिकार उनके पास है। लेकिन जारी घोषणा पृष्ठ 2 बिंदु 8 पर लिखा है 'यूक्रेन में युद्ध के संबंध में... हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा (ए/आरईएस/ईएस-11/1 और ए) में अपनाये गये अपने राष्ट्रीय पदों और प्रस्तावों को दोहराया /आरईएस/ईएस-11/6)' ये प्रस्ताव रूसी आक्रमण की निंदा करते हैं लेकिन कहीं भी अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी का उल्लेख नहीं करते हैं जो युद्ध को जारी रखने और ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की बड़ी खेप की आपूर्ति कर रहे हैं कि युद्ध ख़त्म करने के लिएकोई सार्थक बातचीत नहीं हो सके।

जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।

परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों (आईपीपीएनडब्ल्यू) द्वारा भौतिकविदों, जीवविज्ञानियों, जलवायु विज्ञानियों और अन्य वैज्ञानिकों के सहयोग से किये गये एक अध्ययन 'परमाणु अकाल' ने साक्ष्य के साथ दिखाया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 100 परमाणु हथियारों के उपयोग से भी दो अरब लोगों के जीवित रहने पर खतरा पैदा हो जायेगा। रूस और यूएसए-नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान से 5 अरब से अधिक लोग मारे जायेंगे और इसका मतलब हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) 7 जुलाई 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों के भारी बहुमत से पारित हुई और जो पहले ही लागू हो चुकी है, और यह एक अवसर था जिसे खोना नहीं चाहिए था। उपस्थित देश टीपीएनडब्ल्यू में शामिल होने का निर्णय ले सकते थे और परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठा सकते थे।

शिखर सम्मेलन छोटे हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए विस्तृत कदम उठाने में भी विफल रहा। विश्व के कई क्षेत्र विशेषकर अफ्रीकी महाद्वीप में बड़े पैमाने पर सशस्त्र संघर्षों में शामिल हैं। घोषणा में पृष्ठ 28 पर बिंदु 74, छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की अवैध तस्करी और खेप पहुंचाने के बारे में चिंता व्यक्त करता है और निर्यात, आयात नियंत्रण और अनुरेखण सहित इन घटनाओं से निपटने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करता है। हालांकि, इसमें राज्य प्रायोजित आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं है, न ही कानूनी हथियारों की आपूर्ति को नियंत्रित करने पर एक शब्द भी है जो अंतत: दुनिया भर में हिंसा में उपयोग किया जाता है। इस जी 20 बैठक में एकत्र हुए कई देशों की भूमि पर बंदूक उत्पादक उद्योग स्थित हैं। ये सरकारें छोटे हथियारों के प्रसार और व्यापार को रोकने के लिए बहुत अच्छे कदम उठा सकती हैं।

इस संबंध में अंतिम घोषणा अत्यंत निराशाजनक है। भारत आसानी से इस पर बढ़त ले सकता था क्योंकि भारतनॉन एलाइन्डमूवमेंट (नैम) का संस्थापक सदस्य था। 1983 में दिल्ली में आयोजित नैमके सातवें शिखर सम्मेलन में 117 राष्ट्राध्यक्ष और 20 पर्यवेक्षक शामिल थे। यह वर्तमान घटना से कहीं अधिक बड़ी घटना थी। नैमशिखर सम्मेलन में निरस्त्रीकरण, शांति, मानवाधिकार, फिलिस्तीन के मुद्दे और आपसी सहयोग के माध्यम से अविकसित दुनिया के आर्थिक विकास पर गंभीर चर्चा हुई। लेकिन जी 20 में बहस में ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दी गयी।

जी 20 सैन्य औद्योगिक परिसर द्वारा लाभ की बढ़ती लालसा का संज्ञान लेने में विफल रहा। कार्यक्रम से एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने आगमन पर कहा कि भारत के साथ रक्षा सौदे के लिए यह अच्छा मौका है। संसद सदस्य मनीष तिवारी ने 8 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत-अमेरिका संयुक्त बयान पर संदेह जताया है।

बयान में कहा गया है, 'नेताओं ने दूसरे मास्टर शिपरिपेयर एग्रीमेंट के सम्पन्न होने की सराहना की जिसके तरह अमेरिकी नौसेनाऔर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, लिमिटेड, ने अगस्त 2023 में समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। दोनों पक्षों ने आगे तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र के रूप में भारत के उद्भव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई'। इसके साथ ही भारत 'अग्रिम-तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र' के रूप में उभरेगा। अभी तक भारत ने ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए अपनी जगह उपलब्ध नहीं कराई है।

## पावन प्रसंग

# निर्द्वन्द्व जीवन का योगपथ

योगशास्त्रों में योगाभ्यास से प्राप्त होने वाली विभिन्न शक्तियों, सिद्धियों व विभूतियों का वर्णन है। नियमित व विधिवत किए गए योगाभ्यास के फलस्वरूप योगियों में असाधारण व अनुपम शक्तियों का प्रादुर्भाव होने लगता है। योगी अणु के समान छोटा या समान छोटे तो कभी पर्वताकार हो जाते थे।

यह सब उनके योगबल का ही परिणाम था। योगी पहाड़ के समान बड़ा बन सकता है। वह अन्य शरीर में प्रवेश कर सकता है। योगमार्ग के साधकों को ये सारी सिद्धियां अनायास ही हस्तगत हो जाती हैं पर असत्य यह भी नहीं है कि जो साधक इन सिद्धियों, शक्तियों, विभूतियों, ऐश्वर्यों के प्रलोभनों में, आकर्षण में पड़कर क्रीड़ा-कौतुक करने लगते हैं, वे योग के चरम तक, शीर्ष तक पहुंच पाने में असफल ही रहते हैं। वे इससे आगे की यात्रा कर ही नहीं पाते।

तप के क्षेत्र में तो असुरों, दानवों द्वारा भी बड़े कठोर तप किए जाने का वर्णन है, पर वे तप से प्राप्त शक्तियों का उपयोग व दुरुपयोग करने के कारण आत्मसाक्षात्कार जैसे महान लक्ष्य की प्राप्ति से सर्वथा वंचित ही रहते थे और तपस्वी होते हुए भी अंतत: विनाश को ही प्राप्त होते थे। वे तप से प्राप्त होने वाली सिद्धियों, शक्तियों के आकर्षण में ही डूबे रह जाते थे। इसके विपरीत देव, ऋषि, संत, योगी आदि तप से प्राप्त होते थे। वे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग परपीड़ा व पतन निवारण के लिए ही किया करते थे। साथ ही वे दूसरों को धर्ममार्ग, मोक्षमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दिया करते थे।

अस्तु, योगदर्शन में योगाभ्यास से प्राप्त शक्तियों, सिद्धियों व ऐश्वर्यों के प्रलोभन में न पड़ने का उपदेश किया गया है। क्योंकि योगी तभी अपने जीवन के चरम को पा सकता है तथा योग व अध्यात्म के शीर्ष को छू सकता है। अस्तु, योगी का अंतिम लक्ष्य आत्मदर्शन ही होना चाहिए, अंतिम लक्ष्य मोक्ष, मुक्ति व कैवल्य ही होना चाहिए। ऐसा होना तभी संभव है, जब हम योगमार्ग पर अटूट श्रद्धा, भक्ति व समर्पण के साथ चरैवेति, चरैवेति का पालन करते हुए सदा चलते ही रहें, बढ़ते ही रहें, तब तक जब तक कि हम अपनी मंजिल तक न पहुंच जाएं।

राजयोग मंत्रयोग, क्रियायोग, अभ्यास और वैराग्य हठयोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्ति योग आदि किसी भी मार्ग का अवलंबन करते हुए हम अवश्य ही अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सतत योगाभ्यास से जब हमारे चित्त के समस्त विकार, संस्कार मिट जाते हैं तब आत्मा अपने असली स्वरूप को पहचान पाती है, क्योंकि तत्वज्ञान की वृद्धि होती है। आत्मा की प्रकृति, देह, मन व इंद्रियों से भिन्न होने का संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

यही मोक्ष है, मुक्ति है, समाधि है। इस अवस्था में संसार में रहते हुए भी साधक संसार के प्रभाव से अछूता रहता है। अस्तु वह देह में रहते हुए भी विदेह की स्थिति में रहता है, क्योंकि चित्त निर्मल होने का जब उसे अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, तब उसका प्रकृति में और उसके कार्यों में स्वभाव से ही वैराग्य हो जाता है। अंत में जब योगी का विवेकज्ञान की महिमा में भी वैराग्य हो जाता है तब उसके विवेकज्ञान में किसी प्रकार का विघ्न नहीं पड़ता, वह निरंतर उदित (प्रकाशमान) रहता है और तब उसे तत्काल ही धर्म में समाधि की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार वह योगी जीवनमुक्त हो जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# चुनाव आयोग की सिफारिश के बाद केंद्र ने सुझाया एक देश एक मतदान

देश मे 1967 के पूर्व लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही होते थे। इस दौर की रफ्तार नए राजनैतिक दलों की बढ़ती तादाद के बाद बन्द हो गई। विधि आयोग की सिफारिश के बाद एक चुनाव की बात पर देश सहमत है। कांग्रेस और केजरीवाल का विरोध होना स्वाभाविक है। चुनाव प्रचार के दौरान मुफ्त की रेवड़ी बांटना लगभग बन्द हो जाएगा। सरकार ने एक देश एक मतदाता सूची की तैयारी करने में कमर कस ली है। फिर भी एक चुनाव के लिए दिक्कतें तो आयेंगी लेकिन देश की तिजोरी में छह लाख करोड़ का फायदा होगा। यह कई छोटे देशों की जीडीपी का आंकड़ा है। यह बहुत बड़ी रकम है जिससे जनता की मेहनत की कमाई किसी कल्याणकारी योजना पर खर्च करने से जनता लाभान्वित होगी। एकल सूची बनाने और इस पर सुझाव के लिए कमिटि घोषित की गई है। रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में सुझाव दिए जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव की एक सूची बनाई जा रही है क्योंकि निकाय चुनाव राज्य सरकार के अधीन आते हैं। इस पर सहमति बनाने और रोडमैप के बाद ही मार्ग खुलता दिखाई देगा। देश में यह बदलाव भारत की बदलती तस्वीर की निशानी है। अब तो मतदाता भी जागृत हुए हैं। इतने बड़े लोकतंत्र में हर महीने देश के राज्यों में छोटे बड़े चयन प्रक्रिया और उपचुनाव की मुहिम चलती रहती है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। लोगों को माथापच्ची से छुटकारा मिलेगा। अनुच्छेद 325 के अंतर्गत राज्यों को अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार के दायरे के बाहर है क्योंकि अनुच्छेद के 25 में संशोधन करने के बाद ही मार्ग प्रशस्त होगा। लोकसभा और विधानसभा की सीटें एक ही दायरे में रहती हैं। पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव में राज्य के कानून में बदलाव करना होगा। संविधान संशोधन कर बंदिश लगा रखी है कि 2026 तक कोई भी परिसीमन नहीं होगा। इस पर फिर से कमिटि विचार कर बातचीत के बाद लागू किया जा सकता है। देश में अनेक राज्यों में ईसीआर का इस्तेमाल होता है और अनेक राज्य ईसीआर में शामिल नहीं है। ये सभी अड़चन दूर कर देश में एक देश एक मतदाता सूची की तरफ कदम बढ़ाया जा सकता है। केंद्र के इस कार्य में राजनैतिक दलों का विरोध होता है तो भी इस बात को दरकिनार कर एक चुनाव की रणनीति बनाई जानी चाहिए जिससे जनतालक्ष्यी कार्य को सुगम बनाया जा सके और देश को इन जुमलेबाजों से छुटकारा मिलने में राहत अनुभव कर सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शुक्रवार 15 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

चंटी- बचपन में, मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था तो एक बार स्कूल ट्रिप के दौरान मैं कुतुब मीनार से गिर गया था

बंटी- ओ तेरी, अच्छा फिर क्या हुआ? तू मर गया था या बच गया था?

चंटी- अबे गधे, मुझे क्या पता, बचपन की सारी बातें कहां याद रहती है।

# ढाई सौ करोड़ की राशि का भुगतान नहीं,विरोध में निजी स्कूल रहे बंद

## शिक्षा के अधिकार की राशि बढ़ाने और लंबित राशि के भुगतान समेत कई मांगो के साथ निजी स्कूल संचालकों ने स्कूल बंद कर किया एकदिवसीय प्रदर्शन



**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। शिक्षा के अधिकार की 250 करोड रुपए की राशि का भुगतान नहीं होने और अन्य मांगों के साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने गुरुवार को बिलासपुर और प्रदेश भर के 551 निजी स्कूलों को बंद रखा, तो वही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए सीट आरक्षित है। इन सीटों पर भर्ती होने वाले बच्चों की फीस सरकार देती है, लेकिन राज्य सरकार ने प्राइवेट स्कूलों के करोड़ों रुपए रोक रखे हैं।बताया जा रहा है कि साल 2020-21 और 2021-22 की राशि अब तक जारी नहीं की गई है। राशि न मिलने से छोटे स्कूल संचालकों को बड़ी परेशानी हो रही है।इसी मामले में आगामी 21 तारीख को राजधानी में बड़े आंदोलन की तैयारी है। गुरुवार को आंदोलनरत निजी स्कूल संचालकों ने कहा कि पिछले 12 सालों से आरटीई की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसलिए प्राइमरी में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक के लिए 11500 से बढ़कर 18000 और हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी के लिए 15000 से बढ़कर 25000 राशि किए जाने की मांग की जा रही है। स्कूल बसों के परिचालन के लिए भी छत्तीसगढ़ में अवधि 12 वर्ष निर्धारित है जिसे अन्य राज्यों की तरह 15 वर्ष किए जाने की मांग की जा रही है। निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल दिए जाने की भी मांग की जा रही है। शिक्षा के अधिकार की रोकी गई राशि के भुगतान के अलावा निजी स्कूलों की सभी खातों को पीएमएस के अंतर्गत पंजीकृत किए जाने की मांग भी की जा रही है। निजी स्कूल के संचालकों ने गणवेश की राशि 540 रुपए से बढ़कर 2000 किए जाने की मांग की है। निजी विद्यालय में अध्यनरत एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाने की भी मांग की जा रही है। आत्मानंद स्कूल की तर्ज पर निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किए की मांग की जा रही है। स्कूल बंद कर एक दिवसीय आंदोलन के बाद जिला निजी विद्यालय संचालक संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी न होने पर आगामी 21 तारीख को रायपुर में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## संपादकीय

### डेंगू का इलाज या पैसे उगाही?

*छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से डेंगू का जो प्रकोप बतलाया या समझाया जा रहा था, क्या वह कृत्रिम था? ऐसा इसलिये सोचना या कहना पड़ रहा है क्योंकि रायपुर के 25 अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी की है उसमें इस बात का स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उन्होंने बिना एलाइजा टेस्ट के ही किस तरह से 217 मरीजों को डेंगू का उपचार प्रदान किया है। एलाइजा में पॉज़िटिव आये बिना डेंगू का होना स्वीकार्य नहीं है। इलाइजा टेस्ट सिर्फ 3 का किया गया जबकि अन्य का केवल आरडी किट के जरिये टेस्ट कर उन्हें डेंगू का मरीज मान लिया गया और उसी के अनुरूप उनका इलाज भी किया गया। अगर ऐसा है तो यह कहीं ज्यादा घातक है। प्रशासन को चाहिये कि दोषी अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। यह सीधे-सीधे मरीजों को डराकर पैसे उगाही का खेल दिख रहा है।*

*उल्लेखनीय है कि जब शासन के पास डेंगू मरीजों की संख्या केवल 8 ही थी, उस समय निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में डेंगू मरीजों का आने की सूचना सरकार को मिल रही थी। आंकड़ों का अंतर इसलिये चौंकाने वाला था कि अगर डेंगू का प्रकोप इतना ज्यादा था तो सरकारी अस्पतालों में उनकी संख्या इतनी कम कैसे थी। बात हजम योग्य नहीं थी। साथ ही, डेंगू से सामान्यत: वे लोग प्रभावित होते हैं जिनका जीवन स्तर बहुत अच्छा न हो। इन प्रभावित लोगों का निजी अस्पतालों की ओर रूख करना भी विभागीय अधिकारियों को बहुत चौंका रहा था। इससे शक हुआ और अधिकारियों को उन करीब 50 निजी अस्पतालों पर नज़र रखने व जांच करने के आदेश दिये गये। अंतत: पाया गया कि एलाइजा के बगैर ही लोगों को डेंगू प्रभावित घोषित कर उनका उसी बीमारी का इलाज किया गया। अन्य 25 अस्पतालों का क्या होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है परन्तु उनकी भी जांच हो तथा जिन अस्पतालों में ऐसा किया गया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिय।*

*यह पेशेगत नैतिकता के बिलकुल खिलाफ है। इतना ही नहीं, इसे तो पैसों के लिये मरीजों की जान से खिलवाड़ करना ही कहा जायेगा। ये मरीज सामान्य सर्दी-बुखार या वायरल से प्रभावित होकर इन अस्पतालों में पहुंचे थे। उन्हें साधारण सी जांच-पड़ताल एवं आरडी किट के माध्यम से टेस्ट कर डेंगू के रोगी करार दिया गया। जिन लोगों ने डेंगू न होते हुए भी चिकित्सकों पर विश्वास कर उस बीमारी की दवाएं खाई हैं, उनका साइड इफेक्ट होने की पूरी आशंका है। गलत उपचार के आधार पर दी गयी औषधियां भी लम्बे समय तक खाई गई होंगी। इसे गम्भीर चूक, लापरवाही या अपराध जो भी कहें- लेकिन कड़ी कार्रवाई ज़रूरी है। भूल एक-दो मामले में तो हो सकती है, इतनी बड़ी तादाद में कतई नहीं।*

## सार-संक्षेप

### दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस का रेढ़ाखोल रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव



**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वी तट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले रेढ़ाखोल रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 18425/ 18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस का ठहराव की सुविधा 15 सितम्बर से प्रदान की जा रही है। 15 सितम्बर से पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस का रेढ़ाखोल रेलवे स्टेशन में 00.58 बजे पहुचकर 01.00 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग -पुरी एक्सप्रेस का रेढ़ाखोल रेलवे स्टेशन में 02.02 बजे पहुचकर 02.04 बजे रवाना होगी ।

### लड़की को ब्लैकमेल करने वाला युवक पकड़ाया



**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया के मोबाईल नंबर पर विकास चन्द्रा के नाम से फेसबुक आई.डी.से फ्रेण्ड रिक्वेट आने पर प्रार्थिया द्वारा 2 सिंतबर को फ्रेण्ड रिक्वेट एक्सेपट किया गया। उसके बाद दोनो मोबाईल नंबर एवं व्हाटसअप मेसेज के माध्यम से बातचीत करने लगे, फिर दोनो में दोस्ती होने पर आरोपी के द्वारा प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर मिलने आने बोला गया। प्रार्थिया द्वारा मिलने आने से मना करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को बदनाम करने की धमकी देते हुए 60000 रूपये की मांग की गई। प्रार्थिया द्वारा डरकर आरोपी के बैंक एकाउंट में 3000 रूपये आन लाईन ट्रांसफर की गई। आरोपी द्वारा प्रार्थिया से 57000 रूपये और मांग की जा रही थी। निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर साईबर सेल की मद्द से आरोपी के मोबाईल नंबर का लोकेशन प्राप्त किया गया। आरोपी धरमदास चन्द्रा पिता रेशम लाल चन्द्रा उम्र 26 वर्ष को लाईन पारा शिव मंदिर के पास किरोडिमल नगर थाना कोतरा रोड जिला रायगढ से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### देशी अग्रेजी शराब के साथ दो पकड़ाए



**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी उप निरीक्षक राज सिंह के नेतृत्व में सकरी पुलिस के द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है कि अभियान के दौरान मुखबिर सूचना पर सकरी पुलिस टीम द्वारा सकरी बाजार के पास आरोपियों आरोपी,शंभू नाथ सुर और पिता पुरुषोत्तम सुर निवासी पलासिया बस्ता बालासोर उड़ीसा, बापी दास पिता बैधरदास निवासी सानखुड़ी बस्ता बालासोर उड़ीसा निवासी के कब्जे से देशी प्लेन शराब 32 पाव, 03 पाव अंग्रेजी गोवा शराब कुल कीमती 2920 रूपये एवं एक मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सराहनीय भूमिका उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सकरी उप निरीक्षक राज सिंह, सउनि हेमंत आदित्य, आरक्षक प्रशांत महिलांगे, विनोद दास मानिकपुरी, धनराज कुम्भकार, नर्मदा साहू, अजय शर्मा एवं मालिक राम साहू का विशेष योगदान रहा।

# गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए जिला प्रशासन ने जारी किए दिशानिर्देश

**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजीव झा ने गणेश पर्व के समापन पर नदी तालाबों में आयोजित गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए गाइडलाइन जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि अत्यधिक मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिसके फलस्वरूप न केवल जलीय जीव-जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है, अपितु जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। लिहाजा आगामी गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव पर्व पर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने हेतु मूर्ति विसर्जन शासन के गाईडलाईन अनुसार किया जाना है ।

जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के मुख्य बिन्दु अनुसार नदी और तालाब में विसर्जन पौंड, बन्ड,अस्थायी पौंड का निर्माण किया जाकर मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुत इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका अपवहन उचित तरीके से किया जाना है। जिससे नदी व तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित किया जा सके। इसका निर्माण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार पूर्ण कर लिया जाये। मूर्ति निर्माताओं को मूर्ति निर्माण हेतु लाईसेंस प्रदान करते समय मान्य एवं अमान्य तत्वों की सूची प्रदान की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि मूर्तियां केवल प्राकृतिक जैव अपघटनीय ईको फ्रेंडली कच्चे माल से ही बनाई जाए। मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पैरिस,प्लास्टिक, थर्मोकोल और बेक्ड क्ले का उपयोग न किया जाये। मूर्ति के सजावट हेतु सूखे फूल संघटकों आदि और प्राकृतिक रेजिन का इस्तेमाल किया जाये एवं मूर्ति की उँचाई कम से कम रखी जाये। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना एवं फटाके फोड़ना प्रतिबंधित किया जाये। मूर्ति विसर्जन के दौरान पावर जोन का तेज आवाज में इस्तेमाल करना एवं बेस का इस्तेमाल करना प्रतिबंधित किया जाये। बच्चे एवं शराबियों को विसर्जन स्थल में प्रतिबंधित किया जाये एवं तैराकों गोताखोरो के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल विसर्जन स्थल में तैनात किया जाये। नगर निगम बिलासपुर द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु स्थल का चयन कर प्रचार प्रसार करे। तथा निर्धारित स्थल पर ही मूर्ति विसर्जन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। गाईडलाईन के नियमों का अवमानना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाए।

# निगम आज से करने जा रहा स्वच्छता महाअभियान का आगाज

**आज सुबह व्यापार विहार क्षेत्र मे सफाई का विशेष अभियान**

**स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत आयोजन**

**2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा,अलग-अलग कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन**

**बिलासपुर**, 14 सिंतबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर निगम बिलासपुर आज से शुरू करने जा रहा है अपने 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का आगाज। अभियान के तहत 15 सिंतबर को सुबह 7 बजे से व्यापार विहार के त्रिवेणी भवन परिसर से सफाई का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनप्रतिधि, कर्मचारी समेत शहर के सरकारी,गैर सराकारी संगठन और आम नागरिक शामिल होंगे।

देश भर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य थीम गार्बेज फ्री इंडिया है । जिसमें अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। पखवाड़े के तहत बिलासपुर नगर निगम द्वारा भी अलग-अलग आयोजन किए जाएगा. 15 सितंबर को विशेष सफाई अभियान से इसकी शुरूआत की जाएगी जिसके बाद 23 सितंबर को साइकिल रैली और 2 अक्टूबर स्वच्छता दिवस के दिन पखवाड़े का समापन। इस बीच अलग-अलग दिन निगम द्वारा ड्राइंग,पेंटिंग प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता और शहर के सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

INDIAN SWACHHATA LEAGUE SEASON 2

### आमजनों की सहभागिता है उद्देश्य

इस लीग में मुख्य फोकस पब्लिक की जागरूकता और उनकी भागीदारी पर किया गया है। जिससे पूरे शहर को स्वच्छ बनाया जा सके। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य में जोड़ना है।इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील नगर पालिक निगम द्वारा की गई है।

# लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप पांडिचेरी में बिलासपुर के 3 खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

**बिलासपुर**,14 सितंबर ( देशबन्धु) । प्रथम साउथ एशियन लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन पांडिचेरी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 8 और 9 और 10 सितंबर को किया गया। इसमें भारत नेपाल भूटान श्रीलंका एवं बांग्लादेश के लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया । बिलासपुर से तीन छात्राओं का इस प्रतियोगिता में चयन अप्रैल 2023 में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के आधार पर किया गया था। यह तीनों बिलासपुर के शासकीय हाई स्कूल लिंगियाडीह विद्यालय की छात्राएं हैं । छत्तीसगढ़ से इस प्रतियोगिता में लगभग 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें उन्होंने 12 स्वर्ण पदक 7 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया। बिलासपुर के महिला वर्ग में 48 किलोग्राम कैटेगरी में शिवानी बुधौलिया ने रजत पदक ,35 किलोग्राम वर्ग में अंजली सेन ने रजत पदक एवं 56 किलोग्राम वर्ग में दिव्या साहू ने रजत पदक हासिल कर अपने स्कूल बिलासपुर शहर एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया इस अवसर पर बिलासपुर लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव ठाकुर कर्ण सिंह संरक्षक रविंद्र सिंह योग आयोग सदस्य छत्तीसगढ़ शासन अविनाश शेट्टी महासचिव छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील चंद्रा छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन शासकीय हाई स्कूल लिंगियाडीह की प्राचार्य मंजू सिंह व्याख्याता सरला दुबे व्याख्याता हिमकुमारी मिंज रश्मि गुप्ता प्रतिभा श्रीवास्तव ने प्रतियोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# रेल रोको आंदोलन 40 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिलासपुर**, 14 सिंतबर (देशबन्धु)। रेल रोको आंदोलन में रेलवे सुरक्षा बल ने 40 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 174 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बुधवार को जिले के बिलासपुर और कोटा रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया गया था। जिसके तहत कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पटरियों पर उतरकर मालगाड़ियों की आवाजाही को करीब 2 घंटे तक बाधित किया था। यह आंदोलन ट्रेनों की लेटलतीफी, ट्रेन रद्द करने, छोटे स्टेशनों का स्टॉपेज खत्म करने तथा रेलवे को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ किया गया था।आंदोलन से पहले रेलवे स्टेशन के सामने सभा हुई, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। नेताओं ने रेलवे पर छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दो साल से रेलवे प्रशासन कोयला परिवहन के नाम पर लगातार यात्री ट्रेनों को रद्द कर रही है, जिसका खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आंदोलन में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडे, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, विधायक शैलेश पांडे और रश्मि सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए थे। आरपीएफ ने बताया कि वीडियो रिकार्डिंग और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब तक 40 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# डीपी कॉलेज को ऑटोनॉमस करने के विरोध में एनएसयूआई ने घेरा एयू

## डीपी कॉलेज को ऑटोनॉमस करना शिक्षा का व्यापारीकरण -रंजीत

**बिलासपुर,** 14 सिंतबर (देशबन्धु)। आज एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेंद्र दूबे को छात्रहित में डीपी विप्र महाविद्यालय को ऑटोनॉमस का एनओसी न देने के लिए ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में कोई भी निजी महाविद्यालय ऐसा नहीं है जो ऑटोनॉमस हो या जिसे ऑटोनॉमस का दर्जा दिया गया हो,किसी भी निजी महाविद्यालय को ऑटोनॉमस का दर्जा देने का सीधा अर्थ यही है कि शिक्षा का व्यापारीकरण किया जाए,बिलासपुर शहर में संचालित डी पी विप्र महाविद्यालय के चेयरमैन/संस्थान द्वारा तीन महाविद्यालय संचालित किया जा रहा है,जहाँ अनेक अनियमितता और गड़बडियाँ व्याप्त है जिन्हें मुख्य 9 बिंदुओं में दर्शाते हुए, डी पी विप्र महाविद्यालय को ऑटोनॉमस का एनओसी न देने के लिए कहा गया है। रंजीत सिंह ने विभिन्न 9 बिंदुओं के आधार पर एनओसी ना देने की बात कही जो इस प्रकार हैं । प्राइवेट कॉलेज को ऑटोनॉमस का दर्जा देना शिक्षा का व्यापारीकरण करना।

डी पी विप्र कॉलेज के विभिन्न प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन। विश्वविद्यालय का नियंत्रण महाविद्यालय से खो देना। छात्रों के प्रवेश के लिए रिश्वत लेना। सभी मानकों का पालन करना सुनिश्चित करें। डी पी विप्र कॉलेज में प्रशासन का हस्तक्षेप होना। प्राध्यापकों और कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ित कर शोषण करना। शासन द्वारा डी पी विप्र कॉलेज पर स्त्रद्धक्रदर्ज कराने का आदेश। ऑटोनॉमस दर्जा लेकर पेपर लिक एवं पास-फेल का खेल शुरू होना। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने डीपी विप्र कॉलेज को ऑटोनॉमस् करने के विरोध में कहा कि यदि विश्वविद्यालय डिपी विप्र महाविद्यालय को एन ओ सी प्रदान करती है तो महाविद्यालय में मनमाने ढंग से अपने निजी स्वार्थ एवं आर्थिक लाभ हेतु भ्रष्टाचार कर महाविद्यालय का संचालन किया जायेगा, डीपी महाविद्यालय के ऑटोनॉमस् होने के पश्चात महाविद्यालय में केवल शिक्षा का व्यापार किया जायेगा। अत: छात्रहित को ध्यान में रखकर ज्ञापन में दर्शाये गए बिंदुओं को ध्यान में रखकर डीपी विप्र महाविद्यालय को ऑटोनॉमस् का दर्जा देने के लिए एन ओ सी ना देने की बात कही, इसके बावजूद भी यदि एन ओ सी दिया जाता है तो हम यह मानने के लिए मजबूर हो जायेंगे कि विश्वविद्यालय शिक्षा के व्यापारीकरण की ओर अग्रसर है, जिसका एनएसयूआई पुरजोर विरोध करते हुए विश्वविद्यालय के विरुद्ध चरणबद्ध तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनायेगी। उक्त कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ प्रदेश सचिव लोकेश नायक, जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला, विपिन साहू,जिला महासचिव दुष्यंत कौशिक, जिला महासचिव प्रवीण साहू, जिला महासचिव शुभम जायसवाल, जिला सचिव उमेश चंद्रवंशी, अंश बाजपेयी, योगेश साहू, उमेश साहू, वैभव शर्मा, पंकज निर्मलकर, मुकेश साहू आदि एनएसयूआई के साथी मौजूद रहे।



## सार-संक्षेप

### मड़वारानी मंदिर में हुई भाजपा की बैठक

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 36 मड़वारानी मंदिर में बैठक हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार चंद्रा, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद पटेल, मंडल अध्यक्ष शिव बालक सिंह तोमर, मंडल महामंत्री शैलेंद्र सिंह, लोकेश्वर चौहान, मंत्री केएल राठौर, मीडिया प्रभारी आलोक तिवारी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, तुलसी ठाकुर, महेंद्र चंद्रा, वार्ड पार्षद नर्मदा प्रसाद लहरे, पार्षद गंगाराम भारद्वाज, महिला मोर्चा के अध्यक्षा अर्चना रुनिझा, महिला उपाध्यक्षा रेणु प्रसाद, मालती वर्मा, महामंत्री हेमलता निर्मलकर, श्रीमती महेश्वरी गोस्वामी, मालती वर्मा, उषा गबेल, शकुंतला ठाकुर, बूथ अध्यक्ष मोहन दास, रामसाय साहू, छोटेलाल, शंकर यादव, सचिव भरत लाल वर्मा, रतनलाल कश्यप, वरिष्ठ कार्यकर्ता मोतीलाल यादव, लीलाधर श्रीवास, समस्त जेष्ठ-श्रेष्ट कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक महेंद्र कुमार चंद्रा एवं आभार प्रदर्शन सह संयोजक हेमलाल साहू ने किया।

### सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

कोरबा, 14 सितंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर कोरबा के निर्देशन में विद्युत गृह क्रमांक 1 स्कूल में विधानसभा कोरबा एवं करतला के 35 सेक्टर अधिकारियो का दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी जीपी भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर कोरबा विधानसभा 21 हेतु एसके जोशी नोडल अधिकारी कोऑपरेटिव बैंक कोरबा, बीपी नेताम कार्यपालन अभियंता सीएसईबी व सुश्री पूर्णिमा सिंह डीआरडीएस कोरबा थे। इसी तरह रामपुर विधानसभा 20 हेतु रामकुमार माहेश्वरी, कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम कोरबा, श्रीमती प्रीति खोकर चखियार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास कोरबा व श्रीमती जानकी लहरे जिला विपणन अधिकारी द्वारा सभी सेक्टर अधिकारियो को ईव्हीएम व व्हीव्ही पैट मशीन के साथ प्रायोगिक तौर से बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया।

### भाई दूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिए जिले में 15 नवंबर 2023 दिन बुधवार (भाई दूज) के ऐच्छिक अवकाश को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि पूर्व में जिले में दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) 13 नवंबर 2023 दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 13 नवंबर गोवर्धन पूजा के अवसर पर सामान्य अवकाश घोषित किए जाने के कारण उक्त दिवस के स्थानीय अवकाश को निरस्त किया है। इस हेतु कलेक्टर ने अब जिले में दीपावली के दूसरे दिन 13 नवंबर 2023 (गोवर्धन पूजा) के स्थानीय अवकाश के स्थान पर 15 नवंबर 2023 दिन बुधवार (भाई दूज) के ऐच्छिक अवकाश को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### उद्योगों को संपत्तिकर मुक्त करने पर जताया आभार

कोरबा, 14 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में उद्योग विभाग द्वारा स्थापित उद्योगों को सम्पत्तिकर से मुक्त करने संबंधी आदेश जारी होने से जिला उद्योग संघ ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ सरकार प्रांत के समस्त क्षेत्रों में विकास परिलक्षित हो रहा है तथा सभी वर्ग का स्मरण रखते हुए राहत पहुंचाने का क्रम भी अनवरत जारी है। अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने बताया कि प्रदेश का उद्योग जगत दोहरे करारोपण व्यवस्था से आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था। नगर पालिक निगम के द्वारा स्वयं से आरोपित सम्पत्तिकर को जमा करने के लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा

था। इस विषय को लेकर उद्योग संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात की और इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर तत्काल संज्ञान में लेकर समस्या से स्थायी समाधान करते हुए उपरोक्त घोषणा किया गया है। उन्होंने जिला उद्योग संघ कोरबा की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

### विधानसभावार स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरबा, 14 सितंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए चुनाव अवधि एवं गैर चुनाव अवधि में स्वीप गतिविधियों के संपादन हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभावार नियुक्त किए गए स्वीप नोडल अधिकारियों की आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा विकास चौधरी मोबाइल नंबर 7067897239 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी प्रकार अपर आयुक्त नगर पालिक निगम खजांची कुमार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा यशपाल सिंह को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 कटघोरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली भूपेन्द्र सोनवानी को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली तानाखार हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उपरोक्त सभी अधिकारी स्वीप संबंधी समस्त कार्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

### सप्तदेव मंदिर में भादी अमावस्या उत्सव आज

**कोरबा**, 14 सितंबर (देशबन्धु)। सप्तदेव मंदिर में 15 सितंबर को भादी अमावस्या उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। सप्तदेव मंदिर की स्थापना के पश्चात इस वर्ष इस उत्सव को 30वॉ वर्ष होने के कारण बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारियॉ की गई है। मंदिर में भगवान की पूजा आरती एवं जात जडूला का कार्यक्रम होगा एवं सप्तदेव महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। मंदिर में दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक लगभग 501 महिलाओं द्वारा राणीसती दादी चरित्र मानस का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जायेगा। इस मंगलपाठ हेतु कोलकोता से अनिल लाटा एवं पार्टी विशेष रूप से कोरबा पधारे है जिनके द्वारा दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जाएगा। इसके पश्चात 56 भोग, गजरा, धमाल एवं महाआरती की जायेगी। मंगलपाठ में सम्मिलित होने वाली महिलाएं अपने पूर्ण परिधान में उपस्थित रहेगी। जिन महिलाओं एवं बालिकाओं ने सर्वाधिक मंगलपाठ किया है उन्हें श्री सप्तदेव मंदिर परिवार द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जायेगा तथा उन्हें सम्मान पत्र प्रदत किया जायेगा। सप्तदेव मंदिर परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित होने आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 15 सितंबर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी और 28 सितंबर को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी), अनंत चतुर्दशी, भगत सिंह जयंती को शांति पूर्वक मनाए जाने हेतु आवश्यक चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

# रोजगार की मांग को लेकर जीएम दफ्तर के पास आंदोलन

### आज गेटबंदी व 21 को खदानबंदी करेंगे ग्रामीण

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों के द्वारा जारी आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा रोजगार व अन्य मांगों को लेकर एसईसीएल दीपका के मुख्य कार्यालय के सामने तंबू लगाकर भूविस्थापित प्रदर्शन कर रहे हैं प्रभावित ग्रामीणों ने एसईसीएल दीपका मुख्यमहाप्रबंधक को ज्ञापन



पत्र में उल्लेख किया है कि रोजगार व अन्य मांगों को सार्थक पहल कर रोजगार प्रबंध नहीं कर करती है और अनसुना किया जाता है तो मजबूरन शुक्रवार 15 सितंबर को एसईसीएल दीपका कार्यालय के गेटबंद और गुरुवार 21 सितंबर को दीपका खदानबंदी को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया जाएगा प्रभावितों ने एक सितंबर को मलगांव फेस पर तीन दिनों तक अनशन किया था।

भू-विस्थापितों का कहना है कि प्रबंधन ने अनशन को यह कहकर समाप्त कराया था कि लंबित रोजगार व अन्य मांगों को एसईसीएल बिलासपुर हेड क्वार्टर से अग्रिम कार्रवाई कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि हमेशा की तरह एसईसीएल अपना आश्वासन पूरा नहीं किया मजबूरन बार-बार आंदोलन के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ रहा है सोमवार को एसईसीएल दीपका जीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया था लगभग 2 घंटे प्रदर्शन के बाद जीएम दफ्तर के सामने ही तंबू लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारी ग्रामीण की मांग है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों में रोजगार के लिए लागू नियम का पालन कर सभी को रोजगार प्रदान किया जाए अर्जन के बाद जन्म लेने वाले आश्रितों को भी रोजगार दिया जाए पूर्व में लागू 1988 के नियम में अर्जन के बाद जन्म लेने वाले आश्रितों के रोजगार नहीं देने कोई उल्लेख नहीं है पुराने प्रकरणों पर कार्यवाही की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है।

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उमरेली का नाम रौशन करें छात्र-छात्राएं - डॉ. महंत

■ **उमरेली में नवीन महाविद्यालय का हुआ शुभारंभ, डॉ महंत ने किया उद्घाटन**

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्राम चिर्रा के भेंट मुलाकात में किए गए घोषणा के तहत जिले के सीमावर्ती ग्राम उमरेली में नवीन शासकीय महाविद्यालय का आज से शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने नवीन महाविद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उमरेली जैसे गाँव में कॉलेज का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। यह सब क्षेत्र के लोगों के प्रयास और मुख्यमंत्री की वजह से हो पाया है। इस कॉलेज में उमरेली सहित आसपास गाँव के सभी बच्चे पढ़ेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने बच्चों को पढने् के लिए अवश्य भेजे और यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल कर उमरेली का नाम रौशन करें। इस दौरान कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला श्रीमती सुनीता कंवर, पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, कलेक्टर सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, सुरेन्द्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



उमरेली में नवीन कॉलेज का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ महंत ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी योजना के अलावा राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, कर्ज माफी से किसानों को लाभ मिला है। आने वाले दिनों में ज्यादा मात्रा और ज्यादा राशि में धान की खरीदी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गाँव-गाँव योजनाएं पहुँच रही है और विकास हो रहा है। उमरेली सहित दूरदराज गांवों में कॉलेज खुलना विकास का उदाहरण है, अन्यथा कॉलेज में पढ़ाई के लिए बिलासपुर, नागपुर तक जाना पड़ता था। उन्होंने गाँव में सभी को भाई-चारे के साथ रहने, एक दूसरे का सहयोग करते हुए गाँव के विकास में सबको सहभागी बनने की अपील की और कहा कि नवीन महाविद्यालय में गाँव के बच्चों का भविष्य टिका है, इसलिए सभी की अपनी जिम्मेदारी है कि वे उच्च शिक्षा में आगे बढने् अपने बच्चों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने चिटफंड जैसे संस्थाओं में अपनी कमाई नहीं लगाने और जागरूक बनने की अपील भी की। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने उमरेली में महाविद्यालय संचालन होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में किसी को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़ेगा और विद्यार्थियों के एक सुनहरे भविष्य का निर्माण होगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने शिक्षा को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया और उच्च शिक्षा से विद्यार्थियों के जीवन में एक नया द्वार खुलने की बात कही।

■ **मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की थी नवीन महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा**

# रानी धनराज कुंवर स्वास्थ्य केन्द्र में सोनाग्राफी मशीन का शुभारंभ

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने विगत दिवस को कोरबा के रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु सोनीग्राफी मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले के लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। पूर्व में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, पाली में सोनोग्राफी मशीन का संचालन होने से क्षेत्र की जनता को सोनोग्राफी का लाभ मिल रहा था। अब रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से कोरबा तथा आस-पास क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगे भविष्य में इस चिकित्सालय में एक्स-रे की सुविधा के साथ ही अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा।

इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि रानी धनराज कुंवर देवी



शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से कोरबा शहरी क्षेत्र तथा आस-पास के क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफी का दर अधिक होने के कारण आम जनता को काफी दिक्कतें होती थी। अब केंद्र में सोनोग्राफी की सुविधा मिलने से आंतरिक बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति तथा गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भस्थ शिशु की स्थिति जानने के लिए निजी चिकित्सकों के पास नहीं जाना पड़ेगा। इससे क्षेत्र की जनता को आसानी से यह सुविधा मिलेगी जिससे उनकी समय और धन की बचत होगी। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज, डॉ. राकेश अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी, पी.जी.एम.ओ. रेडियोलॉजी, भुवनेश्वर राज सहित गणमान्य नागरिक तथा चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोरबा पश्चिम में अभियंता दिवस समारोह आज

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। श्री मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया के जन्म दिवस को 15 सितम्बर को अभियंता दिवस के रूप में रविन्द्र सांस्कृतिक भवन, कोरबा पश्चिम में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके कटियार, (प्रबंध निदेशक), छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित होंगे। इस कार्यक्रम में पावर कंपनी के सभी अभियंतागण विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पावर सेक्टर के वर्तमान परिपेक्ष्य में कंपनी के भविष्य में आने वाली चुनौतियों एवं सम्भावनाओं पर मंथन एवं विचार विशिष्ट तकनीकी कुशल अभियंताओं की उपस्थिति में किया जायेगा। इस कार्यक्रम में अभियंता शिरोमणि श्री मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो एवं उनके द्वारा स्थापित अभियांत्रिकी मापदंड पर गहन चर्चा की जाएगी।

## भाजपा-कांग्रेस दोनों ने जनता को छला है - भाकपा




**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच लक्ष्मण वन कोरबा में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आशमती ने की। जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि सीपीआई के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचना है। वन नेशन वन एजुकेशन शिक्षा, चिकित्सा की सामान्यता हो।

आज सत्ता में बैठे लोग चुनाव के समय तरह-तरह के लुभाने वादे करते हैं एवं कपड़ा पैसा बाटते हैं। इस तरह के लोगों से सावधान रहना है और सोचीए इतना पैसा उनके पास कहां से आता है। राम मूर्ति दुबे ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस दोनों ने कोरबा की जनता को छला है चाहे वो भू विस्थापित हो या प्रदूषण, जमीन का पत्ता, रेल सुविधा, सरकारी अस्पताल की बदहाली, इएसआई हॉस्पिटल में पर्याप्त सुविधा न होना इन सब की जिम्मेदार यही लोग हैं। बैठक में निर्णय हुआ कि 20 सितंबर दिन बुधवार शाम 7 बजे लक्ष्मण वन ब्रांच एवं महिला फेडरेशन का सम्मेलन होगा। बैठक में फुल बाई, लक्ष्मी बाई, कामिनी कश्यप, संगीता, संतोषी, कुमारी यादव, सुनीता यादव, वृंदा यादव, रुक्मणी, भगवती श्रीवास, रामशिला यादव, भानमति श्रीवास, मीना यादव, कुंती यादव उपस्थित थे।

## शहर में 76 झुग्गी-झोपड़ी बस्तियां राजस्व मंत्री बताए कब मिलेगा पट्टा

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा शहर में निगम द्वारा 76 अवैध कच्ची बस्ती है, यहां रहने वाले 40 हज़ार से अधिक परिवार पट्टा के लिए परेशान है और राजस्व मंत्री जनता को बीते 5 साल से गुमराह कर रहे हैं। अब भी यह स्पष्ट नहीं कर रहे की किस बस्ती के कितने लोगों को पट्टा का वितरण होगा।

उक्त बातें कोरबा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कही है। श्री देवांगन ने कहा है कि मंत्री और कांग्रेस सरकार आखिर 5 साल से पट्टा क्यों नहीं दे पाई। जबकि सरकर ने 3 साल पहले ही सर्वे करा लिया था। कांग्रेस सरकार ने सिर्फ उद्योगों की जमीन पर काबिज लोगों का सर्वे कराया था। इस सर्वे में 14 हज़ार आवेदन मिले थे। एसईसीएल की जमीन पर काबिज 2500 का पट्टा स्वीकृत हुआ था, शेष का मामला अटका हुआ था, अब भी सिर्फ सीएसईबी की जमीन पर काबिज लोगो को पट्टा मिलने का रास्ता साफ हुआ है। लखनलाल ने मंत्री से सवाल किया है कि इसके अलावा बाकी जगहों पर काबिज लोगों को पट्टा स्वीकृति हुआ या नही बताएं? श्री देवांगन ने कहा कि अब तक राजस्व मंत्री पट्टे के लिए सोए हुए थे, अब जब बीजेपी ने मुद्दा उठाया है तब से कांग्रेस की बेचैनी बढ़ गई है।यह बात झुग्गी झोपड़ी बस्ती में रहने वालों को भी अच्छी तरह से पता है कि भाजपा की सक्रियता के चलते कांग्रेस की चिंता बढ़ गई हैं।



## राष्ट्रीय एकीकरण के लिए हिन्दी एक सशक्त माध्यम- डॉ. सुरेन्द्र



कोरबा-कुसमुंडा, 14 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकीकरण के लिए हिन्दी एक सशक्त माध्यम है क्योंकि हिन्दी भाषा पूरे भारत देश में लगभग सभी राज्यों में बोली व समझी जाती है। यद्यपि संवैधानिक रूप से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य सभी भाषाओं को बराबर का दर्जा हासिल है। संविधान सभा ने देवनागरी लिपि वाली हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में 14 सितम्बर 1949 को स्वीकार किया था।

उक्त उद्गार हिन्दी विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. सुरेन्द्र कुमार खुंटे द्वारा राजा गुरु बालक दास उत्कृष्ट विद्यालय कुसमुण्डा में हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर व्यक्त किए गए। विद्यालय के व्याख्याता जेआर भगत, अश्वनी कुमार तिवारी, विजय कुमार चंद्रा, मो. आजम खान ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक राहुल कुमार ध्रुव एवं रवि कुमार साहू ने हिन्दी भाषा के संबंध में संवैधानिक उपबंध पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर हिन्दी विभाग की व्याख्याता श्रीमती तृप्ति आदित्य सहित श्रीमती मीनाक्षी सिंह बनाफर, डॉ. अनुपम परीक्षित तिवारी, कुमारी भारती चौहान, श्रीमती क्लोडिया लकड़ा, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती सरिता लाठिया ने हिन्दी भाषा में गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शुभम कुमार कौशिक, कुमारी काजल मोदी, कुमारी अश्वनी चौहान, शुभम कुमार रौतिया सहित अन्य छात्रों ने भाग लिया।

# पदोन्नति संशोधन शिक्षकों के कार्य मुक्ति पर विभाग की षडयंत्र पूर्ण कार्यवाही, निंदनीय- बघेल

**कोरबा,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के इशारे पर शिक्षा संभागीय संयुक्त संचालकों द्वारा पदोन्नति स्थान में संशोधित शिक्षकों के प्रति संशोधन निरस्ती आदेश पश्चात एकतरफा कार्य मुक्ति पर विभाग का षड्यंत्र एवं अत्याचार पूर्ण कार्यवाही लगातार जारी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जन शिक्षकों एवं प्रभारी प्रधान पाठकों के माध्यम से पद स्थापना में संशोधित शिक्षकों



एवं प्रधान पाठकों को बिना सूचना के बेक डेट से पाठकान एवं उनकी सेवा पुस्तिका में एक तरफा कार्य मुक्ति को लेकर लिपिबद्ध किये जा रहे हैं जो घोर निंदनीय हैं, विभाग द्वारा एक तरफा कार्य मुक्ति का षड्यंत्र पूर्ण खेल इसलिए की जा रही है क्योंकि न्यायालय के आदेश पर शिक्षा विभाग अपनी झूठे एवं फरेबपूर्ण जवाब प्रस्तुत कर विभागीय पक्ष को पुष्ट कर सके।

छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष तरुण सिंह राठौड़ द्वारा प्रेस को संयुक्त रूप से बताया गया कि पदोन्नति स्थान में संशोधित शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को उच्च न्यायालय द्वारा संशोधित शाला में यथावत बने रहने स्थगन प्राप्त होने के फलस्वरूप भी शिक्षा विभाग द्वारा जबरदस्ती षड्यंत्र पूर्ण एक तरफा कार्य मुक्ति शिक्षकों के लिए प्रताडना् एवं अत्याचार पूर्ण कार्यवाही है जिससे प्रभावित शिक्षकों में घोर निराशा, अवसाद एवं विभागीय अधिकारियों के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

विभाग द्वारा षड्यंत्र पूर्ण कार्यवाही से प्रभावीत शिक्षक कहीं बगावत पर उतर आए तो शिक्षा विभाग का वातावरण उन्माद पूर्ण हो सकता है। ऐसी विषम परिस्थिति मे सरकार द्वारा संज्ञान लेकर शिक्षा व्यवस्था को सुचारु एवं अनुकूल बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। ओमप्रकाश बघेल एवं तरुण सिंह राठौर मांग कीहै कि शिक्षा विभाग, पद स्थापना मे संशोधित शिक्षकों के प्रति अपना हठ पूर्ण कार्यवाही त्यागे एवं न्यायालय के स्थगन आदेश पर अमल करते हुए प्रभावित शिक्षकों को उनके संशोधित शाला में कार्यभार ग्रहण कराये।

## सार-संक्षेप

### गिरदावरी के लिए खेतों में पहुंचे कलेक्टर

**सूरजपुर** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने फसलों की गिरदावरी का फिजिकल वेरिफिकेशन करने के उद्देश्य से आज जिले का दौरा किया। जिसके अंतर्गत वे चंद्रपुर, पतरापारा, डुमरिया और नेवरा पहुंचे थे। यहां कलेक्टर ने खेतों के बीच पहुंचने के लिए मेड़ पर राह तय की और खेतों के बीचों-बीच पहुंचकर धान की फसल की वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकॉर्ड का फसल के साथ मिलान किया। पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की मौके पर पड़ताल की। उन्होंने उन खेतों का भी निरीक्षण किया जहां फसल नहीं लगाई गई है। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि जिन खेतों के आसपास पानी के वैकल्पिक स्रोत है वहां की फसल बेहतर है। इसी आधार पर, निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जनों को उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर डबरी बनाने के लिये प्रेरित किया ताकि जल संग्रहण किया जा सके और वाटर रिचार्ज प्रणाली को पुख्ता कर बेहतर फसल प्राप्त की जा सके। इसके अलावा उन्होंने खसरे के आधार पर ऑनलाइन और मैनुअल नक्शे का मिलान करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों से उन्होंने उनकी समस्या के बारे में भी जानकारी ली और उसके शीघ्र निराकरण की बात कही। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री वर्षा बंसल व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### संस्कार बने भाजयुमो के जिला मंत्री

**सूरजपुर** 14 सितंबर (देशबन्धु)। शहर युवा तुर्क संस्कार अग्रवाल को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला मंत्री बनाया गया है पार्टी में उनकी सक्रियता को देखते हुए यह दायित्व भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत की सहमति व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष अध्यक्ष रविन्द्र भारती ने सौंपा है,जिससे उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

छात्र राजनीति से लेकर युवा राजनीति में संस्कार अग्रवाल अपनी सक्रिय कार्यशैली से एक अलग पहचान बन चुके हैं। वे संगठन सहित मारवाड़ी युवा मंच में विभिन्न पदों पर रहकर अपनी सक्रिय कार्यशैली का परिचय दिया है जिससे युवाओं में वे लोकप्रिय भी है। वर्तमान में वे भाजपा जिला मीडिया सहप्रभारी, जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया, जिला सहसंयोजक आईटी सेल, भाजयुमो शहर महामंत्री, सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा(आरईएस) विभाग जिला सूरजपुर विभिन्न दायित्वो की जिम्मेदारियो के कार्यभार का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रखा है जिसका वे निष्ठा और ईमानदारी के साथ बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।भाजयुमो संगठन में इस अहम दायित्व के मिलने पर उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे जिस विश्वास के साथ नई जिम्मेदारी दी है उसका मैं सफलतापूर्वक निर्वहन करुंगा।संगठन की मजबूती के लिए युवाओं की मजबूत टीम तैयार की जाएगी।

### उप निरीक्षक पैकरा पदोन्नत होकर बने निरीक्षक

**सूरजपुर** 14 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के उप निरीक्षक आनंद राम पैंकरा निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नत हुए। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने स्टार लगाकर इन्हें निरीक्षक (अ) पद पर पदोन्नति प्रदान की। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत निरीक्षक के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें कहा कि अगले पड़ाव में निष्ठा, ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, अमिताभ व अग्रिम मिश्रा मौजूद रहे।


### कला केंद्र मैदान में श्रीमद् भागवत कथा का 18 से भव्य आयोजन

**अंबिकापुर** 14 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी 18 सितंबर से अंबिकापुर के कला केंद्र मैदान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव भव्य आयोजन किया गया है जिसमें परम पूज्य रमेश भाई ओझा के श्रीमुख से प्रेम रसधारा की वर्षा होगी। यह पुनीत आयोजन मानहेरू परिवार के द्वारा पितृ मोक्षार्थ गया श्राद्धत किया गया है जिसकी भव्य तैयारी की जा रही है।

भागवत कथा के आयोजक मानहेरू परिवार के सदस्यों ने बताया कि मां महामाया की नगरी अंबिकापुर में पितृ मोक्षार्थ श्राद्धत श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है यह कथा 18 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित है जिसमें विशाल कलश यात्रा 18 सितंबर को राम मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी इसके पश्चात पूजन भागवत महात्म कार्यक्रम प्रारंभ होगा। 19 सितंबर को नारद संवाद एवं भीष्म चरित्र,20 सितंबर को प्रहलाद चरित्र नरसिंह अवतार,21 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 22 सितंबर को गोवर्धन पूजा,23 सितंबर को रुकमणी विवाह,24 सितंबर को सुदामा चरित्र की रसधारा होगी और हवन व विशाल भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन होगा।भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7बजे तक विख्यात कथावाचक रमेश भाई ओझा जी के मुखार बिंदु से वाचन किया जाएगा जिसका लोग श्रवण करेंगे। कथा की तैयारी को लेकर मानहेरू परिवार के सदस्य बृहद रूप से जुटे हुए हैं।कला केंद्र मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।भागवत कथा का लाइव प्रसारण धर्म संदेश चैनलों के द्वारा प्रतिदिन 3ः00 से 7ः30 तक किया जाएगा जिसकी भी व्यवस्था की जा रही है।भागवत कथा में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

### रेल रोको आंदोलन में शामिल हुए कांग्रेसी, रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**एमसीबी** 14 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला कांग्रेस कमेटी



के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में बार-बार रद्द की जा रही पैसेंजर ट्रेन, किराया वृद्धि और बुजुर्गों मिलने वाली रियायतों को खत्म करने निजीकरण में धरना प्रदर्शन किया । लगभग दो घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के बाद स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से केंद्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल के नाम एक ज्ञापन सौपा गया। पिछले तीन वर्षो से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेल्वे की इस मनमानी से परेशान होते है। त्योहारों छुट्टियों शादी व्याह के सीजनों मे रेल्वे बिना बताये बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है।

50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए यात्री गाड़ियों को प्रभावित किया जाता रहा है। मोदी सरकार रेलवे की बागडोर को अडानी ग्रुप को सौंप दिया गया है। कांग्रेस पार्टी ने मांग करते हुए ज्ञापन में कहा है कि केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करे साथ ही यात्री सुविधाओ, विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड सैनिको, छात्रों एवं बच्चो को पूर्व मे मिलने वाली रियायते बहाल करे तथा रेल्वे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल विराम लगाए ।

# संयुक्त कलेक्टर ने किया गिरदावरी कार्य का निरीक्षण

### ऑनलाइन कार्य में प्रगति लाने के दिये निर्देश

**बलरामपुर** 14 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में त्रुटिरहित गिरदावरी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत त्रुटि रहित गिरदावरी का कार्य पूरा करना है। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रूचि शर्मा ने



विकासखण्ड राजपुर के ग्राम अलखडीहा एवं सेवारी में खरीफ फसलों हेतु किये जा रहे गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के लिए गिरदावरी के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य को त्रुटिरहित ढंग से करने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित किसानों से चर्चा कर गिरदावरी की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रकबे के आधार पर किसानों को लाभ दिया जाता है, इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबे एवं उसमें लगायी गई फसल का सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मौके पर ही पड़ती भूमि का वास्तविक रकबा प्रविष्टि करने तथा ऑनलाइन गिरदावरी प्रविष्टि कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शर्मा ने चल रहे धान पंजीयन कार्य का निरीक्षण करते हुए गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष में धान पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए धान के रकबे में पिछले वर्ष की तुलना में कमी/वृद्धि को ग्राम पंचायतवार सूची तैयार करने के निर्देश तहसीलदार को दिये। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवारी का औचक निरीक्षण कर स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा कर अध्यापन की गुणवत्ता को जाना। इसके साथ ही उन्होंने कक्षा 12 के छात्रों को भूगोल विषय का अध्यापन भी कराया तथा शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर श्री राजीव जेम्स कुजूर, तहसीलदार श्री यशवंत कुमार, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणेश चतुर्थी व ईद पर्व मनाने शांति समिति की बैठक संपन्न

**अम्बिकापुर,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी एवं ईद ए मिलाद को शांतिपूर्ण माहौल एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव सहित विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियों एवं संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सभी ने समस्त पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का आश्वासन दिया।





कलेक्टर श्री कुन्दन ने इस अवसर पर कहा कि आगामी त्यौहारों की तैयारी और आवश्यक व्यवस्था में पूर्व की भांति जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि सरगुजा हमेशा ही भाईचारे की मिसाल रहा है। इस तहजीब और परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने समिति के सदस्यों और युवाओं को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने अपील की है।

पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने गणपति पूजा समितियों को भी अपने वालंटियर्स निर्धारित करने और उनका निश्चित ड्रेस कोड का सुझाव दिया। जिससे आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने उनका भी सहयोग लिया जा सके।

बैठक में सार्वजनिक स्थलों पर विद्युत लाइन का ध्यान रखते हुए गणपति प्रतिमा को ऊंचाई, डीजे एवं ध्वनि यंत्रों के नियमानुसार संचालन, गणपति स्थापना और विसर्जन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। व्यवस्थित विसर्जन हेतु इस बार प्रत्येक समितियों के लिए विसर्जन का समय निर्धारण पर चर्चा की गई जिसमें टोकन के माध्यम से निर्धारित समय पर विसर्जन स्थल पर पहुंचकर प्रतिमा विसर्जन किया जाए जिससे श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखा जा सके।


बैठक में स्वच्छता के दृष्टिगत आयोजन एवं विसर्जन स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था करने, ट्रैफिक व्यवस्था तथा त्यौहार के अनुरूप गरिमामय, सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उपस्थित समिति के सदस्यों ने ईद ए मिलाद एवं गणेश चतुर्थी पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, डीजे एवं साउंड सिस्टम, गणपति प्रतिमा स्थापना एवं विसर्जन के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्रा, पार्षद श्री आलोक दुबे, श्री कैलाश मिश्रा, श्री भरत सिंह सिसोदिया, श्री करता राम गुप्ता सहित शांति समिति के सदस्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्युत करंट से जंगली हाथी की हुई मृत्यु

**रायगढ़** 14 सितंबर (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ के मेढरमार में पिछले दिनों एक किसान के खेत में मिले नर हाथी के शव मिलने के मामले में अंतत: वन विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से जीआई तार व झटका मशीन जब्त कर लिया है। वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने बताया कि बीते 10 सितम्बर को बायसी परिसर अंतर्गतम ग्राम मेढरमार के सामरफुदगा नामक स्थान में देवसिंह राठिया के निजी राजस्व भूमि धान के खेत में 01 वन्यप्राणी जंगली हाथी नर उम्र 45 वर्ष मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना परिसर रक्षक द्वारा दूरभाष के माध्यम से वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमजयगढ़ को दिया गया। सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित कर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ घटना स्थल में पहुंचकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से जांच निरीक्षण किया। मौके में वन्यप्राणी जंगली नर हाथी मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।

मृत जंगली हाथी के सूड में जलने का निशान देखा गया। जिला स्तरीय गठित पशु चिकित्सा अधिकारियों को पोस्ट मार्टम हेतु सूचित किया गया। मृत जंगली हाथी के शव का पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमानुसार पोस्ट मार्टम कर उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ एवं वन परिक्षेत्राधिकारी धरमजयगढ़ के समक्ष किया गया तथा विषरा जांच हेतु मृत हाथी के अंगों का सैम्पल तैयार किया गया। तत्पश्चात विधिवत गड्ढा खोदकर दफन-कफन किया गया।

### नशेड़ी शिक्षक नही हटे तो ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला



**रायगढ़** 14 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के घरघोड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे गुमडा के ग्रामीणों ने बीते दिनों प्राथमिक शाला के दो शिक्षकों के द्वारा समय पर स्कूल नही आने और नशे का सेवन कर स्कूल पहुंचने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में बीईओ के द्वारा स्कूल का निरीक्षण कर जल्द ही स्कूल में शिक्षको को बदलने की बात कही गई थी। इसके बावजूद इस ओर कोई पहल नही होता देख बुधवार की सुबह गांव के ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटे गुमडा के ग्रामीणों ने बीते दिनों प्राथमिक शाला में स्कूल के शिक्षकों पर नशेड़ी और कभी कभार स्कूल आने की शिकायत को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को इस आशय का ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। गांव के ग्रामीणों ने यह भी कहा था कि छोटे गुमड़ा प्राथमिक शाला में दो शिक्षक पदस्थ हैं लेकिन दोनों ही शिक्षक नशे के आदि है एवं कभी भी समय पर स्कूल नही पहुंचते। जिससे बच्चों की नियमित पढ़ाई नही होनें से उनका भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है।

गांव के ही ग्रामीणों ने बताया था कि प्रधान पाठक खिलावन सिंह ठाकुर विगत 20 वर्षो से गांव में पांव पसारे हुए हैं वहीं सहायक शिक्षक अशोक मिंज बिना नशे के स्कूल पहुंचते ही नही। दोनों के खिलाफ ग्रामीणों ने कई बार शिकायत करने के बावजूद उन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नही हो रही है। गांव के ग्रामीणों ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा था कि इन दोनों शिक्षकों को 12 सितंबर तक गांव के स्कूल से हटाकर यहां नये शिक्षकों की नियुक्ति किया जाये अन्यथा 13 सितंबर से स्कूल में ताला बंद करने पर विवश हो जायेंगे।

ग्रामीणों के इस चेतावनी के बाद बीईओ ने इस स्कूल का निरीक्षण कर जल्द ही यहां दूसरे शिक्षकों की नियुक्ति करने का गांव के ग्रामीणों को आश्वासन दिया था लेकिन इसके बावजूद इस ओर कोई पहल नही होता देख आज गांव के ग्रामीणो का आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने स्कूल में ताला लगाते हुए स्कूली बच्चों के साथ धरने पर बैठ गए।

### हिंदी दिवस पर दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस





**मनेन्द्रगढ़** 14 सितंबर (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ के चेतन सत्र में वर्ष का हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश की भाषा का महत्व व संस्कृति में योगदान विषय पर विचार प्रकट किये गये।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संभाषण में प्राचार्य ने हिंदी में निरंतर व्याप्त हो रही विसंगतियों पर प्रकाश डालते हुए कुछ प्रचलित व्याकरणिक अशुद्धियों से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया और अपनी मातृ-भाषा की विशुद्धता के प्रति उन्हें जागृत किया गायक। इस मौके पर विद्यालय के ही गणित के वरिष्ठ शिक्षक साहित्यानुरागी अमित तिवारी ने अपने उद्बोधन में हिंदी दिवस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियों को छात्र- छात्राओं से साझा किया और एक कविता के माध्यम से हिंदी के महत्व की व्याख्या की।

विभिन्न कक्षाओं के नौनिहालों द्वारा हिन्दी काव्य-पाठ किया जाना अत्यंत ही प्रभावकारी रहा तथा साथ ही साथ इस अवसर पर सभी कक्षाओं में हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## प्रदेश में अराजकता का माहौल- विजय बघेल

**चिरमिरी** 14 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश संयोजक सांसद विजय बघेल ने प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। राज्य के लोगों को अलग थलग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में पांच सालों में लगातार हड़ताल चल रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी हम प्रदेश के दौरे पर है, हम लोगों द्वारा पूरे प्रदेश में 90 सुझाव की पेटी लगाए हैं जिसमे सबके सुझाव आमंत्रित हैं । अभी तक 32 विधान सभा क्षेत्र पूर्ण हुए अभी 65 क्षेत्र में बाकी है। सबकी राय लेकर आगे का कार्य किया जाएगा,कांग्रेस सरकार आज



जबरन गुण्डा गर्दी पर उतारू हैं किसानों से जबरन वर्मी कम्पोस्ट खाद दिया जा रहा है। भाजपा के समय में बनोपज आदिवासी लेकर उसका सही मूल्य प्राप्त करते थे। शराबबंदी करना छोड़ सरकार द्वारा 13 हजार करोड़ का घोटाला किया गया है। पाटन से चुनाव लडने के बारे मे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं नहीं पाटन की जनता चुनाव लड़ रही है, मै तो प्रदेश के दौरे पर हूं, कांग्रेस से प्रदेश की जनता दुखी है। इस दौरान पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल चंपा देवी पावले व काफी संख्या भाजपा नेता मौजूद रहे हैं।

### 02 से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का होगा आयोजन

**अम्बिकापुर।** समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिये 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2023 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अब जिले में 25 सितंबर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

**कोरिया** 14 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 0 से 06 वर्ष के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। शत-प्रतिशत बच्चों की वृद्धि निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए वजन त्यौहार की अवधि को 25 सितंबर 2023 तक के लिए बढ़ाई गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में बताया हैं कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 01 सितंबर से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार आयोजित किया जाना था। जिसकी समय सीमा में वृद्धि करते हुए अब 25 सितंबर 2023 तक बढ़ाई गई है। इसका उद्देश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना, बच्चों का डेटाबेस तैयार करना, कुपोषण कम करने हेतु कार्ययोजना बनाना तथा लक्षित बच्चों को चिन्हांकित करना है।

## समूह की महिलाएं बना रहीं रीपा में गणेश प्रतिमाएं

### गणेश उत्सव में घर-घर विराजेंगे इको फ्रेंडली गणपति



**अम्बिकापुर,** 14 सितंबर (देशबन्धु)। इस गणेश उत्सव जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं भगवान गणेश की मूर्तियां बना रहीं हैं, जैसे-जैसे गणेश उत्सव का त्योहार पास आ रहा है ये महिलाएं दोगुनी मेहनत के साथ मूर्तियां तैयार करने में जुट गई हैं। समूह द्वारा तैयार मूर्तियां विक्रय हेतु सी मार्ट में उपलब्ध हैं, महिलाओं द्वारा स्थानीय बाजारों में भी स्टॉल लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की नजर जैसे ही इन सुंदर मूर्तियों पर पड़ रही है, वे स्वयं आकर्षित होकर मूर्तियां खरीद रहे हैं। सीमार्ट में घरेलू सामान खरीदने आए राहुल सिन्हा ने बताया कि मैंने यहां गणेश प्रतिमाएं देखीं, मुझे बताया गया कि ये मिट्टी की बनी प्रतिमाएं हैं। मैंने तुरंत 350 रुपए में एक प्रतिमा खरीद ली, मिट्टी की बनी इको फ्रेंडली प्रतिमाएं पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाती हैं।

**सुंदर प्रतिमाओं की ओर स्वयं आकर्षित हो रहे लोग**



गौरतलब है कि रीपा गौठान मेन्ड्राकला में गणेश प्रतिमा निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति समूह तथा रीपा गौठान कुंवरपुर की प्रगति महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मूर्तियां तैयार की जा रहीं हैं। शक्ति समूह की दीदी विमला बताती हैं कि ये मूर्तियां पुरी तरह से मिट्टी से बनाई गईं हैं। हम सब ने मिलकर बड़ी संख्या में मूर्तियां तैयार कर ली है, पहले हमने यह कार्य ऑर्डर पर शुरू किया था, मूर्तियों के विक्रय से दोगुने से भी अधिक लाभ हुआ है, इसी को देखते हुए हमने मूर्तियों का निर्माण जारी रखा है। प्रगति स्व सहायता समूह की दीदी ने बताया कि उन्हें यह कार्य करके बहुत प्रसन्नता हो रही है समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक प्रतिमाएं तैयार करने में जुटी हैं, शासन-प्रशासन ने उन्हें रोजगार का अच्छा माध्यम दिया है। उनके लिए सबसे बड़ी खुशी की बात

### 'काला' में नमन का किरदार निभाना मुझ पर काफी भारी पड़ा : ताहिर शब्बीर

**मुंबई।** अभिनेता ताहिर शब्बीर क्राइम ड्रामा 'काला' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि उन्हें बुरे आदमी का किरदार निभाना पसंद है। 'काला' की दुनिया का निर्माण और निर्देशन बेजॉय नांबियार ने किया है। सीरीज में ताहेर नमन आर्य का किरदार निभा रहे हैं। ताहेर ने कहा कि मुझे बुरे आदमी का किरदार निभाना पसंद है, लेकिन मुझे मौका कम ही मिलता है, इसलिए मुझे नमन का हर पहलू पसंद आया क्योंकि वह इस बारे में बेपरवाह है। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि शूटिंग के बाद नमन की भूमिका निभाने से मुझ पर काफी प्रभाव पड़ा। एक दृश्य मुझे बहुत पसंद है जब मुझसे पुलिस स्टेशन में पूछताछ की जा रही है। नमन ने वास्तव में उसमें मुझ पर कब्जा कर लिया था।

## अभिनेत्री सायरा बानो ने कहा कि मुझे हिंदी सीखने पर बहुत गर्व है

**मुंबई,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक, सायरा बानो ने हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के साथ अपने पहले अनुभव के बारे में बात की। 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन एक ऐसे अवसर के रूप में सामने आता है जो हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करता है। इंस्टाग्राम पर अपने डेब्यू के बाद से सायरा को दिवंगत अभिनेता और अपने पति दिलीप कुमार की खूबसूरत यादें साझा करते देखा गया है। सायरा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा कि उन्हें हिंदी सीखने पर कितना गर्व है। 'पड़ोसन' फेम अभिनेत्री ने देवनागरी में लिखा कि सालों पहले जब मैं एक मशहूर अभिनेत्री बनने का सपना लेकर भारत आई थी, तो यहां की भाषाओं में इतनी निपुण नहीं थी। अभिनेत्री ने कहा कि हिंदी सिनेमा में अभिनय करने के लिए ये बहुत जरूरी था कि मैं हिंदी भाषा को अच्छे से बोल और समझ पाऊं, खासकर के 60 के दशक में जब दो कलाकारों के बीच में संवाद बहुत ही लंबा और शायराना शब्दों को मिला कर बना करते थे। उन्होंने कहा कि मेरी मां 'परी चेहरा नसीम बानो' जी ने मेरे यहां आने के बाद ये जिम्मा उठाया कि मैं ये अनमोल भाषा सीख सकती हूं, और मैंने उतनी ही लगन के साथ इसे सीखा, और इस बात का मुझे बहुत गर्व है। सायरा अभिनेत्री नसीम बानो और निर्माता मियां एहसान-उल-हक की बेटी हैं। नसीम बानो को 'ब्यूटी क्वीन' और भारतीय सिनेमा की 'पहली महिला सुपरस्टार' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1930 के दशक के मध्य में की थी और 1950 के दशक के मध्य तक अभिनय करती रहीं। 16 साल की उम्र में सायरा ने हिंदी फिल्मों में डेब्यू के लिए काम शुरू किया।




### आईआईटी ने भविष्यवाणी के लिए बनाई एआई एल्गोरिदम

## मानव हस्तक्षेप के बिना ही संरचनात्मक क्षति की होगी पहचान

- पुल और भवनों का होगा मूल्यांकन
- तापमान में अत्यधिक उतार चढ़ाव वाले ठंडे क्षेत्रों में परीक्षण

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। आईआईटी मंडी ने पुलों की स्थिति का अनुमान और उनके जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग व एआई डेटा-संचालित तरीका तैयार किया है। यह एआई एल्गोरिदम मानव हस्तक्षेप के बिना ही संरचनात्मक क्षति की पहचान कर सकते हैं।

विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों पर यह रियल टाइम और महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकता है। इस पर आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं का कहना है कि एआई-आधारित एल्गोरिदम का प्रयोग व्यापक रूप से किया जा सकता है। यह केवल पुलों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसका उपयोग रोपवे, इमारतों, एयरोस्पेस संरचनाओं, ट्रांसमिशन टावरों और समय-समय पर स्थिति मूल्यांकन और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता वाले विभिन्न बुनियादी ढांचों जैसी संरचनाओं में भी किया जा सकता है।

आईआईटी का कहना है कि पुल भारत के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देशभर में इनकी संख्या लगभग 13,500 है। यह संरचनाएं तापमान में परिवर्तन, पानी और हवा जैसे पर्यावरणीय कारकों के कारण प्राकृतिक रूप से पुरानी हो जाती हैं। जिसको भारी सड़क यातायात ने और बढ़ा दिया है।

परंपरागत रूप से पुलों की स्थिति का आकलन दृश्य निरीक्षण के माध्यम से किया जाता रहा है जबकि विशेषज्ञों द्वारा इस पद्धति को अपर्याप्त माना गया है। यह सभी संरचनात्मक मुद्दों का पता लगाने में असफल रहता है और यह अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसमें कई तस्वीरों का मैन्युअल विश्लेषण किया जाता है।

इन अध्ययनों के निष्कर्ष को हाल ही में मैकेनिकल सिस्टम्स एंड सिग्नल प्रोसेसिंग और न्यूरल कंप्यूटिंग एंड एप्लीकेशन पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया है। इस शोध को स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभमोय सेन और उनके शोधार्थी डॉ. स्मृति शर्मा, ईश्वर कुंचम और आईआईटी मंडी की नेहा असवाल के साथ-साथ फ्रांस के आईएनआरआईए रेनेस के डॉ. लॉरेंट मेवेल के सहयोग से तैयार किया गया है। इस संबंध में विस्तार से बताते हुए आईआईटी मंडी के डॉ. सुभमोय सेन ने कहा कि हमने एक पुल की स्थिति का अनुमान लगाने और उसके शेष उपयोगी जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग, एआई और बायेसियन सांख्यिकीय अनुमान जैसे डेटा-संचालित तरीकों को तैयार किया है। परिणामों में परिचालन और प्रतिकूल लोडिंग स्थितियों के तहत बुनियादी ढांचे के जोखिम को कम करने की क्षमता है।



विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों में तापमान के उतार-चढ़ाव से पुल की गतिशील क्षमतायें बहुत प्रभावित होती हैं। इसलिए रियल टाइम और एआई-आधारित एसएचएम दोनों में ही इन तापमान के प्रभावों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। वार्षिक और दैनिक तापमान में अत्यधिक उतार चढ़ाव वाले ठंडे क्षेत्र के एक पुल पर आईआईटी मंडी के इस एल्गोरिदम को सख्ती से जांचा जा चुका है।

शुरुआत में आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने क्षति का पता लगाने में एल्गोरिदम की क्षमताओं का आकलन करने के लिए इसका परीक्षण एक क्षतिग्रस्त पुल पर किया। इसके बाद उन्होंने क्षति के स्थान को इंगित करने में एल्गोरिदम की सटीकता का मूल्यांकन करने के लिए जानबूझकर कंप्यूटर मॉडल में क्षति को इंगित किया। तत्पश्चात इस परीक्षण के माध्यम से संरचनात्मक क्षति की पहचान करने में एल्गोरिदम की प्रभावशीलता की पुष्टि हुई।

## महिला ने एप्पल एयरपॉड को विटामिन समझकर निगल लिया

**सैन फ्रांसिस्को,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में एक महिला ने अपने एप्पल एयरपॉड्स को विटामिन समझकर गलती से निगल लिया। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। एंड्रॉइड अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, तन्ना बार्कर एक टिकटॉक वीडियो में स्वीकार करने के बाद वायरल हो रही हैं कि उसने अपना एक एयरपॉड निगल लिया है। वीडियो में महिला ने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ घूमने और बातचीत करने के लिए निकली थी। इस दौरान उसने अधिक स्पष्ट रूप से सुनने के लिए अपने कान से एक ईयरबड्स निकाल लिया। इसी बीच महिला ने अपना विटामिन लेने का फैसला किया और एयरपॉड को अपने मुंह में डाल लिया। उसके बाद उसे एहसास हुआ कि विटामिन अभी भी उसके हाथ में हैं। तन्ना बार्कर का कहना है कि जब मैं अपनी पैदल यात्रा के आधे रास्ते में थीं, तब मैंने अपने विटामिन लेने का फैसला किया। इसलिए मैंने अपने विटामिन मुंह में डाले और पानी पी लिया। मेरी गोलियां मेरे हाथ में थीं। मैंने अपना एयरपॉड निगल लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला तन्ना बार्कर ठीक लग रहीं हैं। यहां तक कि महिला अपने इस किए पर हंस भी रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला ने जिक्र किया है कि उन्होंने सलाह के लिए तुरंत डॉक्टरों और दोस्तों को बुलाया। उन सभी ने महिला को एक ही बात कही कि इसे स्वाभाविक रूप से होने दें। 2021 में एक अन्य अमेरिकी महिला ने भी एक एयरपॉड निगल लिया, यह सोचकर कि यह एक विटामिन है। उसे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि वॉयस नोट रिकॉर्ड करने और उसके पेट की आवाज़ कैप्चर करने के बाद भी यह काम कर रहा था। पिछले साल, यूके की एक सेलिब्रिटी ने भी अपने एयरपॉड को अपने विटामिन के साथ निगल लिया था।



## 'चक दे इंडिया' के अभिनेता रियो कपाड़िया का 66 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। शाहरुख खान अभिनीत 'चक दे इंडिया' में कमेंटेटर के रूप में काम करने वाले बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का गुरुवार को 66 साल की उम्र में निधन हो गया। कपाड़िया ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे अंतिम सांस ली। कपाड़िया के एक करीबी दोस्त ने एक आधिकारिक बयान जारी किया जिसमें लिखा था, 'प्रिय दोस्तों, बड़े अफसोस के साथ मैं आप लोगों को सूचित करना चाहता हूं कि हमारे प्रिय मित्र रियो कपाड़िया का आज दोपहर 12.30 बजे निधन हो गया।' उनकी मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है। कपाड़िया का अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुंबई के गोरेगांव इलाके में होगा।



'चक दे' इंडिया' के अलावा कपाड़िया ने 'हैप्पी न्यू ईयर', 'दिल चाहता है' और 'मर्दानी' में भी काम किया है। उन्होंने 'सपने सुहाने लड़कपन के' और सिद्धार्थ तिवारी की 'महाभारत' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'कुसुम एक आम लड़की की कहानी' जैसी अन्य श्रृंखलाओं में भी अभिनय किया था।

अभिनेता को आखिरी बार 'मेड इन हेवन 2' में देखा गया था, जिसमें उन्होंने मृणाल ठाकुर के पिता की भूमिका निभाई थी।

## 17 वर्षीय किशोर की छाती से निकाला गया 1.92 किग्रा का ट्यूमर

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में 17 वर्षीय किशोर की छाती से 1.92 किलोग्राम का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है। गुरुग्राम स्थित फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) के डायरेक्टर एवं हेड, कार्डियोथोरेसिक एवं वास्क्युलर सर्जरी (सीटीवीएस) डॉ. उद्गीथ धीर ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि एफएमआरआई के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी कर इस बिनाइन ट्यूमर को मरीज़ की छाती से निकाला।

उन्होंने बताया कि मरीज ने जब अस्पताल से संपर्क किया तो उन्हें गर्दन और छाती में दर्द की शिकायत के साथ बुखार भी था। अस्पताल में उनकी विस्तृत जांच से पता चला कि उन्हें एक दुर्लभ किस्म का ट्यूमर (थाइमोलिपोमा) है। जिसमें थाइमस ग्रंथि का आकार बढ़कर छाती और फेफड़ों के काफी बड़े हिस्से को ढक लेता है। उन्होंने बताया कि मरीज़ के फोर्टिस गुरुग्राम में भर्ती होने पर उनकी टीम ने मरीज का हाई-रेजोल्यूशन सीटी स्कैन किया, जिससे पता चला कि एक बड़े आकार के ट्यूमर ने उनकी छाती के अधिकांश हिस्से को ढका था। इसकी वजह से उनके फेफड़ों और हृदय पर भी दबाव बढ़ रहा था। इसकी वजह से फेफड़े एवं हृदय अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे थे। डॉक्टरों ने मामले की जटिलता को समझते हुए तत्काल जोखिमपूर्ण ऑपरेशन कर इस बड़े ट्यूमर को मरीज की छाती से सफलतापूर्वक बाहर निकाला। डॉ. धीर ने कहा कि थाइमोलिपोमा काफी दुर्लभ किस्म का कैंसर होता है जो मुख्य रूप से फैटी टिश्यू और थाइमिक टिश्यू से मिलकर बना होता है। थाइमोलिपोमा हालांकि आमतौर पर बिनाइन प्रकृति का कैंसर होता है, लेकिन इसका आकार बढ़कर आसपास के अंगों एवं अन्य संरचनाओं पर दबाव बना सकता है, जिसके कारण सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द और अन्य परेशानियां हो सकती हैं। इस मामले में, ट्यूमर साइज के कारण मरीज की लाइफ क्वालिटी काफी प्रभावित हुई थी। डॉक्टरों ने एडवांस इमेजिक तकनीक और सटीक सर्जिकल प्लांनिंग से न सिर्फ थाइमोलिपोमा को हटाया बल्कि आसपास के अन्य नाजुक अंगों एवं संरचनाओं को भी बचाया। इस पूरी प्रक्रिया में काफी सटीक तरीके से चीरा लगाने और काफी बारीकी से नजर रखने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर रही और वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। ऐसे मामलों में यदि समय पर उपचार न किया जाए तो मरीज को सांस नहीं आने, एट्रोफिक डायफ्राम मसल्स और लंग क्षमता कम होने जैसी शिकायतें हो सकती हैं।



### थाइमोलिपोमा काफी दुर्लभ किस्म का कैंसर

## सातवां दिव्य कला मेला आज

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। दिव्यांगजनों की कला और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करने के लिए सातवां दिव्य कला मेला उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कल से आरंभ होगा। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि सातवां दिव्य कला मेला 15 सितम्बर से 24 सितम्बर तक उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी करेंगे। मंत्रालय के अनुसार वाराणसी में दिव्य कला मेला आगंतुकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। इसमें जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों के कला उत्पाद, हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई के काम और पैकेज्ड फूड आदि एक साथ देखने को मिलेंगे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग देश भर के नियमित दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने वाला एक कार्यक्रम आयोजित करता है। इससे पहले दिव्य कला मेला दिल्ली, मुंबई, भोपाल, गुवाहाटी, इंदौर और जयपुर में आयोजित हो चुका है।

### दिव्यांगजनों की कला व उद्यमशीलता का प्रदर्शन

वाराणसी दिव्य कला मेला में लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इनमें व्यापक श्रेणी में उत्पाद, गृह सजावट और जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण – आभूषण, बैग आदि शामिल होंगे।

मेला में दिव्यांग कलाकारों और जाने-माने पेशेवरों के प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक गतिविधियों की एक श्रृंखला भी होगी। कार्यक्रम में पर्यटक देश के विभिन्न क्षेत्रों के अपने पसंदीदा भोजन का आनंद भी ले सकेंगे।

## रोटरी एलीट दिखाएगा 2500 विद्यार्थियों को सिनेमा ऑन व्हील्स में लघु फिल्में

**उदयपुर,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। रोटरी एलीट उदयपुर द्वारा सिनेमा ऑन व्हील्स नवचेतना-जागरूकता चलचित्र अभियान का शुभारंभ डेंगला स्थित राजकीय विद्यालय में चलचित्र प्रदर्शन से हुआ। क्लब अध्यक्ष विकास श्रीमाली ने बताया कि 14 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में छात्र- छात्राओं में तम्बाकू सेवन, दहेज प्रथा, बाल विवाह, मोबाइल की लत जैसे व्यसनों तथा गुड टच- बैड टच, महिला शिक्षा, सामाजिक सौहार्द, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूकता वृद्धि के उद्देश्य से लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में आज डिंगला स्थित राजकीय विद्यालय में इन लघु फिल्मों के एक- एक घंटो के पांच शो दिखाए गए जिनमें 250 छात्र- छात्राओं ने इन सामायिक विषयों के प्रति जागरूकता प्राप्त की। अभियान का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के प्रांतपाल निर्मल कुनावत ने किया।

## आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर तैयार

**खंडवा,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। तीर्थनगरी ओम्कारेश्वर में जगतगुरु आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ़ वननेस' बनकर तैयार हो गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस प्रतिमा का 18 सितम्बर को लोकार्पण करेंगे। नर्मदा किनारे देश का चतुर्थ ज्योतिर्लिंग ओम्कारेश्वर शंकराचार्य की दीक्षा स्थली है जहां वे अपने गुरु गोविंद भगवत्पाद मिले और यहीं 4 वर्ष रहकर उन्होंने विद्या अध्ययन किया। 12 वर्ष की आयु में ओंकारेश्वर से ही अखंड भारत में वेदांत के लोकव्यापीकरण के लिए प्रस्थान किया। इसलिए ओम्कारेश्वर के मान्धाता पर्वत पर 12 वर्ष के आचार्य शंकर की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। यह पूरी दुनिया में शंकराचार्य की सबसे ऊंची प्रतिमा होगी जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 18 सितम्बर को करेंगे।

मध्यप्रदेश की करीब दो हजार करोड़ रुपयों की एक महत्वाकांक्षी धार्मिक एवं आध्यात्मिक योजना खंडवा जिले के तीर्थस्थल ओम्कारेश्वर में आकार ले रही है जिसमे ओंकार पर्वत पर 28 एकड़ में अद्वैत वेदांत पीठ और आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा 'स्टेच्यू ऑफ़ वननेस' बनकर तैयार हो चुकी है जबकि शेष कार्यों का भूमिपूजन होना है। सनातन धर्म के पुनरुद्धारक, सांस्कृतिक एकता के देवदूत व अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता 'आचार्य शंकर' के जीवन और दर्शन के लोकव्यापीकरण के उद्देश्य के साथ मध्यप्रदेश शासन द्वारा ओंकारेश्वर को अद्वैत वेदांत के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। आदि शंकराचार्य मात्र 8 वर्ष की उम्र में अपने गुरु को खोजते हुए केरल से ओमकारेश्वर आये थे और यहां गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा ली। यही से उन्होंने फिर पूरे भारतवर्ष का भ्रमण कर सनातन की चेतना जगाई। इसलिए ओम्कारेश्वर के मान्धाता पर्वत यह 108 फीट ऊंची बहुधातु की प्रतिमा है जिसमें आदि शंकराचार्य जी बाल स्वरूप में है।

कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि बाल शंकर का चित्र मुंबई के विख्यात चित्रकार वासुदेव कामत द्वारा वर्ष 2018 में बनाया गया था जिसके आधारपर यह मूर्ति सोलापुर महाराष्ट्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार भगवान रामपुर द्वारा उकेरी गई। मूर्ति निर्माण हेतु वर्ष 2017-18 में संपूर्ण मध्यप्रदेश में एकात्म यात्रा निकाली गई थी जिसके माध्यम से 27,000 ग्राम पंचायतों से मूर्ति निर्माण हेतु धातु संग्रहण व जनजागरण का अभियान चलाया गया था। इस प्रकल्प के प्रथम चरण में 18 सितंबर को एकात्मता की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह करेंगे। इसके लिए पूरे देश के कोने -कोने से दो हजार से ज्यादा संत ओम्कारेश्वर पहुंच रहे है। 15 तारीख से तीन दिवसीय अनुष्ठान में ये संत हिस्सा लेंगे जिसकी पूर्णाहुति 18 सितम्बर को होगी। मुख्यमंत्री चौहान इसी दिन इस परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे जिसमें 'अद्वैत लोक' नाम का एक संग्रहालय तथा आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान की स्थापना की जाएगी। शंकर संग्रहालय के अंतर्गत आचार्य शंकर के जीवन दर्शन व सनातन धर्म पर विभिन्न वीथिकाएं, दीर्घाएं, लेजर लाइट वॉटर साउंड शो, आचार्य शंकर के जीवन पर फिल्म, सृष्टि नाम का अद्वैत व्याख्या केंद्र, एक अद्वैत नर्मदा विहार, अन्नक्षेत्र, शंकर कलाग्राम आदि प्रमुख आकर्षण रहेंगे।



## कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'चूना' में एक नए अवतार में दिखेंगे आशिम गुलाटी

**मुंबई,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'चूना' में किरदार निभाने वाले अभिनेता आशिम गुलाटी ने शो में अपनी भूमिका और चुनौतियों पर खुलकर बात की। कॉमेडी और एक्शन के रोमांचक मिश्रण के साथ 'चूना' दर्शकों को उनकी सीट से बांधे रखने का वादा करता है। आशिम ने शो में 'गली के गुंडे' अंसारी का किरदार निभाया है। अंसारी की दुनिया में खुद को पूरी तरह से डुबोने और एक अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति की बारीकियों और तौर-तरीकों को अपनाने के लिए उन्हें व्यापक प्रशिक्षण और कार्यशालाओं से गुजरना पड़ा।



अंसारी की भूमिका के लिए निर्देशक की पसंद के रूप में आशिम ने रोमांचित और चुनौतीपूर्ण दोनों महसूस किया। आशिम ने कहा कि चूना एक शानदार यात्रा थी क्योंकि मैंने पहले इस तरह का किरदार नहीं निभाया है। अपने बॉय-नेक्स्ट-डोर आकर्षण के लिए मशहूर आशिम ने स्वीकार किया कि उन्हें अक्सर समान भूमिकाओं के लिए कॉल आते हैं। हालांकि, 'चूना' ने उन्हें उस ढांचे से बाहर निकलने और एक अभिनेता के रूप में नए आयाम तलाशने का एक नया अवसर प्रदान किया। जी करदा फेम अभिनेता ने कहा कि मैं 'चूना' का हिस्सा बनकर और अंसारी के किरदार को जीवंत करके बहुत खुश हूं। अंसारी की यात्रा भावनाओं का एक रोलरकोस्टर है, जो वास्तव में अनोखे तरीके से नाटक, कॉमेडी और एक्शन का मिश्रण है।

### डेंगू के मामले में बढ़ोत्तरी

## खतरनाक वेरिएंट डेन-2 स्ट्रेन ने बढ़ाई चिंता

**नोएडा/गाजियाबाद,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में लगातार डेंगू के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन अगर बात करें यूपी के शो विंडो नोएडा और गाजियाबाद की तो यहां पर भी मामले बढ़ते जा रहे हैं। सबसे चिंता की बात है की इन दोनों ही जिलों में डेंगू का नया स्ट्रेन डेन-2 पाया गया है, जो बाकी स्ट्रेन के मुकाबले घातक होता है। आमतौर पर डेंगू का मच्छर जुलाई से अक्टूबर के बीच ज्यादा तेजी से पनपता है। इस बार बारिश में गंगा, यमुना समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़कर बाढ़ के हालात बने। इससे मच्छरों को पनपने का मौका मिला। पिछले साल के मुकाबले इस साल अब तक चार गुना ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं।

### करीब 3-5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के दिखाई पड़ते हैं लक्षण

इसी हफ्ते प्रदेश में हुई भारी बारिश से डेंगू के एडीज मच्छर (एशियन टाइगर) के लिए माहौल और मुफीद हो गया है। डॉक्टर कह रहे हैं कि इस बारिश से डेंगू के मामले सर्दियां शुरू होने के बाद तक आ सकते हैं। जिन जगहों पर बारिश में पानी जमा हुआ है, वहां पर ज्यादा सावधानी की जरूरत है। जोड़ों में दर्द की वजह से आम बोलचाल की भाषा में डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण शरीर व जोड़ों में बहुत दर्द होता है।



डेंगू मच्छर के काटने के करीब 3-5 दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं। कई बार बुखार नहीं भी आ रहा है। डेंगू का सबसे अहम लक्षण बुखार है, जो 4 से 10 दिन तक रह सकता है। ये पेशेंट की उम्र, जेंडर, इम्यूनिटी और मेडिकल कंडिशन पर भी डिपेंड करता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। इसलिए शहरों में पानी भरने पर डेंगू के मामले तेजी से फैलते हैं।

# देश विदेश

## दक्षिणी पेरू में दो वाहनों की टक्कर में दस की मौत

**लीमा।** दक्षिणी पेरू के अरेक्विपा क्षेत्र में मंगलवार रात एक मिनीवैन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 9¬10 बजे (1410 जीएमटी) पर एक सुरंग के प्रवेश द्वार पर हुई। मृतकों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस और अग्निशमन कर्मी पीड़ितों की मदद करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे।

# रूस के सैन्य अभियान के बाद से यूक्रेन ने खोए पांच लाख सैनिक

**कीव,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस के विशेष सैन्य अभियान की फरवरी 2022 में शुरुआत के बाद से यूक्रेन अपने लगभग पांच लाख सैनिकों को खो चुका है। डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के कार्यवाहक प्रमुख के सलाहकार यान गैगिन ने खुफिया जानकारी और खुले स्रोतों के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी।



डीपीआर के कार्यवाहक प्रमुख के सलाहकार यान गैगिन ने दी जानकारी

गैगिन ने कहा, अगर हम यूक्रेनी सशस्त्र बलों के नुकसान के बारे में बात करते हैं... तो हम इन नुकसानों के बारे में यूक्रेन में हमारे स्रोतों से प्राप्त खुफिया डेटा से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और सार्वजनिक स्रोत भी हैं। उदाहरण के लिए एक सप्ताह पहले.. एक यूक्रेनी मोबाइल ऑपरेटर (एमटीएस-यूक्रेन) ने एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किया है कि लगभग चार लाख उपभोक्ता फिर कभी फोन नहीं उठाएंगे।

उन्होंने नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के हालिया बयान का भी जिक्र किया। श्री गैगिन ने कहा, एक और क्षण था जब यूरोपीय संसद की एक बैठक में नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग से जब पूछा गया कि क्या यूक्रेन में पांच लाख से अधिक सैन्यकर्मी मारे गए, तो उन्होंने कुछ भी जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि उन्होंने यह वादा नहीं किया था कि यह आसान होगा। वह है, उन्होंने अपनी चुप्पी से इस आंकड़े की पुष्टि की। इसलिए, इस संघर्ष के दौरान सैन्य कर्मियों के रूप में मारे गए लगभग पांच लाख यूक्रेनियन का आंकड़ा, मुझे लगता है कि यह सच्चाई के करीब है,।



### पुतिन ने किम जोंग उन का निमंत्रण का स्वीकारा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह खबर दी। श्री किम ने रूस के अमूर क्षेत्र में वोस्तोचन अंतरिक्ष केंद्र में रूस-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के बाद बुधवार को श्री पुतिन के साथ रात्रिभोज में यह निमंत्रण दिया।

रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आठ वर्षों तक कीव शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है।

## रूस के साथ शांति संधि पर जापान के रुख में कोई बदलाव नहीं

**टोक्यो।** जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्रीय विवाद को हल करने और रूस के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए कुरील द्वीप समूह (इटुरुप, कुनाशीर, शिकोटन और हाबोमाई) को लेकर उनके देश के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। श्री कामिकावा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक ??उत्तरी क्षेत्र का सवाल है, हम क्षेत्रीय मुद्दे को सुलझाने और शांति संधि संपन्न करने की दिशा पर दृढ़ता से कायम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जापान रूस के खिलाफ अपनी प्रतिबंध नीति जारी रखेगा, लेकिन यह देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा, हमारे देश ने, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से मुख्य रूप से जी 7 के साथ, रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध अपनाए हैं और भविष्य में भी उन्हें जारी रखने का इरादा रखता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 15 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक रूप से भी प्रसन्न रहेंगे। अपनी रचनात्मकता से कुछ नया कर पाने की स्थिति में रहेंगे। आज आपका मन साहित्य और कला में लगेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन और संपत्ति के कागजात पर ध्यान से हस्ताक्षर करें। दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

मिथुन - किसी खास काम में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी भी आपसे पराजित होंगे। दोपहर के बाद घर में किसी विवाद का वातावरण बना रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क - आज आपका मन किसी उलझन में रहेगा, इससे आपको किसी विशेष काम करने में निराशा होगी। परिजनों के साथ तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है। किसी निर्धारित काम में आपको कम सफलता मिलेगी।

सिंह - आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप प्रत्येक कार्य दृढ़ निर्णयशक्ति से करेंगे। इससे आपको सफलता मिलेगी। आज आपमें क्रोध की भावना थोड़ी रहेगी, इसलिए ज्यादातर जगहों पर मौन बने रहें।

कन्या - आज आपका मन कुछ अधिक इमोशनल रहेगा। इमोशनल होकर किसी तरह का गलत निर्णय ना ले लें, इसका ध्यान रखें। आज चर्चा और वाद-विवाद से दूर रहें। किसी के साथ उग्रतापूर्ण व्यवहार ना करें।

तुला - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

वृश्चिक - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से प्रत्येक काम पूरे होंगे। व्यवसाय में भी आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। जॉब में अधिकारी आपके काम से खुश होंगे। इससे आपको पदोन्नति मिलेगी। पिता के साथ संबंध सुमधुर रहेंगे।

धनु - आप आज धार्मिक बने रहेंगे। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपका व्यवहार भी आज अच्छा रहेगा। गलत कामों से दूर रहेंगे। क्रोध पर संयम रखें।

मकर - आज संभलकर रहें। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाह न रहें। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। इससे आपके बहुत से काम आसानी से बन जाएंगे। आकस्मिक व्यय के लिए तैयार रहें।

कुंभ - आज साधारण सी बातों पर दांपत्यजीवन में विवाद हो सकता है। सांसारिक बातों में आपका मन नहीं लगेगा। अदालती कामकाज में संभलकर रहें। सामाजिक कार्यक्रम में किसी से विवाद हो सकता है। नए काम की शुरुआत न करें।

मीन - आपका मन आज किसी चिंता में रहेगा। काम की सफलता में आपको विघ्न आएंगे। ऑफिस में साथियों की मदद नहीं मिलेगी। मैरीड कपल के बीच विवाद हो सकता है। परिवार में शांति बनाए रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बलूचिस्तान में हुए आत्मघाती हमले में 11 लोग घायल

**इस्लामाबाद,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए आत्मघाती हमले में एक धार्मिक राजनीतिक दल के नेता सहित 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने आज यहां मीडिया को बताया कि कलात जिले में राजनीतिक रैली में भाग लेने जा रहे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) के नेता पर मस्तुंग जिले से गुजरते समय यह आत्मघाती हमला किया गया। मस्तुंग के पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार नेता हाफिज हमदुल्ला के वाहन को आत्मघाती हमलावर ने टक्कर मार थी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने जिले के एक मुख्य राजमार्ग पर विस्फोटक से भरी मोटरसाइकिल नेता के वाहन से टकरा दी। जेयूआई के प्रवक्ता असलम गौरी ने बताया कि हमले में नेता और उनके दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि श्री हमदुल्ला को मामूली चोटें आईं और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय एक यात्री वैन हमदुल्ला के वाहन के पास से गुजर रही थी और विस्फोट की चपेट में आने से आठ यात्री भी घायल हो गए। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

# सूडान में हवाई हमला, 40 लोगों की मौत

## आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए हमले

**खार्तूम,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिमी सूडान के दक्षिण दारफुर की राजधानी न्याला में बाजार और रिहायशी इलाकों पर हुए हवाई हमलों में कम से कम 40 लोग मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि युद्धक विमानों ने अल-साद अल-अली, अल-रियाद और टेक्सास के पड़ोस सहित आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाकर हमले किए। न्याला में लोकप्रिय अल-मलाजा बाजार को भी हवाई हमले में निशाना बनाया गया। इन हवाई हमलों में लगभग 40 नागरिक मारे गए।



केंद्र के एक चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि न्याला में अल-वोहदा स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी संख्या में घायल लोग आए, जिनमें से कुछ लोगों की तो पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि कुछ अन्य की वहां पहुंचने के बाद मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

## लीबिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 5,500 तक पहुंची


**त्रिपोली।** उत्तरी अफ्रीका का देश पूर्वी लीबिया में शक्तिशाली तूफान से भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,500 हो गई है, जबकि सात हजार अन्य घायल हुए हैं। त्रिपोली स्थित आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता ओसामा अली ने कहा कि अभी तक मरने वालों की कोई अंतिम संख्या निर्धारित नहीं की जा सकती है, क्योंकि प्रभावित क्षेत्रों से शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 10 हजार लोगों के लापता होने की सूचना मिली है और 30 हजार लोग प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित हो चुके हैं। श्री अली ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी आपूर्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## तेहरान ने पश्चिम के ईरान विरोधी बयान पर उचित जवाब का जताया संकल्प

**तेहरान,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। ईरान ने आईएईए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में जारी किए गए ईरान विरोधी बयान पर उचित जवाब देने का संकल्प लिया है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में प्रवक्ता नासिर कनानी के हवाले से बुधवार को कहा गया कि ईरान फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के साथ-साथ अमेरिका के ई3 समूह के राजनीतिक कदम का उचित जवाब देगा। कनानी ने कहा कि बयान में आईएईए के साथ ईरान के सहयोग के खिलाफ की गई आलोचना साल की शुरुआत से दोनों पक्षों की बातचीत के बाद तेहरान और एजेंसी के बीच सहयोग में महत्वपूर्ण प्रगति के बाद आई है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कनानी ने कहा कि ईरान सुरक्षा उपायों के ढांचे के भीतर आईएईए के साथ सहयोग करने के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि ई3 और अमेरिका, जिनके ईरान विरोधी कदमों के पीछे कुछ मकसद हैं और उन्होंने देश



के खिलाफ शत्रुतापूर्ण रुख अपनाया है, अपने राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए तेहरान और आईएईए के बीच तकनीकी सहयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। बयान में, ई3 ने दावा किया कि ईरान की हरकतें उसकी जेसीपीओए प्रतिबद्धताओं और घोषित इरादों का स्पष्ट उल्लंघन हैं और ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को स्पष्ट रूप से विश्वसनीय नागरिक औचित्य से परे एक खतरनाक स्तर तक बढ़ाना जारी रखा है। पिछले मार्च में आईएईए के साथ हुए समझौते को लागू करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित नहीं की है।

## गाजा सीमा पर विस्फोट पांच की मौत

**गाजा,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। इजरायल-गाजा सीमा पर एक विस्फोट में कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को फिलिस्तीनियों के सामूहिक प्रदर्शन के दौरान हुए विस्फोट में 25 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट से पहले, सीमा पर कई फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजरायली सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान इजरायली सैनिकों ने गोलियां और आंसू गैस के गोले दागे। द टाइम्स ऑफ इज़रायल के अनुसार, इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि फिलिस्तीनियों द्वारा बैरियर पर विस्फोटक उपकरण और हथगोले फेंकने के बाद इजरायली सैनिकों ने उनको तितर-बितर करने के उपाय किए। आईडीएफ ने दावा किया कि इजरायलियों को चोट पहुंचाने के प्रयास में प्रदर्शन के दौरान फिलिस्तीनी दंगाइयों द्वारा एक विस्फोटक उपकरण रखा गया था। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस बीच इजराइली सेना ने इस संभावना से इनकार किया कि इजराइली गोलीबारी के कारण विस्फोट हुआ।

## आज का इतिहास

1812-नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।

1876-भारतीय उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म।

1916-प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।

1926-विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष अशोक सिंघल का जन्म।

1948-स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई( अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।

1959-भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत।

1971-हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई।

1981-वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।

1982-लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम विस्फोट में हत्या।

2000-सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ।

2001-अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफ़ग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।

2002-न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाइलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।

2003-सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।

**तैयारी** *9 मई के दंगों पर पाकिस्तान की आतंकवाद-रोधी अदालत सख्त*

# पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं को भगोड़ा घोषित करने की तैयारी

**इस्लामाबाद, 14 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) ने 9 मई के दंगों से संबंधित दो मामलों में इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई के कम से कम 16 नेताओं और कार्यकर्ताओं को भगोड़ा घोषित करने और देश भर के स्थानीय समाचार पत्रों में उनके नाम प्रकाशित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इमरान खान फिलहाल न्यायिक रिमांड पर अटक जेल में हैं। उनकी रिमांड को एक विशेष अदालत की सुनवाई के दौरान 26 सितंबर तक बढ़ा दिया गया था।**

दूसरी ओर, पीटीआई के सह-अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की जमानत भी विशेष अदालत ने 26 सितंबर तक बढ़ा दी है, जो उनके और इमरान खान दोनों के खिलाफ सिफर मामले की सुनवाई कर रही है।

**पीटीआई के कम से कम 16 नेताओं पर कसेगा शिकंजा**

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके राजनीतिक दल के सदस्यों पर कानूनी चुनौतियां जारी हैं। जिनमें से कई नेता पहले ही पार्टी से अलग हो चुके हैं, जबकि अन्य गिरफ्तारी के डर से छिप गए हैं। एटीसी के अनुसार, 16 पीटीआई नेताओं में असलम इकबाल, फारुख हबीब और जुबैर नियाज़ी शामिल हैं। ये कथित तौर पर 9 मई को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर से इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में सैन्य प्रतिष्ठानों पर लक्षित हमले करने, देश में सरकारी संपत्तियों को लूटने और तोड़फोड़ करने के लिए हिंसक भीड़ को उकसाने तथा नेतृत्व करने में शामिल थे।



एटीसी ने अभियोजन पक्ष को संदिग्धों की उपस्थिति के लिए समाचार पत्रों में एक उद्घोषणा प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियां अभी भी 9 मई के दंगों में शामिल सभी लोगों की तलाश कर रही हैं। हाल ही में सेवानिवृत्त कर्नल अजमल साबिर को हिंसा और बर्बरता में उनकी कथित संलिप्तता के लिए रावलपिंडी से गिरफ्तार किया गया था। पीटीआई प्रमुख और उनकी पार्टी के लिए आगे की राह कठिन होती जा रही है क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से लेकर देशद्रोह तक के गंभीर आरोप हैं।

## सुडोकू 6317


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | | | | | | |
| | 4 | 6 | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| 5 | | | 7 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | 2 | | 4 | 1 | | |
| 4 | | 1 | | | 8 | | | 7 |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 3 | 9 | 5 | |
| | | | | | | 7 | 4 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6317



**बायें से दायें:-**

१. चरम सीमा, आखिरी हद
३. अनियंत्रित
५. निवेदक (उर्दू)
६. झण्डा, ध्वज
७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)
९. दुर्गा
१०. 'हाईकमिश्नर'
१२. पक्का, मजबूत, जो कभी न टूटे
१३. विस्मय
१४. अयोग्य, नाकाबिल (उर्दू)
१६. अन्यथा (उर्दू)
१८. पीड़ित, उत्सुक
२०. महत्ता
२१. अज्ञानता
२३. सेंधमारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ
२. सुनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)
३. अविश्वसनीयता, लेन-देन में खोटापन(उर्दू)
४. गीत गाने वाली
५. अविभाजित, अखंड
८. तराना, बहुत ज्यादा बातें करना
१०. प्रकाश, रोशनी
११. लड़ाकू
१२. कमी, कसर
१३. बल्कि, किंतु
१४. मूर्ख, अविवेकी
१५. पूजा करने या कराने वाला
१७. रसदार, आम, गन्ना, गेहूं
१८. सहारा, भरोसा, टेक
१९. रात्रि, रात
२२. अंधकार

### वर्ग पहेली-6316

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | म | त | री | | | ग | जा | न | न |
| र्म | | दु | | प | र्व | ण | | जा | |
| शा | स | प | त्रि | त | | रा | त | रा | नी |
| ल | | रां | | वा | णि | ज्य | | | म |
| | इ | त | वा | र | | | शे | र | पा |
| | च्छु | | र | | प्र | मु | ख | | ग |
| प्र | क | र | ण | | बं | | र | म | ल |
| शं | | वा | | रो | ध | क | | द | |
| सि | वा | य | | क | | लं | बो | द | र |
| त | | त | म | ना | श | क | | | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6317 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 |

## दुनिया को जानें

### रूस ने स्पूतनिक वी वैक्सीन के क्लिनिकल परीक्षण को मंजूरी दी

**मॉस्को,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 के खिलाफ स्पूतनिक वी वैक्सीन के एक संशोधित संस्करण के नैदानिक परीक्षणों को अधिकृत किया है। अनुमोदित नैदानिक परीक्षणों की रजिस्ट्री के डेटा से यह जानकारी मिली है। रजिस्ट्री के डेटा के मुताबिक नैदानिक अध्ययन का लक्ष्य- संशोधित एंटीजेनिक प्रोफाइल के साथ गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 (एसएआरएस-सीओवी-2) वायरस के कारण होने वाले कोरोनोवायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए गम कोविड वैक्सीन (स्पुतनिक वी) की सुरक्षा, वयस्क स्वयंसेवक प्रतिक्रियाजन्यता और प्रतिरक्षाजनकता का मूल्यांकन करना है। रजिस्ट्री के अनुसार परीक्षणों में 100 से अधिक स्वयंसेवकों के भाग लेने की उम्मीद है। रजिस्ट्री से पता चला है कि 12-17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए संशोधित कोरोनोवायरस वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण करने के लिए एक प्राधिकरण भी जारी किया गया है, और परीक्षण 31 दिसंबर, 2024 को पूरा हो जाएगा।

# खेल जगत

## हर साल बेहतर हो रहा है आईएसएल का स्तर : सुनील छेत्री

**बेंगलुरु,** 14 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम और आईएसएल में बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के लिए शानदार मंच है। छेत्री, जो लीग के इतिहास में शीर्ष भारतीय गोल स्कोरर हैं। उन्होंने एक युवा खिलाड़ी संदेश झिंगन का उदाहरण देते हुए कहा कि आईएसएल में खेलकर उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। आईएसएल ने छेत्री के हवाले से कहा, हर साल जब लीग प्रतिस्पर्धी हो जाती है तो इससे देश के लिए खेलने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को मदद मिलती है। छेत्री ने कहा, हर साल बेहतर खिलाड़ियों के आने से लीग का स्तर बेहतर होता जा रहा है। संदेश झिंगन इसका एक उदाहरण है। एक युवा खिलाड़ी के रूप में कोरो बार्थ ओग्बेचे और मिकू जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलकर उनमें सुधार हुआ।



# बांग्लादेश के खिलाफ नए संयोजन आजमा सकता है भारत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई में विजयरथ पर सवार भारत अपने नेपाल के खिलाफ ग्रुप और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से अपने शुरू के दोनों सुपर 4 मैच दमदार ढंग से जीत सबसे पहले वनडे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में स्थान बना चुका है। वहीं बांग्लादेश की टीम श्रीलंका और पाकिस्तान से अपने दोनों सुपर 4 मैच हार फाइनल की होड़ से बाहर हो चुकी है और उसके पास खोने को कुछ नहीं है। भारत अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते अब बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार को कोलंबो में अपने अंतिम सुपर 4 मैच में फाइनल से पहले सभी विकल्पों को आजमाने के मकसद से उतरेगा। बांग्लादेश के लिए भारत को रोकना बेहद मुश्किल होगा। ऐसे में भारत और बांग्लादेश के लिए शुक्रवार का यह मैच महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेले जाएगा और इसमें दोनों के पास अगले महीने होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले अपनी दूसरी पंक्ति के खिलाडियों और नए संयोजनों को आजमाने का मौका जरूर है। भारत के लिए चोट के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कामयाबी राहत दिलाने वाली है। भारत चाहेगा कि एक मैच खेलने के बाद फिर पीठ की चोट से उबरने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फिट हो जाएं और वह बांग्लादेश के खिलाफ खेलें। श्रीलंका और पाकिस्तान से अपने दोनों सुपर 4 मैच हार कर फाइनल से बाहर हो चुकी बांग्लादेश की कोशिश भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर सम्मान से एशिया कप को विदा कहने की होगी। बांग्लादेश के बल्लेबाजों का खासतौर पर बुमराह और भारत के लिए नौ विकेट चटका विकेट लेने में सबसे आगे चल रह बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और चतुर बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा से पार पाना आसान नहीं होगा।



■ बांग्लादेश के लिए भारत को रोकना बेहद मुश्किल होगा

■ भारत और बांग्लादेश के लिए नए संयोजनों को आजमाने का मौका

भारत इस मैच में पीठ की परेशानी के चलते पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैच से बाहर रहने वाले अब फिट नजर आ रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इशान किशन की जगह एकादश में मौका दे सकता है। वहीं फाइनल की होड़ से बाहर बांग्लादेश के खिलाड़ियों का चोट है कि पीछा छोडने का नाम नहीं ले रहे हैं। एशिया कप के शुरू होने से पहले ही तमीम इकबाल और इबादत हुसैन बाहर हो गए थे वहीं बीमारी के चलते लिटन दास भी बाहर रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जडने वाले नजमुल हुसैन शांतो जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के चलते और पाकिस्तान के खिलाफ अर्द्धशतक जडने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम अपने बच्चे के कारण स्वदेश लौट चुके हैं। भारत शुक्रवार को केएल राहुल या इशान किशन की जगह श्रेयस अय्यर, सिराज की जगह व जसप्रीत बुमराह में से किसी एक की जगह मोहम्मद शमी तथा अक्षर पटेल की जगह शार्दूल ठाकुर को बांग्लादेश के खिलाफ एकादश में मौका दे सकता है।बांग्लादेश अपने कई शीर्ष खिलाडियों के उपलब्ध न होने के कारण मजबूरन नए संयोजन के साथ उतरेगा। वहीं बांग्लादेश नईम की की तंजिद हसन और पारिवारिक कारणों से बाहर मुशफिकुर रहीम की जगह अफीफ हुसैन को उतारने के साथ बतौर विकेटकीपर अब स्वस्थ हो चुके लिटन एकादश को अपनी एकादश में जगह दे सकता है।

भारत की खुशकिस्मती है कि अपने घर में अगले महीने होने वाले वन डे विश्व कप से पहले उसके कप्तान रोहित शर्मा, उनके सलामी जोड़ीदार, सदाबहार विराट कोहली, केएल राहुल, इशान किशन और हार्दिक पांडया सहित उसका पूरा शीर्ष क्रम रंग में आ चुका है। भारत को श्रीलंका कें 20 बरस के बाएं हाथ के स्पिनर दिनुथ वलालगे और ऑफ स्पिनर चरित असालंका ने जिस तरह परेशान किया था उससे प्रेरित होकर बांग्लादेश के कप्तान खुद बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर शाकिब अल हसन और ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज भी उस पर लगाम लगाने की कोशिश करेंगे। साथ ही भारत के खासतौर पर तेज गेंदबाजी आक्रमण के तुरुप के इक्के चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ सफल वापसी कर टी-20 सीरीज जिताने वाले जसप्रीत बुमराह ने दिखाया कि वह अपने घर में वन डे विश्व कप जैसे अहम टूर्नामेंट के लिए मैच फिट हैं। बेशक मोहम्मद सिराज रंग में हैं लेकिन भारत को तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिहाज जरूर अनुभवी मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज का इस्तेमाल करने की राह निकालनी होगी क्योंकि वह किसी भी पिच पर पिच पर किसी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ विकेट चटकना खूब जानते हैं। भारत के लिए बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने जिस तरह रंग में उसके मद्देनजर बांग्लादेश के बल्लेबाजों को खासी मुश्किल पेश आने वाली है।

कप्तान रोहित शर्मा (कुल 194) चार मैचों में तीन अर्द्धशतकों सहित रन बनाने में सबसे आगे चल ही रहे हैं उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल (कुल 164) दो अर्द्धशतकों तथा सदाबहार विराट कोहली (कुल 129) तथा चोट के बाद चोट के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैच में शतक के साथ वापसी करने वाले केएल राहुल( कुल 150 रन), एक एक अर्द्धशतक जडने वाले इशान किशन(कुल 115 रन) हार्दिक पांडया (कुल 92) ने जरूरत के वक्त पर भारत के लिए मौजूदा एशिया कप में बड़ी पारियां खेल कर दर्शाया है कि वे वन डे विश्व कप के लिए जेहनी और तकनीकी रूप से पूरी तरह तैयार है। सोने पर सुहागा यह है कि बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल नौ विकेट) पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर 4 मैच में पांच और श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लेकर तथा लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (पांच विकेट)और सही समय पर विकेट चटकाने की कला में माहिर हार्दिक पांडया ने दिखाया कि वह बल्ले ही नहीं गेंद के साथ भी भारत के तुरुप के इक्के रहने वाले हैं। बांग्लादेश ने इस टूर्नामेंट में अकेली जीत पूल मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ तब हासिल की जब नजमल हसन शांतो और मेहदी हसन मिराज ने शतक जड़े थे। बांग्लादेश यदि एशिया कप में अपने अभियान का समापन जीत के साथ करना चाहता है तो खासतौर पर उसके कप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के साथ ऑलराउंडर मेहदी हसन को गेंद और बल्ले तथा तोहिद हृदय को बल्ले से कमाल दिखाना होगा। बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और शौरीफुल इस्लाम को गेंद से कमाल दिखाना होगा। बांग्लादेश चाहेगा कि वह वन डे विश्व कप से पहले अपनी बल्लेबाजी की दिक्कत से निजात पा ले।

# चोट के कारण पृथ्वी शॉ लम्बे समय के लिए क्रिकेट से हुए दूर

**मुंबई,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ घुटने की चोट से जूझने के कारण लंबे समय के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर हो गए हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक पृथ्वी को चोट से उबरने के लिये तीन-चार महीने लग सकते है, इसका मतलब यह है कि वह निश्चित रूप से भारत के 2023-24 घरेलू सीज़न का एक बड़ा हिस्सा चूक जाएंगे जो एक अक्टूबर को राजकोट में ईरानी कप के साथ शुरू होने वाला है। शॉ को डरहम के खिलाफ एक दिवसीय चैम्पियनशिप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पृथ्वी शॉ तीन-चार महीनों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस दौरान वह रिहैब में रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, पृथ्वी के चोटिल होने के बाद एमआरआई की गई। इसमें पता चला कि उनके लिगामेंट में इंजरी है। फिलहाल मेडिकल टीम शॉ के इलाज को लेकर सभी संभावित विकल्पों पर विचार कर रही है और सर्जरी ही आखिरी विकल्प होने की संभावना है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक अधिकारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि शॉ 16 अक्टूबर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में नहीं खेलेंगे। यह चोट शॉ के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और आगे बढ़ रहे थे। वह चार पारियों में 429 रन के साथ एक दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

गौरतलब है कि पृथ्वी ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए एक मुकाबले में नाबाद 125 रन बनाए थे। उन्होंने इससे पहले 244 रनों की शानदार पारी खेली थी। पृथ्वी भारतीय क्रिकेट टीम से 2021 से दूर चल रहे हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2021 में खेला था।



शॉ जुलाई में दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट ज़ोन का हिस्सा थे जिसके बाद वह नॉर्थेंट्स के लिए एक दिवसीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए इंग्लैंड गए। शॉ आखिरी बार फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20ई के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे और बाद में आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं दिया जिसमें उन्होंने 14 मैचों में से केवल आठ में 106 रन बनाए। शॉ ने अपनी वापसी पर खुशी व्यक्त करते हुये पिछले दिनो कहा था, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्प्टनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह खेल जल्दी खत्म हो गया, मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। यह एक शानदार क्लब है और वहां सभी ने मेरा स्वागत किया। मैं वापसी के लिए इंतजार नहीं कर सकता। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मैच जीतने में मदद करना है और इस बार मेरा घायल होना मेरे लिए बहुत निराशाजनक था।

## बाबर आजम एक चैंपियन है : मैथ्यू हेडन

**कोलंबो,** 14 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने बाबर आजम को चैंपियन खिलाड़ी बताया और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में उनसे प्रभावशाली पारी की उम्मीद की। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, हेडन ने बाबर से न केवल एक कप्तान के रूप में बल्कि एक बल्लेबाज के रूप में भी उनसे अपेक्षाओं पर अपने विचार साझा किए। हेडन ने दबाव में प्रदर्शन करने के बाबर के कौशल पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, बाबर आजम एक चैंपियन हैं। वह बार-बार इन चीजों से वापसी करते हैं क्योंकि चैंपियन यही करते हैं। जब आप आंकड़ों में उनकी तुलना विराट कोहली से करते हैं, तो बाबर आजम वास्तव में उसमे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इसलिए वो पाकिस्तानी टीम लाइनअप के लिए महत्वपूर्ण हैं और मुझे यकीन है कि वह श्रीलंका के खिलाफ इस करो या मरो मैच में शानदार प्रदर्शन करेंगे। बाबर न केवल इसलिए अहम है क्योंकि वह कप्तान है, बल्कि वह एक बल्लेबाज के रूप में भी टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। हेडन ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान टीम का मार्गदर्शन किया और पाकिस्तान टीम को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हालांकि, वे इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल हार गए। इस शानदार सफर का पूरा श्रेय हेडन ने कप्तान बाबर को दिया था। हेडन ने कहा, हम सभी समझते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट और विशेष रूप से यह टीम बहुत मजबूत है। बाबर पर हमेशा इसका भार रहता है। इसलिए जब उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं होता है, तो यह मायने रखता है। नेपाल के खिलाफ शानदार 151 रन की पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट में बाबर का बल्ले से दबदबा काफी बढ़ गया है। वह रोहित शर्मा और नजमुल शान्तो के बाद टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# डेविस कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**लखनऊ** 14 सितंबर (एजेंसियां)। मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से यहां शुरू होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले के लिये भारतीय टीम की घोषणा गुरूवार को कर दी गयी।

भारत के नान प्लेयिंग कैप्टन रोहित राजपाल ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय टीम मे देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिंह और युकी भांबरी को जगह दी गयी है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मेन ड्रा निकाला जायेगा, उससे एक घंटे पहले तक टीम में रद्दोबदल की गुंजाइश बनी रहेगी।




उन्होने कहा कि रैकिंग में कमजोर दिखने वाली मोरक्को को हल्के में लेने की भूल उनके खिलाड़ी कतई नहीं करेंगे। बोपन्ना हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल मुकाबले के रनरअप रहे है और उनकी फार्म जबरदस्त है वहीं सुमित नागल से भी भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं। उनकी टीम पूरी तरह से मैच के लिए तैयार है। उधर मोरक्को के कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनके देश में आए भूकंप ने उनकी पूरी टीम को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में घरों से दूर रहकर खेलना बहुत मुश्किल है। यहां पर मौसम काफी गर्म और उमस से भरा है पर अब उनके खिलाड़ी स्थितियों में खुद को ढाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन पहले से उनका आना उनके काम आ रहा है। मेहदीने दावा किया कि वो मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत की टीम कागजों पर मजबूत है पर डेविस कप में कुछ भी संभव है। गोमतीनगर के विजयंतखंड के मिनी स्टेडियम पर 16 और 17 सितंबर को भारत और मोरक्को के बीच चार सिंगल्स और एक डबल्स मैच खेला जायेगा। मैच का प्रसारण डी डी स्पोर्टस पर किया जायेगा। राजपाल ने बताया कि उमस भरी गर्मी के चलते मैच शुरू होने के समय में मामूली फेरबदल किया गया है। 16 तारीख यानी शनिवार को मुकाबला 12 बजे के बजाय दो बजे से शुरू होंगे जबकि रविवार को सुबह 11 बजे के स्थान पर मैच दोपहर एक बजे से खेले जायेंगे।

# वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का बड़ा फैसला, अब से नेकगार्ड पहनना होगा जरूरी

**सिडनी,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को 1 अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य होगा। बयान में यह भी कहा गया है कि जो खिलाड़ी इस नियम का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। वर्ल्ड कप 2023 से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से सभी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलने वालों बल्लेबाज़ों के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। अब पेसर और मीडियम पेसर का सामना करते वक्त बल्लेबाजों को नेकगार्ड यानी गर्दन की सुरक्षा करने वाला गार्ड पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इन बदलावों का असर ऑस्ट्रेलिया के कई अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों पर पड़ेगा जिनमें डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा शामिल हैं। जो वर्तमान में बल्लेबाजी करते समय प्रोटेक्टर नहीं पहनते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए नए नियम के तहत अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सफेद गेंद टीम में से वार्नर, टिम डेविड और जोश इंगलिस ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने बल्लेबाजी के दौरान नेकगार्ड नहीं पहना। फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद सीए ने नेकगार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी, लेकिन कई अनुभवी खिलाड़ी इसके खिलाफ थे। नियमों में यह अपडेट स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के हेलमेट से जुड़े नेकगार्ड पर कैगिसो रबाडा के बाउंसर द्वारा चोट लगने के ठीक एक हफ्ते बाद आया है नेकगार्ड पहनने का नियम धीमी या स्पिन गेंदबाजी का सामना करने वाले बल्लेबाजों के साथ-साथ विकेटकीपरों और करीबी फील्डर पर लागू नहीं होता है। हालांकि, स्टम्प्स तक खड़े रहने वाले कीपरों और नजदीक क्षेत्ररक्षकों को लंबे समय से हेलमेट पहनना आवश्यक है। इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में अक्टूबर 2022 से नेकगार्ड का नियम लागू है। सीए के क्रिकेट संचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि नेक प्रोटेक्टर्स पर काफी शोध और परीक्षण किया गया है और संचालन संस्था को अब लगा कि इन्हें अनिवार्य करने का यह सही समय है।

# 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ते ही हार्दिक एक अलग गेंदबाज बन जाता है : पारस म्हाम्ब्रे

**कोलंबो,** 14 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप सुपर फोर मैच में श्रीलंका पर भारत की 41 रनों की जीत में हार्दिक पांड्या ने अपने पांच ओवर के स्पैल में आक्रामक प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार शानदार लेंथ से गेंदबाजी की और श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए 140 किमी प्रति घंटे की तेजी का आंकड़ा छू लिया। यह एक चाल थी जो अच्छी तरह से काम कर गई। पहले रवींद्र जड़ेजा ने धनंजय डी सिल्वा को अपना शिकार बनाया। फिर, हार्दिक ने महेश थीक्षाना को पवेलियन का रास्ता दिखाया। ताकि, भारतीय टीम की जीत की राह सुनिश्चित हो सके और एशिया कप फाइनल के लिए टीम इंडिया अपनी जगह पक्की करे।



अब शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच से पहले गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने हार्दिक की प्रशंसा की। म्हाम्ब्रे ने कहा, हार्दिक ने जिस तरह से खुद को तैयार किया है, उससे मैं बहुत खुश हूं। इस पर हमने लंबे समय से काम किया है। हम उसके वर्कलोड का प्रबंधन कर रहे हैं। यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सबसे पहले वह फिट हो और वह हासिल करने में सक्षम हो, जो हम उससे उम्मीद करते हैं। एक बार जब वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाता है।

प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में म्हाम्ब्रे ने आगे कहा, साथ ही, टीम के नजरिए से यह एक विकेट लेने वाला विकल्प है जो हमारे पास हार्दिक के रूप में है।

# बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट में 3,` रन का आंकड़ा पार किया

**लंदन,** 14 सितंबर (एजेंसियां) इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी धमाकेदार बल्लेबाज़ी से एक दिवसीय मैचों में 3,000 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुभवी ऑलराउंडर ने पिछले साल एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया था, लेकिन हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल (आईसीसी) क्रिकेट विश्व कप में अपनी टीम की मदद करने के लिए उन्होंने एकदिवसीय के लिए फिर से वापसी की है।

मैच के दौरान स्टोक्स ने बल्लेबाज़ों की जमकर बखिया उधेड़ी और महज़ 124 गेंदों पर नौ छक्के एवं 15 चौकों की मदद से 182 रन की पारी खेली। वह 146 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से स्ट्राइक कर रहे थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और डेविड मलान 95 गेंदों में 96 रन (12 चौके और एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की और कप्तान जोस बटलर 24 गेंदों में 38 रन (छह चौके और एक छक्का) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। जिससे इंग्लैंड 48.1 ओवर में 368 रन तक पहुंच गया। अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम केवल 39 ओवर में 187 रन पर ढेर हो गई। वोक्स (3/31) और लिविंग्स्टोन (3/16) न्यूजीलैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। टॉपले को दो, कुरेन और मोईन अली को एक-एक विकेट मिला। स्टोक्स को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इंग्लैंड एक मैच बाकी रहते हुए सीरीज में 2-1 से आगे है।



स्टोक्स ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में इंग्लैंड के खिलाड़ी जेसन रॉय (180) के पिछले सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने अब तक 108 वनडे मैचों में 40.50 की औसत से 3,159 रन बनाए हैं। उनके रन 96.36 की स्ट्राइक रेट से आए हैं। उन्होंने 93 पारियों में चार शतक और 22 अर्धशतक बनाए हैं। जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 182 है।

### बेन स्टोक्स अभी भी किसी भी प्रारूप में इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक : नासिर हुसैन

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड पर इंग्लैंड की 181 रन की जीत में बेन स्टोक्स की 124 गेंदों में रिकॉर्ड तोड़ 182 रन की पारी से आश्चर्यचकित हैं और उन्होंने कहा कि यह ऑलराउंडर मेजबान टीम के पास सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। स्टोक्स एक अभूतपूर्व क्रिकेटर हैं, वह वास्तव में हैं। लोगों ने पूछा कि क्या उसे वापस आना चाहिए या नहीं, लेकिन मेरे लिए यह पूरी तरह से बिना सोचे-समझे की बात थी। मैच खत्म होने के बाद हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, सिर्फ इसलिए कि वह गेंदबाजी करने में सक्षम नहीं हो सकता है, फिर भी वह किसी भी प्रारूप में हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है।

हुसैन ने कहा, स्टोक्स ने हमेशा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है और 13-2 पर आने का एक फायदा यह है कि उनके पास इतना अधिक समय था और उन्होंने इसे पूरी तरह से आंका। उन्होंने हमेशा ताकत दिखाई है, खासकर लेग साइड पर। वह हमेशा की तरह शानदार प्रदर्शन कर रहा था और मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड और अन्य टीमों को उससे सीखना होगा।

पिछले साल प्रारूप से संन्यास लेने के बाद वनडे क्रिकेट में स्टोक्स की शानदार वापसी ने श्रीलंका के महान क्रिकेटर कुमार संगकारा को भी प्रभावित किया। स्टोक्स ने नेतृत्व किया ताकि दूसरों को उनके उदाहरण

## सार संक्षेप

### गुंडोगन के गंभीर चोट की संभावना से इनकार

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के मिडफील्डर इल्के गुंडोगन शनिवार को रियल बेटिस की तरफ से खेलने के लिए उपलब्ध होंगे, क्योंकि बुधवार को किए गए परीक्षणों में जर्मनी के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के गंभीर चोट की संभावना से इनकार किया गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुंडोगन, जो इस गर्मी में मैनचेस्टर सिटी से बार्सा में शामिल हुए थे, मंगलवार रात फ्रांस के खिलाफ जर्मनी के दोस्ताना मैच के पहले हाफ में बुरी तरह गिर गए और आंसुओं के साथ मैदान से बाहर चले गए। यह आशंका थी कि उन्हें गंभीर चोट लग सकती है, शुरुआती रिपोर्टों में श्रोणि में संभावित दरार का भी उल्लेख किया गया था, जर्मनी के अंतरिम कोच रूडी वोलर ने कहा था कि संभावना है कि वह कई दिनों तक अनुपस्थित रहेंगे। हालाँकि, हालांकि गुंडोगन को अपनी रीढ़ के आधार के आसपास चोट लगी है, लेकिन वह किसी भी बड़ी चोट से बच गए हैं। बेटिस के घर में शनिवार को होने वाले ला लीगा मैच के लिए बार्सा पहले से ही सेंट्रल डिफेंडर रोनाल्ड अरुजो और मिडफील्डर पेड्री के बिना है। एथलेटिक बिलबाओ के लिए कम सकारात्मक खबर है, इसकी पुष्टि के साथ कि विंगर निको विलियम्स को स्पेन की साइप्रस के खिलाफ घरेलू मैदान पर 6-1 की जीत में हाफटाइम से ठीक पहले ग्रोइन में चोट लग गई थी। चोट लगने से पहले विलियम्स ने गैवी और मिकेल मेरिनो के लिए स्पेन के लिए मैच के पहले दो गोल में मदद की थी। विलियम्स के गुरुवार को आगे के परीक्षण होंगे, लेकिन निश्चित रूप से वह शनिवार को कैडिज़ के घरेलू मैदान पर होने वाले मैच और अगले सप्ताह एलेव्स खेलने के दौरे पर नहीं जा सकेंगे।

### एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में अमेरिका ने बढ़त बरकरार रखी, चीन दूसरे स्थान पर

**मिज़ (स्विट्जरलैंड)।** अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) रैंकिंग में टॉप-5 टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और संयुक्त राज्य अमेरिका जारी नई एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। अमेरिका 834.6 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि एफआईबीए महिला एशिया कप 223 जीतने वाला चीन 687.1 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और कनाडा अगली तीन टीमें हैं। एफआईबीए महिला यूरोबास्केट जीतने के बाद बेल्जियम छठे स्थान पर पहुंच गया, जिससे अब फ्रांस सातवें स्थान पर है। ब्राजील, जिसने एफआईबीए महिला अमेरीकप के फाइनल में एक युवा अमेरिकी टीम को हराया, जापान और सर्बिया से आगे आठवें स्थान पर पहुंच गया। नई अफ्रीकी चैंपियन नाइजीरिया 528.9 अंकों के साथ 11वें स्थान पर है।

# देश

**उवाच** “ पत्रकारों पर प्रतिबंध लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार करने वाला है, लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है और यह निंदनीय भी है, झूठ बोलने के एक सूत्रीय कार्यक्रम के तहत बने सनातन विरोधी आईएनडीआई एलायंस को सच सुनने में डर लगता है:-**धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.6 | 27.8 |
| मुंबई | 31.7 | 25. |
| कोलकाता | 28.5 | 26.7 |
| चेन्नई | 35.9 | 23.5 |

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार, कहा

## ‘पीएम मोदी वही कर रहे हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं-अपमान’ : जयराम रमेश



**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार को यह कहने के कुछ घंटों बाद कि ‘विपक्षी घमंडिया गठबंधन’ ‘सनातन धर्म’ को ‘नष्ट’ करना चाहता है, कांग्रेस ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि वह वही करने के लिए वापस आ गए हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं - अपमान, और उन्होंने भारतीय पार्टियों के प्रति अपने दुर्व्यवहार को दोहराया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ‘प्रधानमंत्री वही करने के लिए वापस आ गए हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं - अपमान। उन्होंने भारत की पार्टियों को तथाकथित ‘घमंडिया’ पार्टियों के रूप में गाली देते हुए दोहराया। कौन बात कर रहा है देखो! वह व्यक्ति जो सरकारी समारोह के अवसर का उपयोग विपक्ष को गाली देने के लिए करता है। उनके स्तर पर उतरकर, कोई भी आसानी से कह सकता है कि वह जीए-एनडीए गठबंधन यानी गौतम अडानी-एनडीए गठबंधन के प्रमुख हैं।’ उनकी टिप्पणी तब आई जब प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि ‘विपक्षी घमंडिया गठबंधन’ सनातन धर्म को ‘नष्ट’ करना चाहता है। चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ‘उन्होंने पहले ही सनातन धर्म पर खुलेआम हमला करना शुरू कर दिया है, जो आने वाले दिनों में धीरे-धीरे बढ़ेगा। हम सनातन धर्म के अनुयायियों को सावधान रहने की जरूरत है।’ उन्होंने कहा कि देश भर के सभी सनातनियों (सनातन धर्म को मानने वाले) और भारत से प्यार करने वाले लोगों को सतर्क रहना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘यह अहंकारी गठबंधन सनातन रीति-रिवाजों और परंपराओं को खत्म करने का संकल्प लेकर आया है। जिस सनातन को गांधीजी जीवन भर मानते थे, जिस सनातन ने उन्हें छुआछूत के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अहंकारी गठबंधन के लोग उस सनातन परंपरा को खत्म करना चाहते हैं।’

प्रधानमंत्री मोदी ने ‘सनातन धर्म’ की अवधारणा को प्रचारित करने के लिए संत रविदास, रानी अहिल्या बाई, रानी लक्ष्मी बाई और स्वामी विवेकानन्द के योगदान पर प्रकाश डाला।

## देश की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की रीढ़ है भारतीय रेलः मुर्मु



भारतीय रेल न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है, युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे रेलवे इको-सिस्टम की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएंः-**द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय रेल न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि देश की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है। भारतीय रेल के वर्ष 2018 बैच के 255 परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय रेल न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे रेलवे इको-सिस्टम की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएं और भारतीय रेल को विश्व में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवा प्रदाता बनाने का प्रयास करें।

राष्ट्रपति ने प्रौद्योगिकी के बढते इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए कहा कि हर रोज लाखों लोगों की आवश्यकताओं और मांगों को पूरा करते हुए हर महीने लाखों टन माल का परिवहन करने वाली भारतीय रेल को प्रौद्योगिकी का यथासंभव सर्वोत्तम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से लोक -केन्द्रित तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली के लिए नए अनुप्रयोगों और प्रणालियों को तैयार करके देश की प्रौद्योगिकीय उन्नति में नये मुकामों का मार्ग प्रशस्त करने में योगदान देने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि रेल यात्री अपनी यात्रा की यादें लंबे समय तक संजो कर रखते हैं इसलिए यात्रियों के साथ ऐसा व्यवहार और उन्हें ऐसी सुविधा मिलनी चाहिए जिससे वे कि वे इन यादों तथा अनुभव को संजो कर रख सकें। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## सैनिकों की शहादत के समय मोदी का सम्मान शर्मनाकः कांग्रेस

**देश के सैनिक शहीद हो रहे थे और भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महिमा मंडन किया जा रहा था**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब देश के सैनिक आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में लोहा लेते हुए शहीद हो रहे थे तो उस समय उनका भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महिमा मंडन किया जा रहा था। कांग्रेस के भूतपूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में कल हुए ऑपरेशन में हमारे तीन जांबाज अधिकारी शहीद हुए हैं। इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर है और आज हमने भी यहां कांग्रेस मुख्यालय में भारत माता के इन वीर सपूतों को मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा ‘जब हमारे साथी देश के लिए अपना बलिदान दे रहे थे, उस समय हमारे प्रधानमंत्री जी अपना महिमामंडन करवा रहे थे। जहां कल श्री मोदी पर फूलों की बरसात हो रही थी, वहीं दूसरी तरफ हमारे जवान गोलियों से छलनी हो रहे थे। मुझे यह सोचकर आश्चर्य होता है कि क्या प्रधानमंत्री और भाजपा के नेताओं को अपने देशभक्त सैनिकों की याद नहीं आई।’

## उत्तर प्रदेश में 17 सितम्बर से चलेगा ‘आयुष्मान भवः अभियान’

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरुआत होगी। इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू होगा। वहीं, 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा। 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें स्वच्छता अभियान होगा। इसके अलावा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरुआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रही है।

### सार संक्षेप

#### हिंदी सिर्फ चार-पांच राज्यों में प्रमुख भाषाः उदयनिधि

चेन्नई। तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने गुरुवार को हिंदी के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को बेतुका बताया और कहा कि यह भाषा देश के केवल चार या पांच राज्यों में ही प्रमुखता से बोली जाती है। केंद्रीय गृह मंत्री के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कि हिंदी देश को एकजुट करने वाली ताकत है और यह क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बना रही है, उदयनिधि स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, ‘मैं केंद्रीय गृह के बयान की कड़ी निंदा करता हूं। मंत्री अमित शाह का दावा है कि हिंदी भारत को एकजुट करने वाली शक्ति है और यह अन्य भाषाओं को सशक्त बना रही है।

#### 12 पूर्व वीसी ने बंगाल के राज्यपाल को भेजा कानूनी नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों के 12 पूर्व कुलपतियों ने गुरुवार को राज्यपाल सी.वी. आनंदा बोस को कानूनी नोटिस भेजा। बोस सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। ये 12 पूर्व कुलपति वे हैं जिनसे राज्यपाल ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इस्तीफा मांगा था, क्योंकि उनकी नियुक्तियां मानदंडों के अनुसार नहीं थीं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि कानूनी नोटिस राज्यपाल को नहीं बल्कि चांसलर को भेजा गया है। उनका तर्क है कि राज्यपाल की टिप्पणी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कानूनी नोटिस में इन 12 कुलपतियों ने मांग की है कि राज्यपाल को अपना बयान वापस लेना चाहिए और अगले 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए या अदालत में मानहानि का मुकदमा का सामना करना होगा। उन्होंने राज्यपाल से प्रत्येक के लिए 5 लाख रुपये के मुआवजे की भी मांग की है।

#### कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी को 7 दिनों में अभिषेक बनर्जी की संपत्ति का ब्योरा देने को कहा

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की संपत्ति का ब्योरा सौंपने को कहा। अदालत ने इसके लिए ईडी को सात दिनों का समय दिया है। जज ने केंद्रीय एजेंसी को 21 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने ईडी को एक कॉर्पोरेट इकाई के अन्य निदेशकों की संपत्ति का विवरण भी देने को कहा है। इस कॉर्पोरेट इकाई का नाम हाल ही में पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए पैसे के मामले की जांच में सामने आया। न्यायमूर्ति सिन्हा ने ईडी को टॉलीवुड अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के नाम के साथ-साथ उनकी संपत्ति के विवरण भी पेश करने का निर्देश दिया, जिनके नाम इस मामले में सामने आए हैं।

## स्थानीय भाषाओं को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी हिन्दीः शाह



**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहां है कि देश की सभी भाषाओं को सशक्त करने से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा और उन्हें विश्वास है कि हिन्दी सभी स्थानीय भाषाओं को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी। श्री शाह ने गुरुवार को यहां हिंदी दिवस के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, हिंदी की किसी भी भारतीय भाषा से न कभी कोई स्पर्धा थी और न ही कभी हो सकती है। हमारी सभी भाषाओं को सशक्त करने से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। मुझे विश्वास है कि हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी।’ उन्होंने कहा कि भारत, विविध भाषाओं का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम ‘हिंदी’ है। हिंदी एक जनतांत्रिक भाषा रही है। इसने अलग-अलग भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ-साथ कई वैश्विक भाषाओं को सम्मान दिया है और उनकी शब्दावलियों, पदों और व्याकरण के नियमों को अपनाया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी भाषा ने स्वतंत्रता आन्दोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकसूत्र में बाँधने का अभूतपूर्व कार्य किया। इसने अनेक भाषाओं और बोलियों में बँटे देश में एकता की भावना स्थापित की। देश में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा के रूप में हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 7 स्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश



**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सात अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने 1 मई को सर्वसम्मति से जस्टिस उमेश चंद्र शर्मा, रेनू अग्रवाल, राम मनोहर नारायण मिश्रा, मयंक कुमार जैन, शिव शंकर प्रसाद, गजेंद्र कुमार और नलिन कुमार श्रीवास्तव के नाम की सिफारिश की। एससी कॉलेजियम ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों से परामर्श किया है, जो प्रक्रिया ज्ञापन के संदर्भ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मामलों से परिचित हैं। इसमें कहा गया है, ‘सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के 26 अक्टूबर 2017 के संकल्प के संदर्भ में भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की समिति ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के निर्णयों का आकलन किया है।’ इसमें कहा गया है कि उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए इन अतिरिक्त न्यायाधीशों की योग्यता और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए परामर्शदाता-न्यायाधीशों की राय और निर्णय मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट सहित रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री की जांच की है। एससी कॉलेजियम ने कहा कि ये सात अतिरिक्त न्यायाधीश मौजूदा रिक्तियों के खिलाफ स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए फिट और उपयुक्त हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए बयान में कहा गया है, ‘उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल इस सिफारिश से सहमत हैं।’

#### इनके नाम की सिफारिश की गई

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने 1 मई को सर्वसम्मति से जस्टिस उमेश चंद्र शर्मा, रेनू अग्रवाल, राम मनोहर नारायण मिश्रा, मयंक कुमार जैन, शिव शंकर प्रसाद, गजेंद्र कुमार और नलिन कुमार श्रीवास्तव के नाम की सिफारिश की

#### न्यायमित्र का सुप्रीम कोर्ट से सवालः दोषियों के एमपी/एमएलए चुनाव लड़ने पर सिर्फ 6 साल का प्रतिबंध क्यों?

नई दिल्ली। न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) और वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक रिपोर्ट में कहा है कि विधायकों की चुनाव लड़ने की अयोग्यता को उनकी रिहाई, सजा पूरी होने के बाद छह साल की अवधि तक ही क्यों सीमित किया जाना चाहिए। दोषी राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने और सांसदों/विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई की मांग करने वाली जनहित याचिका में हंसारिया को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया गया था। कानून के तहत उन सभी मामलों में, जहां राजनेताओं को कारावास की सजा दी गई है, चुनाव लड़ने से अयोग्यता उनकी रिहाई के बाद से केवल छह साल की अवधि तक जारी रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे कोई व्यक्ति रिहाई के छह साल बाद चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो जाता है, भले ही उसे बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों या ड्रग्स से निपटने या आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने या भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए दोषी ठहराया गया हो।

## चिकित्सा के लिए मजबूरी में बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं : नीतीश कुमार



**मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू आदि का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली**

**मुजफ्फरपुर,** 14 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लोगों को चिकित्सा के लिए अब मजबूरी में बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच परिसर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में बुद्धा ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू आदि का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि यहां बहुत अच्छा काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में इलाजरत सुनीता देवी को बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपए की सहायता राशि भी दी। मुख्यमंत्री ने अनुसंधान केंद्र में नर्सिंग छात्रावास का शिलान्यास किया एवं विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर भर्ती मरीजों को हर प्रकार की सुविधा मिले, चिकित्सकों एवं अस्पतालकर्मियों के आवासन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर में निर्माणाधीन सेंटर फॉर कैंसर एपिडिमियोलॉजी यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य प्रत्यय अमृत ने निर्माणाधीन एपिडिमियोलॉजी यूनिट की उपयोगिता एवं मरीजों को दी जानेवाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधा के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस कैंसर एपिडिमियोलॉजी यूनिट को बंकरनुमा बनाया जा रहा है जिसकी दीवारें काफी मोटी है ताकि कैंसर पीड़ित मरीजों को दी जानेवाली थेरेपी का दुष्प्रभाव बाहर न पड़े।

## उन्माद और ईडी, सीबीआई भाजपा के राजनीतिक अस्त्र : जदयू



**इंडिया गठबंधन के बढ़ते जनाधार से घबरायी भाजपा अब उन्माद फैलाने और इडी सीबीआई के खुलेआम दुरुपयोग पर उतर आई :-राजीव रंजन**

**पटना,** 14 सितम्बर (देशबन्धु)। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने आज कहा है कि इंडिया गठबंधन के बढ़ते जनाधार से घबरायी भाजपा अब उन्माद फैलाने और इडी सीबीआई के खुलेआम दुरुपयोग पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि हकीकत में यह दोनों ही अब भाजपा अब भाजपा के राजनीतिक हथियार बन चुके हैं, जिनका प्रयोग यह मौका देख कर करते रहते हैं। गौर करें तो देश के किसी भी हिस्से में जहां भाजपा कमजोर होती है वहां सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की घटनायें जरुर होती है। बाद में उसके तार भाजपा या उसके समर्थक दलों से भी जरुर जुड़ जाते हैं। इसी तरह जो नेता इनके खिलाफ खड़ा होता है उस पर जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर दर्जनों केस लाद दिए जाते हैं। इनका स्पष्ट संदेश है कि जनता हो या नेता, जो भी इनके खिलाफ रहेगा उसका जीवन यह लोग बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का पूरा तंत्र आज आग और दाग लगाने की नीति पर काम कर रहा है। केंद्रीय एजेंसियां इनकी एजेंट बनी हुई है। भाजपा पहले जांच एजेंसियों के द्वारा अन्य पाटीर्यों के नेताओं के दामन पर भ्रष्टाचार या अन्य अपराधों के दाग लगवा कर उन्हें अपने पाले में आने को मजबूर करती है और जैसे ही वह नेता भाजपा में शामिल होता है,जांच एजेंसियां उन्हें क्लीन चिट के पाउडर से साफ कर देती हैं। बाद में नमो मन्त्र का जाप उन्हें राष्ट्रवादी भी बना देता है।

#### हम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ने थामा जदयू का दामन

जदयू मुख्यालय में मिलन समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री रत्नेश सदा की उपस्थिति में हम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ने कपिलदेव मांझी के नेतृत्व में नवादा जिले के सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम का संचालन मुख्यालय प्रभारी रणविजय कुमार ने किया एवं कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हेमराज राम, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह एवं प्रदेश महासचिव सतोष कुशवाहा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रत्नेश सदा ने कहा कि गरीब विरोधी भाजपा के गोद में बैठकर जीतन राम मांझी ने समाज को छलने का काम किया है। उनके इस कदम से समूचा मुशहर समाज खुद को अपमानित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री के पद पर पहुंचाया जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें जूता खोलकर अपने कमरे में प्रवेश करने की अनुमति दी थी।

### संदेश — *भारत चीन को देगा संदेश, हम नहीं किसी से कम*

## चीन की ‘धमकियों’ को दरकिनार कर भारत लद्दाख में खोलेगा नए एयरफील्ड

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 14 सितम्बर (देशबन्धु)। ऐसे में जबकि लद्दाख फ्रंटियर पर दोनों मुल्कों की सेनाएं आमने-सामने हैं और भारतीय तैयारियों पर चीन त्यौरियां चढ़ा रहा है, ऐसे में भारतीय वायुसेना ने चीन की ‘धमकियों’ को दरकिनार करते हुए सीमा से सटे हुए कई और नए एयरफिल्ड खोलने का फैसला लिया है। पिछले 1 सालों में उसने कई एयरफील्ड को खोल कर चीन को यह संदेश दिया था कि ‘हम किसी से कम नहीं हैं’।**



इतना जरूर था कि दौलत बेग ओल्डी एयरफील्ड को खोलने के बाद से ही चीन की सीमा पर हाई अलर्ट इसलिए जारी किया गया था क्योंकि चीन इस हवाई पट्टी के खुलने के बाद से ही नाराज चल रहा है और इस इलाके को दुबुर्क से मिलाने वाली सड़क के रास्ते में उसकी ताजा घुसपैठ उसकी नाराजगी को दर्शाती है। जबकि न्योमा एयरफील्ड का नींव पत्थर रखे जाने के बाद चीनी सेना के तेवरों को देखते हुए लद्दाख सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है।

लद्दाख सेक्टर में 646 किमी लंबी सीमा पर चीन की ओर से लगातार बढ़ रहे सैन्य दबाव के बीच भारत ने वर्ष 2008 की 31 मई को लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा से महज 23 किलोमीटर दूर अपनी एक और हवाई पट्टी खोली थी। इससे पहले वर्ष 2009 में मई तथा नवम्बर महीने में उसने दो अन्य हवाई पट्टियों को खोल कर चीन को चिढ़ाया जरूर था।

लद्दाख में वायु सेना ने 2013 में तीसरी हवाई पट्टी चालू की थी। इससे पहले दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) और फुकचे में वायु सेना ने अपनी हवाई पट्टी चालू की थी। डीबीओ की हवाई पट्टी कराकोरम रेंज में चीन सीमा से महज आठ किलोमीटर के भीतर है तथा फुकचे की हवाई पट्टी चुशूल के पास है।

वायु सेना ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया था जब लद्दाख में पहले चीनी हेलीकाप्टर के अतिक्रमण की घटना सामने आई थी और इसके बाद इसी क्षेत्र के चुमर इलाके में चीन के सैनिक डेढ़ किमी भीतर तक घुस आए थे। वायु सेना की नियोमा हवाई पट्टी लेह जिले में है जिसे अब एयरफील्ड में बदला जाना है और यहां से दूरदराज की चौकियों तक रसद पहुंचाई जा रही है। इसको खोलने के पीछे पर्यटन को भी बढ़ावा देना था। इससे पहले की हवाई पट्टियां कराकोरम दर्रे और मध्य लद्दाख के फुकचे में खोली जा चुकी हैं। वायु सेना के सूत्रों ने कहा कि नियोमा हवाई पट्टी का उपयोग पर्यटन और सैन्य दोनों ही उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। दरअसल 13300 फुट की ऊंचाई पर स्थित नियोमा का एयरफील्ड सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। यह स्थान मनाली ओर लेह से सड़क मार्ग से जुड़ा है और सुरक्षा तैनाती के हिसाब से भी यह केंद्र में है। दौलत बेग ओल्डी हवाई पट्टी को 44 साल बाद वर्ष 31 मई 2008 को चालू किया गया था। उस समय पश्चिमी कमान के तत्कालीन प्रमुख एयरमार्शल बारबोरा एएन-32 विमान से वहां उतरे थे। तीसरी हवाई पट्टी खोले जाने से ठीक पहले तत्कालीन वायु सेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल पीवी नाईक खुद लेह के दौरे पर गए थे। उन्होंने सियाचीन के बेस कैम्प का भी दौरा किया था।

इतना जरूर था कि लद्दाख में इस एयरफील्ड को खोले जाने तथा नए एयरफील्ड खोले जाने की घोषणाओं के बाद से चीन की त्यौरियां चढ़ी हुई हैं। हालांकि पहले इसे खोलने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था लेकिन बाद में चीनी सेना की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर इसकी जबरदस्त जरूरत महसूस की गई थी।

# भूपेश सरकार ने गरीब महिलाओं को सहायता देने शासकीय योजनाओं की शुरुआत-महापौर

**बिलासपुर**,14 सितंबर ( देशबन्धु) । मितानिन बहनों द्वारा शासकीय योजनाओं के समुदाय आधारित प्रभाव के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर श्री रामशरण यादव , सभापति श्री शेख नजीरुद्दीन शामिल हुए. इस दौरान वार्ड 29 के पार्षद शेख असलम ,वार्ड 25 पार्षद रामाशंकर बघेल उपस्थित थे.

कार्यक्रम में मितानिन बहनों द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं व बच्चों के संबंध में चर्चा की गई. जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण के लिए चलाए जा रही योजनाएं, मुख्यमंत्री सुपोषण त्योहार के तहत गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन, बच्चों को रेडी टू ईट दलिया व स्कूलों में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन , स्वच्छ जल, महिला उत्पीड़न के संबंध में नव बिहान के तहत काउंसिल आदि के तहत प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग को प्रेषित करने के पश्चात निराकरण हुआ. महिलाओं की समस्यायों से भी अतिथियों को अवगत कराया गया । महापौर श्री रामशरण यादव जी कहा कि मितानिन आशा बहनों की शुरुआत कांग्रेस सरकार ने सर्वप्रथम प्रारंभ की ताकि गरीब महिलाओं को स्वास्थ्य व



प्रसव संबंधित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर वर्ग का ध्यान रखा है. शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत सभी को निःशुल्क उनके घर के पास इलाज व दवाईयां मिल रही है।सभी जांच निशुल्क किया जा रहा है. गरीब बच्चों के लिए आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल उनके सुनहरा भविष्य गढ़ने का काम कर रहा है. मितानिन , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के वेतन मान में वृध्दि कर उनका ख्याल रखा है. मितानिन द्वारा बताए गया निराश्रित पेंशन के लिए विधवा, बुजुर्ग, विकलांग व परित्यागता केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक जनगणना नहीं कराए जाने से वंचित हैं। महापौर ने कहा कि आने वाले समय में मितानिन के मीटिंग हेतु भवन उपलब्ध कराया जाएगा. सभापति श्री शेख नजरुद्दीन जी ने सभी मितानिन बहनों की तारीफ करते हुए नारा लगवाया ,आंधी नहीं चिंगारी है छत्तीसगढ़ की नारी है. महिला के गर्भ धारण से लेकर प्रसव तक मितानिन बहने संस्थागत प्रसव करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है. 15 साल बाद कांग्रेस की सरकार में मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया. हमारी भूपेश सरकार सभी के परिवार का ध्यान रखती है व कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करती. उन्होंने सरकार की योजनाओ की सही जानकारी व लाभ देने की बात मितानिनो से कहीं. मुख्यमंत्री जी ने उच्च गुणवत्ता वाले रेडी टू ईट व सुपोषण त्योहार से कुपोषित बच्चों को सुपोषित किया जा रहा है. कौशल्या मातृत्व वंदना के तहत दुसरी पुत्री के जन्म पर आर्थिक लाभ,बिजली बिल हाफ, मुख्यमंत्री निर्धन कन्यादान की राशी बड़ा कर 50000 कर दी गई है. किसी प्रकार के भ्रम में न आने व सभी को आपसी भाईचारा कायम रहने की सलाह दी. कार्यक्रम में मितानिन समन्वयक संजू बेगम, प्रशिक्षिका शिल्पा पाण्डेय,दुर्गेश उईके, मितानिन बहने ममता, सुनिता, ज्योति, अंजना, पुष्पा, आरती , अमरीका यादव और शहर की सभी मितानिने उपस्थित रहे।

# हिंदी प्रेरणा और संस्कार की भाषा है-कलेक्टर

## डीपी विप्र महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं हिंदी दिवस तथा पत्रकारों का सम्मान समारोह

**बिलासपुर**, 14 सितंबर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में हिंदी एवं आई.क्यू.ए.सी. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी के विकास में जनसंचार माध्यमों की भूमिका पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर पत्रकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। माँ वीणापांणि छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर कार्यक्रम का शुरूवात किया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मठ पत्रकारों का सम्मान महाविद्यालय के द्वारा साल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव कुमार झा जिलाधीश (भा.प्र.से.) जिला बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि मनीष श्रीवास्तव कुलसचिव, गु.घा.दा.वि.वि. बिलासपुर, डॉ. अंकुर शुक्ला सी.ई.ओ.-एग्जॉनबोट सर्विस वी.वी.आई.पी. समूह, नई दिल्ली, अजय अग्रवाल जिला पंचायत सी.ई.ओ., अध्यक्षता अनुराग शुक्ला, प्रशासन समिति एवं प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला डी.पी. विप्र महाविद्यालय थे। संजीव कुमार झा ने हिंदी दिवस एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार पोला की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी प्रेरणा और संस्कार की भाषा है। हिंदी कल-कल बहती हुई जान्हवी है, जो विभिन्न भाषाओं के शब्दों को स्वयं में आत्मसात किए हुए हैं। हिंदी की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। मनीष श्रीवास्तव ने हिंदी दिवस की बधाई देते हुए हिंदी की गौरवमयी संस्कृति से परिचित कराते हुए कहा कि हिंदी भाषा और संस्कृति एक दूसरे पूरक और परिचायक है। माँ, मातृभाषा का कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है। हिंदी की विकासक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले साहित्यकारों को याद करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान को एक सूत्र में जोड़ने की शक्ति अगर किसी भाषा में है तो वो हिंदी ही है। हिंदी हमारी विरासत और हमारी ताकत है। डॉ. अंकुर शुक्ला ने हिंदी को प्रबंधन सिखाने वाली भाषा बतलायी। भाषा समय की ही तरह अनवरत है और बदलता ही रहता है किन्तु हिंदी कालजयी और अनश्वर है। प्राचार्य (श्रीमती) डॉ. अंजू शुक्ला ने अपने वक्तव्य में अतिथियों को महाविद्यालय के शून्य से शिखर की यात्रा से परिचय कराते हुए महाविद्यालय की संघर्षपूर्ण एवं गरिमामयी प्रगति से परिचय कराया तथा महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य पं. रामनारायण शुक्ल के महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। हिंदी के विकास में पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए संचार के विभिन्न माध्यमों प्रिंट मिडिया, इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकारों के योगदान की प्रशंसा की। अनुराग शुक्ला ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में उपस्थिति अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दी।आज के इस कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया एवम इलेक्ट्रानिक मीडिया के पतकारों को सम्मानित किया गया है कार्यक्रम के शुरूआत मनीष मिश्रा छात्रसंघ, सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने जिलाधीश द्वारा चलाये जा रहे मतदान जागरूकता कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय के एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के योगदान से चलाये जा रहे मशाल रैली तथा मतदाता जागरूकता रैली से अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं शत् प्रतिशत मतदान के लिए आह्वान किया।



# रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष को ट्रेनें नियमित करने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सौपा ज्ञापन

## जल्द बहाल करने रखी मांग

**बिलासपुर**, 14 सिंतबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी गुरुवार को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा से मिले और यात्री ट्रेनों के रद्द करने पर अपना विरोध जताया। उन्होंने बोर्ड के चेयरमैन से ट्रेनों को जल्द बहाल करने की मांग की।



रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते हुए केसरवानी ने कहा है कि पिछले तीन वर्षो से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह ठप्प हो चुकी है। यात्री ट्रेनों को बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेको बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेल्वे की इस मनमानी से परेशान होते है। त्योहारों में, छुट्टियों में, शादी व्याह में आने जाने वालों को अपनी यात्रा निरस्त करना पड़ता है। रेल्वे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण ट्रैक मेंटेनेन्स बताया जाता है। जबकि उन्ही ट्रेको में यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छात्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया। रेल्वे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन मे लगातार कोताही बरती जा रही उससे स्पष्ट हो रहा की रेल्वे यात्री सुविधाओं की उपेक्षा और मालगाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है और यह जानबूझ कर किया जाने वाला षड़यंत्र है। ताकि जनमानस मे रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथो विशेषकर अडानी समूह को सौप सके। रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है। आजादी के पहले और बाद मे भी सभी सरकारों नें घाटा उठा कर भी जनहित मे रेल्वे का संचालन जारी रखा। रेल्वे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है, कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करे, साथ ही यात्री सुविधो विकलांग बुजुर्ग रिटायर्ड सैनिको छात्रों, बच्चो को पूर्व मे मिलने वाली रियायते बहाल की जाय तथा रेल्वे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल विराम लगे।

**NECC**

| 15.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 5.20 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

# कफ सीरप के साथ महिला सहित चार गिरफ्तार

**बिलासपुर** , 14 सिंतबर (देशबन्धु)। नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक महिला एवं तीन व्यक्ति शोभा विहार के पास सांस्कृतिक मंच एवं योगा केन्द्र के सामने अवैध रूप से प्रतिबंधित कफ सिरफ रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है । कि सूचना पर सूचनास्थल पहुंचकर घेराबंदी उक्त व्यक्तियो को पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम 1. श्रीमती स्नेहा गोयल पति राम गोयल उम्र 23 साल साकिन हेमूनगर शोभा विहार थाना तोरवा 2. पुष्पेन्द्र निर्मलकर पिता ओमप्रकाश निर्मलकर उम्र 27 साल साकिन ग्राम जर्वे थाना नगरदा जिला सक्ती 3. अमर जांगडे पिता संतोष जांगडे उम्र 24 साल साकिन जवे थाना नगरदा जिला सक्ती 4. देवा रजक पिता धरम लाल रजक उम्र 28 साल साकिन तोरवा दाउबाबा मंदिर के पास थाना तोरवा बताया जिसके कब्जे से 145 नग कोप फ्री कफ सिरफ एवं 30 नग मेक्सकफ कफ सिरफ और अर्टिगा कार जप्त किया गया है आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188